

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- विपक्षी घुसपैठिया, मोदी बना रहे औद्योगिक कॉरिडोर - 12



कंपनियों के तिमाही नतीजे बदलेंगे बाजार की चाल, ईएफआई गतिविधियों पर निवेशकों की नजर - 12



पाकिस्तान : 27वें संविधान संशोधन के विरुद्ध देशव्यापी प्रदर्शन का एलान - 13





लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच बन सकते हैं अभय शर्मा - 14


आज का मौसम

27.0° अधिकतम तापमान

13.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.24 | सूर्यास्त 05.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष षष्ठी 12:08 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 10 नवंबर 2025, वर्ष 4, अंक 87, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## आकाश ने लगातार आठ छक्के जड़कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

● 11 गेंदों में लगाया अर्धशतक



**सूरत।** मेघालय के आकाश कुमार चौधरी रविवार को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार आठ छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यहां अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में केवल 11 गेंदों पर इस प्रारूप का सबसे तेज अर्धशतक भी जड़ा।

चौधरी ने सीके पीठावाला मैदान पर मैच के दूसरे दिन आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह शानदार उपलब्धि हासिल की। वह 11 गेंदों पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे मेघालय ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 628 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। आकाश ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का लीसेस्टरशर के वेन व्हाइट के पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में एसेक्स के खिलाफ 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।

# कांग्रेस और राजद का पाप था बिहार में जंगलराज : योगी

सुपौल/मधुबनी, एजेंसी

● बिहार चुनाव प्रचार के आखिरी दिन चार जनसभाओं में विपक्ष पर गरजे मुख्यमंत्री योगी

● कहा- परिवारवादी व्यवस्था ने राज्य में जातियों को लड़ाकर किया अराजकता का तांडव

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार में चुनावी प्रचार के आखिरी दिन विपक्ष पर हमला तेज करते हुए कहा कि परिवारवादी व्यवस्था ने बिहार में जातियों को आपस में लड़ाकर अराजकता और गुंडागर्दी का तांडव किया। बिहार में जंगलराज कांग्रेस और राजद का पाप था। योगी ने लोगों को आगाह किया कि बड़ी-बड़ी घोषणाओं के साथ महागठबंधन सिर्फ धोखा देने आया है। विकास, गरीब कल्याण व आस्था का सम्मान इनके एजेंडे में नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अररिया के सिकटी, नरपतगंज, सुपौल के छातापुर और मधुबनी के बिस्फी में रैलियां कर एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगे। योगी ने कहा कि बिहार की जनता 14 नवंबर को फिर एनडीए की सरकार बनाएगी। योगी ने कहा कि गौरवशाली अतीत के धनी बिहार के सामने संकट खड़ा करने वाले ही असली अपराधी हैं। जिन्होंने बिहार में जंगलराज का पाप किया, उन्हें जनता पहचान चुकी है। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर आरोप लगाया कि इन दलों ने सत्ता में रहते हुए बिहार को अराजकता, जातीय वैमनस्य और लूट-खसोट की आग में झोंक दिया। बोले कि कलंकित और काले अतीत वाले लोगों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह वही लोग हैं, जिन्होंने विकास को जंगलराज में बदलने का पाप किया।



बिहार के नरपतगंज में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### मधुबनी नहीं बनेगा घुसपैठियों का लांचिंग पैड

मधुबनी की आखिरी सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संवेदनशील जिले को घुसपैठियों का लांचिंग पैड नहीं बनने देना है। उन्होंने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक धरोहर मधुबनी पेंटिंग और यहां की परंपराओं का सम्मान एनडीए ही कर रहा है। यूपी की तरह बिहार में भी माफिया पर बुलडोजर चलाने का समय आ गया है। उत्तर प्रदेश में अब न दंगा है, न कर्फ्यू सब चंगा है। बिहार में भी वही व्यवस्था कायम करनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में फिर से जंगलराज लाने की कोशिश करने वालों को रोकना जरूरी है। पंचर बनाने वाले विकास को पंचर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस बिहार ने दुनिया को नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञानकेंद्र दिए, उसी बिहार को कांग्रेस-राजद की जोड़ी ने निरक्षरता और माफियागीरी की ओर धकेला। एनडीए सरकार ने बिहार को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त किया है, अब यह राज्य आईएएस, आईपीएस, उद्यमी और स्टार्टअप का केंद्र बन रहा है। योगी ने कहा कि राजद के शासन में 30 हजार से अधिक अपहरण हुए, व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, बेटियां कोई सुरक्षित नहीं था।

## ब्रीफ न्यूज

### मुझे जान का खतरा है, दुश्मन मुझे मरवा सकते हैं : तेज प्रताप

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने रविवार को दावा किया कि उन्हें जान का खतरा है और उनके दुश्मन उन्हें मरवा भी सकते हैं। राजद से निष्कासन के बाद हाल ही में अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनाने वाले तेज प्रताप इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव में महुआ सीट से उम्मीदवार हैं। पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा, मेरी सुरक्षा बढ़ा दी गई है, मुझे खतरा है। मेरे दुश्मन मुझे मरवा भी सकते हैं। अब तो हर कोई दुश्मन जैसा लगता है।

### जापान में शक्तिशाली भूकंप आया, सुनामी की चेतावनी जारी

**तोक्यो।** उत्तरी जापान के तट पर रविवार को शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी। जेएमए ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई और भूकंप का केंद्र इवाते प्रांत के तट पर समुद्र की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में स्थित दोनों परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के किसी तरह के नुकसान या किसी असामान्य घटना की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है।

# रिसिन जहर से बड़े आतंकी हमले की साजिश का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## चीन से एमबीबीएस करने के बाद आईएस से जुड़ा डॉक्टर, दो आतंकी यूपी के रहने वाले

● गुजरात एटीएस ने की बड़ी कार्रवाई, लखनऊ दिल्ली और अहमदाबाद में की थी रेकी

● गिरफ्तार आतंकियों में एक राजस्थान का रहने वाला, पाकिस्तान व अफगानिस्तान से जुड़े तार

अहमदाबाद, एजेंसी



डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद



आज़ाद सुलेमान शेख



मोहम्मद सुहैल



आतंकियों से बरामद हथियार।

गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने चीन से एमबीबीएस की डिग्री करने वाले एक डॉक्टर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक संदिग्ध आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। सभी आईएसआईएस संगठन से जुड़े हैं। आरोपी डॉक्टर अत्यधिक घातक रासायनिक जहर रिसिन तैयार कर रहा था और उसका आका इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) से जुड़ा हुआ है, जिसके तार पाकिस्तान से जुड़े हैं।

एटीएस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में एक डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद और आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम के रूप में हुई है और उन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद में कई संवेदनशील स्थानों की रेकी की थी। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया, डॉ. सैयद उच्च शिक्षित व कट्टरपंथी है, उसने बड़ी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश के तहत धन इकट्ठा करने और लोगों की भर्ती करने की योजना बनाई थी। आरोपियों ने यह भी खुलासा किया है कि उनका आका ड्रोन के जरिए हथियारों की खेप पाकिस्तान से भेजता है। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की एक टीम ने 7 नवंबर को गांधीनगर के अडालज के निकट तेलंगाना के हैदराबाद निवासी डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद को गिरफ्तार किया, जिसके पास दो ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 कारतूस और अरंडी का चार लीटर तेल बरामद किया गया।

### रिसिन एक रासायनिक जहर

जोशी ने बताया कि डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद ने जरूरी शोध शुरू कर दिया था, उपकरण और कच्चा माल जुटा लिया था और शुरुआती रासायनिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। रिसिन एक रासायनिक जहर है और इसे अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जा सकता है। जोशी ने कहा कि सैयद, शेख व सलीम हथियारों का आदान-प्रदान करने के लिए गुजरात में थे और उन्होंने एक शक्तिशाली जहर 'रिसिन' से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची थी। उसने गांधीनगर जिले के कलोल में एक सुनसान जगह से हथियार एकत्र किए थे।

### शेख लखीमपुर, सुहैल शामली का

अधिकारी ने बताया कि अन्य आरोपी आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम, दोनों उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी और शामली जिले के रहने वाले हैं, जिन्हें बनासकांठा जिले से गिरफ्तार किया गया। दोनों ने राजस्थान के हनुमानगढ़ से हथियार हासिल किए थे और उन्हें सैयद को दिया था। एटीएस ने उनके कब्जे से तीन फोन और दो लैपटॉप भी जब्त किए हैं। सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) और आरोपियों से पूछताछ से पता चला है कि वे पिछले एक साल से संवेदनशील स्थानों की टोह ले रहे थे।

### एटीएस कर रही कई राज्यों में जांच

अधिकारी ने कहा कि सभी आईएसकेपी से जुड़े हैं या नहीं, यह जांच का विषय है। गुजरात एटीएस भी विभिन्न राज्यों में मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि एटीएस केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय करके अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करेगी। अधिकारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अदालत ने सैयद को 17 नवंबर तक एटीएस की हिरासत में भेजा है, जबकि दो अन्य को रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

# उत्तराखंड में विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनने की सामर्थ्य : मोदी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

● प्रधानमंत्री ने राज्य के रजत जयंती समारोह को किया संबोधित, 8260 करोड़ की परियोजनाएं सौंपी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, उत्तराखंड अगर ठान ले तो अगले कुछ ही वर्षों में खुद को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर स्थापित कर सकता है। यहां के पवित्र मंदिर, आश्रम, योग को ग्लोबल नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है। यहां हर विधानसभा क्षेत्र में योग केंद्र विकसित किए जाने की जरूरत है। इसी तरह वाइब्रेंट विलेज को छोटे-छोटे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। उत्तराखंड ने बीते 25 वर्षों में विकास की लंबी यात्रा तय की है और अब राज्य को अगले 25 वर्ष की योजनाओं की रूपरेखा तैयार करनी है।

उत्तराखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर रविवार को देहरादून के एफआरआई परिसर में आयोजित रजत जयंती मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने 8260 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही, एक स्मारक डाक टिकट और काफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। मोदी ने इस दौरान 28 हजार से अधिक किसानों के खातों में 62 करोड़ रुपये की राशि भी डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की। प्रधानमंत्री ने राज्य की पिछले 25 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अगले 25 वर्षों के लिए रोडमैप के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वर्ष 2047 के उत्तराखंड के लिए रास्ता तय करते हुए बिना इंतजार आगे बढ़ने की अपील की। संबोधन की शुरुआत में गढ़वाली और कुमाऊंनी में प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि 9 नवंबर का दिन उत्तराखंडवासियों की लंबी तपस्या का फल है।



मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते सीएम धामी।

# 7 अधिकारियों पर गिरी गाज, 4 बर्खास्त, 3 की पेंशन में कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● योगी सरकार ने समाज कल्याण विभाग के लंबित भ्रष्टाचार मामलों में की बड़ी कार्रवाई

● समाज कल्याण मंत्री ने कुल 27 करोड़ से अधिक की रिकवरी के भी दिए आदेश

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत समाज कल्याण विभाग में लंबे समय से लंबित भ्रष्टाचार मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने जांच में दोषी पाए गए सात अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाते हुए चार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जबकि तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में कटौती का आदेश दिया है। इन अधिकारियों से कुल 27 करोड़ रुपये से अधिक की रिकवरी के आदेश भी दिए हैं।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विभागीय समीक्षा के दौरान पाया कि कई भ्रष्टाचार के मामले वर्षों से लंबित पड़े हैं। इसके बाद संबंधित जांच रिपोर्टों को तलब कर साक्ष्यों की पुष्टि के आधार पर मंत्री ने श्रावस्ती की तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव, मथुरा के करुणेश त्रिपाठी, हापुड़ के संजय कुमार व्यास और शाहजहांपुर के राजेश कुमार को बर्खास्त किया गया है। इन सभी पर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं में करोड़ों की अनियमितताओं के आरोप सिद्ध हुए। मथुरा के करुणेश त्रिपाठी से 19.25 करोड़ रुपये, हापुड़ के संजय व्यास से 3.30 करोड़ रुपये, और शाहजहांपुर के राजेश कुमार से 2.52 करोड़ रुपये की रिकवरी के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं सेवानिवृत्त अधिकारियों में औरैया के श्रीभगवान की पेंशन से 10 प्रतिशत कटौती, मथुरा के विनोद शंकर तिवारी से 1.96 करोड़ रुपये रिकवरी, और उमाशंकर शर्मा की पेंशन से 50 प्रतिशत कटौती का आदेश हुआ है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य लंबित प्रकरणों में भी निर्णय लिया जा सकता है। इस कार्रवाई ने विभाग के अंदर हलचल मचा दी है।

विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई एक सख्त संदेश है कि योजनाओं में गड़बड़ी करने वाले अब नहीं बच पाएंगे। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है। छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### इन पर हुई कार्रवाई

- श्रावस्ती मीना श्रीवास्तव सेवा से बर्खास्त
- मथुरा करुणेश त्रिपाठी सेवा से बर्खास्त 19.25 करोड़ रुपये रिकवरी
- हापुड़ संजय कुमार व्यास सेवा से बर्खास्त 3.30 करोड़ रुपये रिकवरी
- शाहजहांपुर राजेश कुमार सेवा से बर्खास्त 2.52 करोड़ रुपये रिकवरी
- औरैया श्रीभगवान (सेवानिवृत्त) पेंशन कटौती 10 प्रतिशत कटौती
- मथुरा विनोद शंकर तिवारी (सेवानिवृत्त) रिकवरी आदेश 1.96 करोड़ रुपये
- उमाशंकर शर्मा (सेवानिवृत्त) पेंशन कटौती 50 प्रतिशत कटौती

## दूसरे चरण के चुनावी प्रचार पर लगा विराम, कल 122 सीटों पर मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए रविवार शाम प्रचार समाप्त हो गया, जिसके साथ ही राज्य में सत्ता की जंग के लिए प्रतिद्वंद्वियों के बीच लगभग एक महीने तक चले तीखे शब्दबाण और नर्वस मुकाबले पर विराम लग गया। पहले चरण का मतदान छह नवम्बर को हुआ था, जिसमें रिकॉर्ड 65 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। दूसरे चरण के लिए मतदान 11 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। इस चरण में 122 सीटों पर मतदान होगा, जबकि पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले गए थे।

**14 को होगी मतगणना**



# पिता की पिस्तौल से सहपाठी को मारी गोली

गुरुग्राम, एजेंसी

● गोली छात्र की गर्दन में लगी, गुरुग्राम की घटना, दो नाबालिग छात्र गिरफ्तार

● पुलिस ने एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 70 कारतूस और एक खोखा बरामद किया

गुरुग्राम के सेक्टर 48 स्थित एक फ्लैट में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से अपने एक सहपाठी को गोली मार दी। पुलिस के अनुसार, गोली छात्र की गर्दन में लगी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसका एक निजी अस्पताल में इलाज हो रहा है।

इस संबंध में सदर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले में दो नाबालिग छात्रों को पकड़ा गया है। घटनास्थल से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 70 कारतूस और एक खोखा बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई। आरोपी के किराए के फ्लैट में तीन सहपाठी मौजूद थे तभी उनके बीच झगड़ा हुआ जिसके बाद उनमें से एक छात्र ने एक अन्य छात्र को कथित तौर पर गोली मार दी। इस घटना में घायल हुए 17 वर्षीय छात्र की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उसके बेटे के स्कूल के दोस्त ने उसे शनिवार को मिलने के लिए बुलाया था।

### झांसी विवि के सामने प्रेमिका को गोली मार खुद को उड़ाया

**झांसी।** झांसी के नवाबाद थाना क्षेत्र में विश्वविद्यालय के सामने रविवार की दोपहर एक युवक ने अपनी प्रेमिका के सीने में गोली मारने के बाद आत्महत्या कर ली। विश्वविद्यालय की इस छात्रा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण निजी संबंधों को लेकर विवाद बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना से पूर्व दोनों के बीच विवाद होते देखा गया था।

**बदलाव** | बाराबंकी और आगरा के बाद कानपुर की रात प्रदेश में सबसे सर्द रही

# प्रदेश में बढ़ेगी ठंड, सुबह-शाम धुंध और कोहरा रहेगा

● मौसम विभाग का कहना है कि 20 नवंबर के बाद और सर्दी बढ़ेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी में ठंड और बढ़ने वाली है। इस बीच सुबह-शाम धुंध और कोहरा बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट देखी जा रही है। आगामी दिनों में तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। पछुवा हवा भी शाम से रात तक सिहरन बढ़ाएगी।

खासकर तराई और पूर्वांचल क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक सुबह हल्का कोहरा और धुंध के आसार बने रहेंगे। हालांकि बीते दिनों चक्रवात की वजह मौसम में हुए बदलाव के बीच फिलहाल पूरे प्रदेश में साफ धूप खिली दिखी। मौसम विभाग की माने तो दो-तीन दिनों तक ही पूरे राज्य में ऐसा ही मौसम रह सकता है। इससे पहले अचानक तापमान में आई भारी गिरावट का असर शनिवार को भी रहा। दिन में गुनगुनी धूप ने राहत दी तो शाम होते होते सिहरन बढ़ने लगी और रात में ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, एक सप्ताह तक सुबह हल्की धुंध या कोहरा रहेगा तो वहीं दिन में धूप और रातें ठंडी रहेंगी। शनिवार को सबसे ठंडा बाराबंकी रहा जहां न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार की तरह ही कानपुर भी ठंडा रहा जहां न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री दर्ज किया गया। आगरा में 11.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, छह से सात दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट के बाद अब अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है।

आने वाले दिनों में तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। तराई और पूर्वांचल क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक सुबह हल्का कोहरा और धुंध के आसार बने रहेंगे। साथ ही पछुवा हवाएं भी शाम से रात तक सिहरन बढ़ाएंगी। मौसम विभाग के अनुसार 14 नवंबर तक पूरे देश में बादल छट जाएंगे। कहीं भी बारिश की संभावना नहीं रहेगी। उत्तर पश्चिमी हवाएं गति से चलेंगी। तब तक पहाड़ों पर बर्फ की पर्तें भी बढ़ जाएंगी।



### सर्द हुआ उत्तराखंड का मौसम

**नैनीताल।** गुलाबी ठंड के बाद पहाड़ों पर मौसम अब सर्द हो चला है। उच्च पर्वतीय इलाकों में जहां बर्फबारी का असर है तो निचले पर्वतीय इलाकों में मौसम खुशनुमा बना है। उत्तराखंड में नवंबर माह की शुरुआत के साथ ही सुबह और रात के तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। सरोवर नगरी की बात करें तो नैनीताल का मौसम रविवार को सुहावना बना रहा। धूप पूरे दिन रही।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार, 10 नवंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत्त आईएएस जितेंद्र कुमार का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिटायर आईएएस अफसर जितेंद्र कुमार का रविवार को निधन हो गया। यूपी कैडर के 1990 बैच के आईएएस जितेंद्र कुमार इसी वर्ष 30 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। वह कैंसर से पीड़ित थे, हालत बिगड़ने पर शुक्रवार की रात उन्हें पीजीआई में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार की दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसर के निधन पर शोक प्रकट किया है। उनका अंतिम संस्कार भैसाकुंड में किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मुख्य सचिव एसपी गोयल, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त एवं आईआईडीसी दीपक कुमार, प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनिल कुमार, प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा डॉ. हरिओम समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बंद 569 नलकूपों का होगा पुनर्निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जल विभाग द्वारा बड़े स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न जिलों में 6,600 राजकीय नलकूपों के आधुनिकीकरण में 569 असफल राजकीय नलकूपों का कार्य प्रगति पर है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक सुचारू हो सकेगी। संयुक्त सचिव राजीव कुमार वत्स ने रविवार को बजट जारी करने के बाद बताया कि प्रदेश के 30 जिलों के डार्क जोन क्षेत्रों में स्थित 569 असफल राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में स्वच्छ जलापूर्ति योजना के अंतर्गत एक अरब 72 करोड़ 37 लाख 30 हजार रुपये के बजट की अंतिम किश्त जारी कर दी गई है।

### नर्सेस संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय नर्सेस संघ उप्र. के अधिवेशन में रविवार को संघ की नई कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई। शर्ली भण्डारी लगातार दूसरी बार अध्यक्ष और अशोक कुमार 14 वीं बार निर्विरोध महामंत्री बने। इसके अलावा कार्यकारिणी में गीतान्शु वर्मा कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र शुक्ला, सत्येंद्र कुमार, राधा रानी वर्मा, सतीश कुमार त्यागी व पवन मिश्रा को उपाध्यक्ष, राम गोपाल, रमा सिंह, शशि लता वर्मा, सगीर अहमद, कामिनी सिंह को संयुक्त मंत्री एवं विनय कुमार सिंह को आडीटर चुना गया है। बलरामपुर अस्पताल के विज्ञान भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई।

### एसआईआर अभियान में कांग्रेसी भी जुटे

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कांग्रेस ने भी विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) के लिए प्रदेश की 403 विधानसभा क्षेत्रों में 1400 से ज्यादा प्रभारी तैनात किए हैं। हर विधान सभा क्षेत्र में इनकी संख्या तीन से पांच के बीच होगी। वहीं, कांग्रेस का यह भी आरोप है कि एसआईआर के बहाने पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कांग्रेस इस कोशिश में है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम निर्वाचन सूची से न कटे और गलत अपात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। वहीं, कांग्रेस का प्रयास नये मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट में जुड़वाने का है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, मंडल स्तर तक तैयार हुए संगठन को इस काम में जुटा दिया गया है। इसके अलावा हर विधान सभा क्षेत्र के प्रभावी लोगों को उनके निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर का प्रभारी बनाया गया है।

# प्रचार के केंद्र बने 'बुलडोजर बाबा'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिहार में 10 दिन में मुख्यमंत्री योगी ने की 30 सभाएं व एक रोड शो

**अमृत विचार :** बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एनडीए के बेहद लोकप्रिय और सर्वाधिक मांग वाले स्टार प्रचारक साबित हुए हैं। उन्होंने सिर्फ 10 दिनों में 30 रैलियां और एक रोड शो कर भाजपा, जदयू, लोजपा (रा), हम और राष्ट्रीय लोकमोर्चा के 43 प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगे।

योगी आदित्यनाथ ने बिहार में अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत 16 अक्टूबर को की थी। पहले ही दिन से उनका प्रचार अभियान चर्चा का विषय बन गया। दरभंगा में उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में भव्य रोड शो निकाला, जिसमें हजारों



लोगों की भीड़ उमड़ी। जनसभाओं में जगह-जगह लोग छतों, दीवारों और पेड़ों पर चढ़कर 'बुलडोजर बाबा' की झलक पाने को बेताब दिखे। बिहार की धरती पर योगी का करिश्मा इस कदर दिखा कि बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक उनका नाम जपते नजर आए।

### सुशासन बनाम जंगलराज का संदेश

अपनी हर सभा में योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की जीरो टॉलरेंस नीति और सुशासन मॉडल को उदाहरण बनाकर पेश किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हुई है, जबकि विपक्ष ने बिहार को वर्षों तक जंगलराज, अपराध और भ्रष्टाचार में झोंके रखा। योगी ने मंच से लोगों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव पर भरोसा करें। उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत ही बिहार को आगे बढ़ाने की गारंटी है।

# कई जिलों में एसआईआर की चाल सुस्त

## न फील्ड में और न ही ऑनलाइन प्रदर्शन दिखा पा रहे हैं बीएलओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पांच दिन में गणना प्रपत्र को शत-प्रतिशत बांटने का कार्य बना चुनौती

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई जिलों से आ रही विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की 'कछुआ चाल' से मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा नाराज हैं। ऐसा फीडबैक मिल रहा है कि तमाम बीएलओ की गति जहां फील्ड में धीमी है, वहीं एप के एडवांस वर्जन को लेकर भी दिग्भ्रमित हैं। इस स्थिति में पांच दिन में तो गणना-प्रपत्र को शत-प्रतिशत बांटने का कार्य चुनौती बन गया है। बहरहाल, चुनाव आयोग के निर्देश पर अब बूथ लेबल एजेंट ऐसे बीएलओ की मदद कर कार्य को तेज कर रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने खुद राज्य के ऐसे 21 जिले चिन्हित किए हैं, जहां विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की गति अब भी धीमी है। इस क्रम में प्रयागराज, मेरठ, हरदोई, बहराइच, वाराणसी, बलरामपुर, सोनभद्र, गाजीपुर, देवरिया, अमरोहा, जौनपुर, फतेहपुर, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कासगंज, आगरा, उन्नाव, बदायूं, बांदा और हापुड़ में गणना प्रपत्र वितरण में तेजी लाने की हिदायत दी है।



एसआईआर अभियान का सीधे फील्ड से फीडबैक लेने के साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी प्रगति चेक की जा रही है। इस दौरान लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई तय है।

–नवदीप रिणवा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी की यह भी हिदायत है कि जिन मतदाता के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल हैं, उनकी मौजूदा सूची से मिलान का काम अगले दो दिन के भीतर पूरा हो जाना चाहिए। इसी के साथ सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को 15 नवंबर तक गणना प्रपत्र भी शत-प्रतिशत वितरित कराने के निर्देश हैं। कहा गया है कि बीएलओ एप का एडवांस वर्जन-8.7 प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें। जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किया जा रहा है, उनको बीएलओ एप पर मार्क करते रहें, जिससे कि वितरण की प्रगति ऑनलाइन अपडेट हो सके।

# पूर्वी यूपी की उपलब्धि बनेगा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि : मुख्यमंत्री

## जुलाई 2026 से शुरू होगी पढ़ाई, युद्धस्तर पर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था से निर्माण की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और कार्य की गुणवत्ता पर संतोष जताया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जुलाई 2026 के शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ कराने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जाए।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि महात्मा बुद्ध के नाम पर कुशीनगर में बन रहा यह विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश की एक बड़ी उपलब्धि होगा। उन्होंने कहा कि यह कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की समृद्धि और नौजवानों के रोजगार का नया केंद्र बनेगा। डबल इंजन सरकार का यह उपहार पूरे पूर्वांचल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद विजय कुमार दूबे, और स्थानीय विधायक मौजूद रहे।



कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### बौद्ध धर्मगुरु को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बिहार से सीधे कुशीनगर स्थित म्यांमार बौद्ध विहार पहुंचकर बौद्ध धर्मगुरु अग्गमहापंडित भदंत ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने भदंत ज्ञानेश्वर के पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाए और पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। भदंत ज्ञानेश्वर, कुशीनगर बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष और म्यांमार बौद्ध विहार के प्रमुख भी थे। लंबी बीमारी के बाद 31 अक्टूबर को उनका निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार 11 नवंबर को होगा। इस बीच उनका पार्थिव शरीर म्यांमार बौद्ध विहार में रखा गया है, जहां उन्हें श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है।



बौद्ध धर्मगुरु भदंत ज्ञानेश्वर के पार्थिव शरीर को नमन करते मुख्यमंत्री योगी।

**तय समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य :** मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्यदायी संस्था ने अक्टूबर 2026 तक भवन निर्माण पूरा करने का आश्वासन दिया है, लेकिन सरकार चाहती है कि यह कार्य लक्षित समय से पहले पूरा हो जाए। उन्होंने कहा कि जुलाई 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर अगस्त-सितंबर 2026 से नियमित कक्षाएं प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है।

# ग्राम पंचायतों में बनेगा आधार कार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार पंचायत सहायकों को देने जा रही बड़ी जिम्मेदारी
- पंचायती राज विभाग और यूआईडीएआई में होगा एमओयू
- पहले चरण में 2,500 ग्राम पंचायतों में शुरू होगी सेवा

**अमृत विचार :** गांवों में रहने वाले लोगों को अब आधार कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन कराने के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। योगी सरकार ने निर्णय लिया है कि ग्राम पंचायत सचिवालयों में आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए पंचायती राज विभाग को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी गई है।

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि एमओयू प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। एमओयू हस्ताक्षर के बाद तीन माह के भीतर ग्राम पंचायत सचिवालयों में आधार नामांकन केंद्र शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर इस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी पंचायत सहायकों को दी जाएगी। इसके लिए उन्हें विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि डेटा एंट्री और पहचान सत्यापन की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू रहे।

पहले चरण में करीब 2,500 ग्राम पंचायतों में यह सेवा शुरू की जाएगी। इसके बाद इसे चरणबद्ध तरीके से प्रदेश की सभी 57,694 ग्राम पंचायतों तक विस्तारित किया जाएगा। इस व्यवस्था से ग्रामीणों को न सिर्फ आधार कार्ड से संबंधित कार्यों में सुविधा मिलेगी, बल्कि ग्रामीण स्तर पर डिजिटल सेवा केंद्रों का दायरा भी और व्यापक होगा।

अधिकारियों का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिवालयों में आधार सेवा शुरू होने से सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित होगी। ग्रामीणों को अब बैंक, राशन, पेंशन, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से जुड़ी सेवाओं के लिए बार-बार आधार सत्यापन में आने वाली दिक्कतों से भी राहत मिलेगी।

### सात शहरों में 850 किमी विकसित होगा मेट्रो नेटवर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार के विजन डॉक्यूमेंट के अनुसार वर्ष 2047 तक सात शहरों में लगभग 850 किमी मेट्रो नेटवर्क विकसित किया जाना है। इसमें लखनऊ, कानपुर व आगरा में ही 350 किमी से अधिक नेटवर्क का विस्तार किए जाने का लक्ष्य है। राज्य सरकार के इस विजन का प्रेजेंटेशन गुरुग्राम (हरियाणा) में चल रहे अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो के समापन पर रविवार किया गया। बताया गया कि अंतिम दिन गैर-किराया राजस्व के लिए रणनीति विषयक सत्र हुआ। आई-मेट्रो की ओर से जारी की परफॉर्मेंस इंडेक्स में मेट्रो ने टियर-2 शहरों की अन्य मेट्रो प्रणालियों की तुलना में शानदार प्रदर्शन किया है।

# प्रदेश के 23 अपर पुलिस अधीक्षक का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीएसवी कुमार पीएसी और दिनेश पुरी गोरखपुर भेजे गए

**अमृत विचार :** प्रदेश में तैनात 23 अपर पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण किये गये हैं। रविवार को जारी सूची के अनुसार, बीएसवी कुमार को उपसेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, सच्चिदानंद को एएसपी एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ में तैनात किया गया। इसी तरह 112 में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पुरी को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), गोरखपुर के पद पर तैनाती दी गई है।

जारी सूची के अनुसार, डॉ. संजय कुमार को उप सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, सुबोध कुमार गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), हरदोई, नृपेंद्र को अपर पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी, निवेश कटियार को अपर पुलिस अधीक्षक, यूपी 112 में तैनाती दी गई है। इसी तरह अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक में तैनात संतोष कुमार द्वितीय को अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद गोरखपुर भेजा गया था, पर उनका स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। सीताराम को अपर पुलिस अधीक्षक (विधि प्रकोष्ठ) मुख्यालय पुलिस महानिदेशक लखनऊ, सिद्धार्थ वर्मा को कुशीनगर में अपर पुलिस अधीक्षक, सुमित शुक्ला को अपर पुलिस अधीक्षक शामली, ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद को अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) गोरखपुर, अशोक कुमार सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) बहराइच, राजकुमार सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, संतोष कुमार सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) गोरखपुर में तैनात किया गया है।

वहीं जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को अपर पुलिस अधीक्षक सीआईडी, लखनऊ, रामानंद कुशवाहा को अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस, जितेंद्र कुमार प्रथम को अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, चिरंजीव मुखर्जी को अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, श्वेताभ पांडेय को अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) एटा, आलोक कुमार जायसवाल को अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव को अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात), सहारनपुर और डॉ. राकेश कुमार मिश्र को अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) गाजीपुर में तैनात किया गया है।

# जंबूरी में लगेंगे 100 डॉक्टर समेत 310 पैरामेडिकल स्टाफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 50-50 बेड के दो अस्थायी अस्पताल व 15 डिस्पेंसरी में तैनात होंगे 54 विशेषज्ञ

**अमृत विचार :** आगामी स्काउट-गाइड की 19वीं राष्ट्रीय अधिवेशन (जंबूरी 2025) के दौरान प्रतिभागियों और आगंतुकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने बड़ी तैयारी की है। अधिवेशन स्थल पर दो अस्थायी अस्पताल स्थापित किए जाएंगे, जिसमें 54 विशेषज्ञ समेत 100 डॉक्टर और 210 पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। मगर, डॉक्टरों की फौज के एक साथ अवकाश पर जाने से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाओं के प्रभावित होने की संभावना बढ़ गयी है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 50-50 बेड के दो अस्थायी अस्पताल और 15 डिस्पेंसरी में आपातकालीन सेवाएं, सामान्य ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला जांच और एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध रहेगी। विभाग का लक्ष्य अधिवेशन के दौरान किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटना है। इस संबन्ध में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि 23 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जंबूरी कार्यक्रम में देश-विदेश से आने वाले लगभग 40 हजार स्काउट-गाइड सदस्य और अन्य अतिथि शामिल होने की संभावना है। प्रतिभागियों की बड़ी संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

### सरकारी अस्पतालों में प्रभावित होंगी सेवाएं

स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देशानुसार इस तैनाती के चलते 19 से 30 नवंबर तक संबंधित जिलों के अस्पतालों में विशेषज्ञ समेत ड्यूटी पर लगाए गए डॉक्टर अवकाश पर रहेंगे। एक-एक अस्पताल से एक ही विभाग के चार-चार डॉक्टरों के जाने से पूरे 10 दिन सेवाएं प्रभावित होना लाजमी है। नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं मगर, आकस्मिक सेवाएं सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, लखीमपुर, हरदोई और बाराबंकी के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) सहित लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, बाराबंकी और हरदोई के मंडलीय एवं जिला अस्पताल प्रशासकों को पत्र भेजकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के निर्देश दिए हैं। उक्त क्रम में विभिन्न अस्पतालों से कुल नौ फिजिशियन और 13 सर्जन मिले हैं। सबसे ज्यादा सर्जन डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल से चार और बलरामपुर अस्पताल से तीन सर्जन मिले हैं। इसके अलावा लोकबंधु व रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय से एक-एक सर्जन के अलावा विभिन्न जिलों के सीएचसी पर तैनात सर्जन बुलाए गए हैं। इसी प्रकार 11 नेत्र रोग विशेषज्ञों में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी से चार हैं, आर्थोपैडिक विशेषज्ञ 10 मिले हैं, इनमें बलरामपुर व डॉ.श्यामा प्रसाद से दो-दो हैं। इसके अलावा राजधानी समेत विभिन्न जिलों से 11 स्त्रीरोग विशेषज्ञ समेत 46 चिकित्सा अधिकारियों को तैनात किया गया है। इनमें भी इमरजेंसी संभालने के लिए सबसे ज्यादा चिकित्सा अधिकारी लगभग डेढ़ दर्जन लखनऊ से हैं।

चिकित्सकों के अलावा अन्य की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि पांच फिजियोथेरेपिस्ट भेजे जा रहे हैं, सभी राजधानी के विभिन्न अस्पतालों से हैं। इसके अलावा 53 फार्मासिस्ट और 74 स्टाफ नर्सेस की ड्यूटी मरीजों को चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करने के लिए लगायी गयी है।

### उड़ीसा में पीडीए का बीज बोने आए हैं : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उड़ीसा में चुनावी सभा संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पूरे देश में एकरंगी फैसला लेना चाहती है। हमारे पीडीए में जो ए हैं, वह आदिवासी हैं, उनको और अल्पसंख्यकों को लेकर ही पीडीए पूरा होता है। इस सरकार में पिछड़ों का हक और सम्मान नहीं मिल रहा है। हम यहां उड़ीसा में पीडीए का बीज बोने आए हैं। हम आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका हक और सम्मान दिलाएंगे। सपा प्रमुख ने नौपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी रमाकांत हाती के समर्थन में सभा को संबोधित किया।

**सियासत** | विपक्षी दलों के लिए मिशन 27 से पहले रणनीति बदलने का होगा मौका

# नई दिशा दिखाएगा बिहार चुनाव का होमवर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टियां संगठनात्मक बदलाव भी बिहार का फीडबैक लेकर ही करेंगी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों के लिए बिहार चुनाव का होमवर्क राजनीतिक दृष्टि से नयी दिशा दिखाने वाला होगा। वास्तव में बिहार इलेक्शन का रिहर्सल सभी दलों के लिए मिशन 27 से पहले अपनी-अपनी रणनीति में बदलाव करने का होगा। राजनीतिक समीक्षकों का यह भी मानना है कि उत्तर प्रदेश में पार्टियां अब संगठनात्मक बदलाव भी बिहार का फीडबैक लेकर ही करेंगी।

बिहार चुनाव प्रचार के दौरान अलग-अलग दलों की समीक्षा करें तो पाते हैं कि सभी दल वहां के साथ-साथ यूपी के लिए भी संदेश जारी कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दावा किया कि हमने भाजपा को उत्तर प्रदेश के अवध क्षेत्र में हराया, अब बिहार के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे मगध की धरती पर इसे दोहराएं। इस क्रम में उन्होंने यूपी में हमने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की ताकत से बीजेपी को हराया था। बिहार में भी यही ताकत काम करेगी।

वहीं कांग्रेस ने भी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नया राजनीतिक प्रयोग किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने पूर्वांचल क्षेत्र की संगठनात्मक इकाई को बिहार में चुनाव प्रचार और प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने पूर्वांचल के 20 जिलों की इकाइयों को बिहार के विभिन्न जिलों में गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। इसका सीधा संदेश यूपी में गठबंधन सहयोगी सपा प्रमुख अखिलेश देने की कोशिश मानी जा रही है। दरअसल, बिहार में महागठबंधन के समर्थन में उतरकर यूपी कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने की कोशिश में है।

वहीं अगर बसपा की बात की जाए तो बिहार के परिणाम महागठबंधन के दबाव और संगठनात्मक बदलावों की दिशा में बसपा नेत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद की भूमिका को साफ करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं में आकाश आनंद के नेतृत्व को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। एक युवा नेता के रूप में उन पर नई उम्मीदें टिकी हैं, खासकर तब जब बसपा ने उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों में अपनी राजनीतिक जमीन खो दी है। उनकी भूमिका इस चुनाव में उप्र. में भी बसपा की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

# बिहार चुनाव परिणाम के बाद होगी जीबीसी-5

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तैयारियां अंतिम चरण में मुख्यमंत्री योगी करेंगे समीक्षा
- आज पूरी होगी जीबीसी के आयोजन के लिए कंपनी के चयन की प्रक्रिया

**अमृत विचार :** प्रदेश में निवेश की रफ्तार को नई ऊंचाई देने की दिशा में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के पांचवें चरण की तैयारी तेज हो गई है। औद्योगिक विकास विभाग और इन्वेस्ट यूपी जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष विस्तृत प्रगति रिपोर्ट पेश करने जा रहे हैं। इस बार आयोजन को और अधिक प्रभावी और भव्य बनाने पर जोर है।

औद्योगिक विकास विभाग ने आयोजन की जिम्मेदारी तय करने के लिए इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद की अध्यक्षता में छह सदस्यीय चयन समिति का गठन किया है। समिति में इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, वित्त नियंत्रक, महाप्रबंधक (विधि), महाप्रबंधक (निवेश प्रोत्साहन) और महाप्रबंधक (इवेंट) शामिल हैं। यह समिति अंकों के आधार पर कंपनी का चयन करेगी, ताकि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत अनुभवी आयोजक को जिम्मेदारी सौंपी जा सके।

इस बार विभाग का लक्ष्य पहले नवंबर में जीबीसी-5 का आयोजन कराने का था, लेकिन बिहार चुनाव में मुख्यमंत्री की व्यस्तता से अब जंबूरी के बाद ही संभव लग रहा है।

### तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश लक्ष्य हासिल

इन्वेस्ट यूपी और औद्योगिक विकास विभाग ने विभागवार निवेश लक्ष्य की समीक्षा भी तेज कर दी है। कुल 29 विभागों से प्रतिदिन संपर्क कर प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है। अब तक करीब तीन लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं पर सहमति बन चुकी है, जबकि शेष दो लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य को अगले एक सप्ताह में पूरा करने का लक्ष्य है।

### बेंगलुरू में आईटी कंपनियों को दिया प्रस्ताव

विभाग के मुताबिक, निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग जगत से संपर्क बढ़ाया जा रहा है। हाल ही में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने बेंगलुरू में प्रमुख आईटी कंपनियों के साथ बैठक कर उन्हें यूपी में निवेश के प्रस्ताव दिए हैं।

इसकी वजह यह भी है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार निवेश के लिए कई देशों में दौरा करने की तैयारी में हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धता को देखते हुए ही कार्यक्रम की तिथि तय नहीं होगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ को 21 से 30 नवंबर तक आरक्षित किए जाने के बाद अब बुकिंग रद्द कर दी गई है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि जीबीसी-5 की तिथि अब बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम 14 नवंबर के बाद से मध्य दिसंबर तक तय होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जन आरोग्य मेले में 26 मरीजों का इलाज

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार व कोछा मे रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। चौरे बाजार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मो. इरशाद ने 14 मरीजों का नामांकन कर उनका उपचार किया। फार्मासिस्ट कनिक राम चौधरी व स्टाफ नर्स प्रतिभा अवकाश पर होने से अनुपस्थित रहीं। मेले में अधिकतर मरीज मौसमी जुखाम बुखार व पेट की समस्या आदि से पीड़ित रहे। कोछा मे डॉ. अंजली गुप्ता ने फार्मासिस्ट व स्टाफ के सहयोग से 12 मरीजों को चिकित्सीय परामर्श देकर उपचार किया।

### ई-रिक्शे की टक्कर से बुजुर्ग दंपति घायल

**अयोध्या।** कोतवाली बीकापुर अंतर्गत बीकापुर-प्रयागराज हाईवे पर ब्लॉक मोड़ के पास शनिवार देर शाम ई-रिक्शा की टक्कर से बुजुर्ग दंपति घायल हो गए। सीएचसी बीकापुर से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मंगारी निवासी शेष नारायण उपाध्याय (70) और उनकी पत्नी उर्मिला उपाध्याय (68) शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे बाजार से पैदल घर जा रहे थे। इस दौरान ब्लॉक मोड़ पर ई-रिक्शे ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायलों को सीएचसी बीकापुर पहुंचाया। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. अनुराग गुप्ता ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

### खाकी ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइंस स्थित पुलिस अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिनमें पुलिस के जवानों ने रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय अयोध्या के ब्लड बैंक की टीम में पीआरओ विंध्यवासिनी प्रसाद और ब्लड काउंसलर ममता खत्री ने अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर रक्तदान करवाया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक संदीप कुमार, उपनिरीक्षक रणजीत यादव समेत अन्य ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

# मानसिक नहीं शुगर का मरीज निकला सालिग राम

**तहकीकात**

## चार नवंबर से था जिला अस्पताल में, अब मेडिकल कॉलेज में इलाज | जिला अस्पताल के निष्प्रयोज्य बरामदे में बेड पर बंधा था मरीज

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार:** इलाज के लिए जिला अस्पताल में बेड से बंधे जिस मरीज को मानसिक रोगी बताया गया वह प्रारंभिक जांच में मधुमेह (शुगर) का मरीज निकला। राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए जाने के बाद उसकी जांच की गई। अमृत विचार की तहकीकात में मरीज की पहचान बीकापुर थाना क्षेत्र के सराय भनौली के रहने वाला सालिग राम (45) के रूप में हुई।

चिकित्सक व ट्रामा प्रभारी डॉ. विनोद आर्या ने बताया कि सालिग राम का शुगर घट-बढ़ रहा है। इस कारण वह बार-बार बेहोश हो जा रहा है, जबकि जिला अस्पताल प्रशासन का दावा था वह मानसिक रूप से बीमार था। अब मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

मरीज के भतीजे विनोद ने अमृत विचार को बताया कि सालिग राम शहर में बांस मंडी के करीब अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी दो बेटियां व एक बेटा है। सालिग राम बावर्ची है। आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण पत्नी भी काम करती हैं। विनोद के अनुसार सालिग राम अक्सर तीन चार दिन के लिए काम पर चला जाता था। उसके पास मोबाइल नहीं है। इधर, सहालग शुरू हुई है। वह काम पर जाने की बात कहकर निकला था। वह किन परिस्थितियों में अस्पताल पहुंच गया। इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। बताया कि चाचा को कोई भी मानसिक बीमारी नहीं थी। कभी-कभार नशा जरूर करते हैं। विनोद ने चाचा को बांधे जाने वाले घटनाक्रम पर भी नाराजगी व्यक्त की है। बताया कि उनके गांव के प्रधान विजय गौड़ ने फोन पर उनके चाचा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए जाने की सूचना दी। इसके बाद विनोद ने घरवालों व अन्य परिजनों को सूचित कर दिया है।

जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी की मानें तो चार नवंबर को रात आठ बजे के बाद पीड़ित को ई-रिक्शा वाला श्रीराम चिकित्सालय से यहां गेट पर छोड़ गया था। उसे भर्ती कराया गया। इलाज चल रहा था। देखा गया कि वह गद्दे व अपने कपड़े फाड़ लिया था। कई बार वार्ड से भाग गया था। सूचना मिली तो सात नवंबर को मैंने स्टाफ को निर्देशित किया कि पीड़ित को मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में रेफर कर दिया जाए। अब उसे निष्प्रयोज्य वार्ड में कौन ले गया? किसने छिपाया? हाथ-पैर किसने बांधे? खाना कौन सामने रखकर आया? यह जांच का विषय है।



मेडिकल कॉलेज में पीड़ित सालिग राम को भर्ती करते कर्मचारी। अमृत विचार

### बंधे हाथ-पैर में हो गए घाव

मेडिकल कॉलेज में भर्ती सालिग राम बेसुध है। उसके हाथ-पैर में घाव हो गया है। अमृत विचार की टीम को मौके पर मौजूद लोगों व कर्मियों ने बताया कि हाथ-पांव बंधे रहने के कारण घाव हो गया है।

### जिला अस्पताल मानसिक रोगी बता भेज देता है मरीज

मेडिकल कॉलेज के ट्रामा प्रभारी डॉ. विनोद आर्या ने बताया कि शनिवार देर शाम जिला अस्पताल से पीड़ित को कुछ होमगार्डस लेकर आए थे। वह अभी कुछ बोल नहीं पा रहा है। जिला अस्पताल से अक्सर मानसिक रूप से बीमार बता मरीज रेफर किए जाते हैं। सालिग राम के शुगर के बारे में पता चला है। बाकी पूरी जांच सोमवार को होने के बाद ही कुछ बता सकता हूं।

**अमृत विचार Follow UP**

## स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, एडी हेल्थ ने दिया जांच का आदेश

**एडी हेल्थ बोले- यह पूर्णतः जिला अस्पताल प्रशासन की लापरवाही**

**रविवार को खुला जिला अस्पताल का कार्यालय, आदेश टाइप, खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय**




नौ नवंबर को प्रकाशित समाचार की पीडीएफ।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल के मेल सर्जरी वार्ड के निष्प्रयोज्य बरामदे में मरीज को बेड से बांधे जाने की खबर ''अमृत विचार'' में रविवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। लोगों ने सोशल मीडिया अकाउंट पर खबर को टैग कर स्वास्थ्य विभाग की जमकर किरकिरी की। अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बीके चौहान ने जांच के आदेश जारी कर दिए। आदेश के बाद रविवार को जिला अस्पताल का कार्यालय खोला गया। मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। एडी हेल्थ ने इसे जिला अस्पताल प्रशासन की लापरवाही करार दिया है। सूत्रों की मानें तो खबर वायरल होने के बाद प्रशासन के साथ खुफिया विभाग भी सक्रिय हुआ। मामले की जांच पड़ताल की गई है। दूसरी ओर एडी हेल्थ ने रविवार को ''अमृत विचार'' से कहा कि मरीज अगर मानसिक रोगी भी रहा होगा तो उसे बांधना गलत है। उसे रेफर कर देते, लेकिन जिस तरीके से निष्प्रयोज्य भवन के नीचे उसे बेड पर बांधकर लिटाया गया, वह बेहद अमानवीय कृत्य है। प्रकाशित खबर में मैंने देखा है कि भोजन की थाली भी उसके पास रख दी गई। यह पूर्णत: जिला अस्पताल प्रशासन की लापरवाही है। मैंने सीएमएस से बात कर जांच कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी डॉ.एके सिन्हा की अध्यक्षता में गठित कर दी गई है। इसमें सदस्य के रूप में डॉ. मो. अकरम व मैट्रन इंदिरा राय को शामिल किया गया है। तीन दिन के भीतर आख्या मांगी गई है। बताया कि जांच कमेटी यह देखेगी कि मरीज को कौन निष्प्रयोज्य बरामदे में ले गया? किसने हाथ-पैर बांधे और किसके कहने पर ऐसा हुआ? बता दें कि ''अमृत विचार'' ने आठ नवंबर रविवार के अंक में ''जिला अस्पताल के निष्प्रयोज्य वार्ड में मरीज को दी गई तालिबानी सजा'' शीर्षक से खबर का प्रकाशित की थी। खबर छपने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली है।

**फिर दिखी लापरवाही**

## अस्पताल में मरीज को दिया गलत ग्रुप का ब्लड




ब्लड बैंक के बाहर आरोप लगाते परिजन।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। भर्ती मरीज को ब्लड बैंक कर्मियों ने गलत ग्रुप का ब्लड दे दिया। सीएमएस ने जांच के आदेश दिए हैं। मसौधा ब्लॉक के खानपुर निवासी महेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री श्रेया सिंह का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। शनिवार की शाम डॉक्टरों ने श्रेया को ए-निगेटिव ब्लड की जरूरत बताई। जांच आदि लेकर खून लेने के लिए जब ब्लड बैंक गए तो वहां के कर्मियों ने उन्हें ए-पॉजिटिव ब्लड दे दिया। जब वह वार्ड में पहुंचे तो डॉक्टरों ने कहा कि गलत ग्रुप का ब्लड दे दिया है, इसे वापस कर दो। आरोप है कि रात करीब आठ बजे जब वह ब्लड लेकर वापस ब्लड बैंक पहुंचे तो वहां तैनात लैब टेक्नीशियन नशे की हालत में मिले। आरोप है कि उन्होंने उनसे अभद्रता की व जान से मारने की धमकी दी। मारपीट का भी आरोप है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कराई जाएगी। कोतवाली अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। रिकाबगंज चौकी प्रभारी को जांच सौंपी गई है।

**वापस करने गए पिता से जिला अस्पताल के लैब कर्मियों ने की अभद्रता**

## अब शशिकांत के पास पहुंचा आरएसएस का शताब्दी स्मारक सिक्का

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर जारी किया गया विशेष स्मारक सिक्का अब अयोध्या मंडल में भी पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया यह अनोखा सिक्का शुद्ध चांदी से निर्मित है और इसका वजन 40 ग्राम है। अयोध्या जिले के निवासी शशिकांत तिवारी ने इसे मुंबई टकसाल से ऑनलाइन ऑर्डर कर मंगाया। इसकी कीमत लगभग साढ़े 11 हजार रुपये बताई जा रही है। शशिकांत ने दावा किया है कि अयोध्या मंडल में यह सिक्का पाने वाले वह पहले व्यक्ति हैं। अभी तक देश में मात्र दो हजार लोगों ने ही इस सिक्के को खरीदा है।

शशिकांत ने बताया कि उन्होंने 23 अक्टूबर को इंडिया गवर्नमेंट मिंट की आधिकारिक वेबसाइट से यह सिक्का ऑर्डर किया था, जो 8 नवंबर को उनके पास पहुंच गया। शशिकांत के अनुसार, यह सिक्का न केवल संग्रहणीय वस्तु है, बल्कि आरएसएस की सौ वर्षों की यात्रा का प्रतीक भी है। वे खुद एक उत्साही सिक्का संग्राहक हैं। उनके पास रिपब्लिक इंडिया, ब्रिटिश काल और प्राचीन काल के लगभग 200 दुर्लभ सिक्के मौजूद हैं। उनके दिवंगत पिता स्वर्गीय सुरेश तिवारी भी प्रसिद्ध सिक्का संग्राहक थे, जिनकी विरासत को शशिकांत आगे बढ़ा रहे हैं।वे गैर-सरकारी संस्थान 'राष्ट्रीय मुद्रा परिषद' से भी जुड़े हुए हैं। शशिकांत अयोध्या में मधुसूदन स्कूल के पास टीचर्स कॉलोनी में रहते हैं।

- **यह मंडल का पहला सिक्का, शुद्ध चांदी से निर्मित सिक्के का वजन है 40 ग्राम**



स्मारक का सिक्का दिखाते सीएमओ ऑफिस के लिपिक शशिकांत तिवारी।

### ई-रिक्शा बरामद, आरोपी का चालान

**सोहावल।** रौनाही थाना क्षेत्र के मीरपुर कांटा गांव से चोरी हुआ ई-रिक्शा पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपी का चालान कर दिया गया। मीरपुर कांटा गांव से सुशील का ई रिक्शा चोरी हो गया था। शिकायत रौनाही थाने में की गई। कार्यवाहक थाना प्रभारी आलोक ने बताया कि चौकी प्रभारी ड्योढी बाजार डीएन राय, एसआई कमल सिंह, हेड कांस्टेबल इंद्रेश, कांस्टेबल हेमंत कांस्टेबल, कुलदीप, अनिल, अशोक की टीम ने कांटा गांव के शोभित राम पुत्र जिया लाल को पकड़ा। उसके बाद कुंदुर्खा खुर्द गांव से ई रिक्शा बरामद किया। आरोपी का चालान कर दिया गया।




## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सकों ने जांचा मरीजों का स्वास्थ्य



**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** सरस्वती इंटर कॉलेज, हैरिंग्टनगंज में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने किया। आयोजन मेडिकल क्लीनिक के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर निशुल्क जांच व परामर्श का लाभ उठाया। लखनऊ से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम का नेतृत्व शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने किया। शिविर में मरीजों की शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, टायफाइड सहित विभिन्न जांचें निशुल्क की गईं। कॉलेज संस्थापक देव बक्स सिंह, भाजपा नेता देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान भोला सिंह उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने जगमग अयोध्या परियोजना का किया शुभारंभ

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने रविवार को जगमग अयोध्या परियोजना का शुभारंभ किया। इसकी शुरूआत मसौधा ब्लाक की ग्राम पंचायत अमौना में प्रधान को एलईडी प्रदान कर की। बताया कि यह परियोजना अयोध्या के गांवों को 35 वाट की एलईडी लाइटों से रोशन करेगी। ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से ग्रीन अयोध्या के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पहल की शुरूआत सबसे पहले ग्राम पंचायत अमौना से किया गया। ग्राम प्रधान राजकुमार ने बताया कि रविवार को उन्हें सीडीओ ने एलईडी प्रदान की। लाइट को उपस्वास्थ्य केंद्र, मंदिर, सामुदायिक, शौचालय, पंचायत भवन व रोड के किनारे जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित किया गया। जिससे गांव जगमग हो गया।

### पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** सपा नेता व पूर्व मंत्री सैयद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने क्षेत्र के ग्राम हाता ममरेजनगर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। बीते दिनों गांव में हुई विद्युत स्पर्श दुर्घटना में मनोज कुमार यादव (पुत्र रामसागर यादव) की मृत्यु हो गई थी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल राकेश कुमार रावत से भी उन्होंने मुलाकात कर उपचार में सहयोग के लिए आर्थिक मदद प्रदान की। ग्राम हाता ममरेजनगर में ही रामनरेश यादव के आकस्मिक निधन पर भी पूर्व मंत्री ने उनके आवास पहुंचकर परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की। अमरनाथ यादव, फरहान हुसैन खां, इकबाल उस्मानी व अन्य उपस्थित रहे।

### छुट्टा मवेशियों का इलाज कर रही 1962 एंबुलेंस सेवा

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर में शासन की 1962 एंबुलेंस सेवा आवारा पशुओं व किसानों के लिए मुफीद साबित हो रही है। रविवार को बीकापुर बाजार में घायल व बीमार अवस्था में घूम रहे छुट्टा सांड के संबंध में जानकारी होने के बाद पशु विभाग की एंबुलेंस सेवा में तैनात डॉ. अतर, एमटीएस विवेक कुमार व चालक आलोक कुमार श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर उनका उपचार किया। पशु चिकित्सक डॉ. अतर ने बताया कि सरकार की यह सेवा किसानों के बीमार व आवारा पशुओं के लिए काफी कारगर है।

### मां-बेटी को हत्या की धमकी देने का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोरोना काल में पति का देहांत होने के बाद ससुराल वालों ने पत्नी का जीना मुश्किल कर दिया। शालू गुप्ता पत्नी स्व अनूप कुमार गुप्ता निवासी हैदरगंज ने बताया कि उसका विवाह 9 मार्च 2015 को हुआ था। विवाह के उपरांत उन्हें एक बेटी प्रिया गुप्ता (10) हुई। पति के देहांत के बाद आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गयी। सास निर्मला देवी, देवर पवन गुप्ता, देवरानी रीना गौड़, ननद रेनू, सोनू व मीनू सब मिलकर मुझे अपने मायके जाकर रहने के लिए कहने लगी। पति की मौत के 20 दिन बाद लाइट व पानी कटवा दिया। मैंने अपने कमरे के लिए अलग से विद्युत कनेक्शन का आवेदन किया, जिस पर 7 नवंबर 2025 को विद्युत विभाग के कर्मचारी कनेक्शन करने के लिए आए थे, तब उनके ससुराल वालों ने विद्युत कर्मियों को भगा दिया। आरोप लगाया कि 8 नवंबर को ननद सोनू की ओर से मुझे व मेरी बच्ची की हत्या कराने की धमकी दी गई। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि त केस दर्ज विवेचना की जा रही है।

# रिंग में हुई मुक्कों की बारिश, जोश और ताकत का प्रदर्शन

## सेमीफाइनल के विभिन्न भार वर्गों में हुए 20 मुकाबले | विधायक रामचंदर यादव ने मुक्केबाजों का हाथ मिलावाया, सेमीफाइनल की कराई शुरुआत

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में रविवार को रिंग में मुक्कों की बारिश देखने को मिली। उत्साहवर्द्धन किया गया। बॉक्सरों ने अपने जोश व ताकत का प्रदर्शन किया। अवसर था केएसई कप सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबलों का।

रविवार को मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत रुदौली विधायक रामचंदर यादव ने खिलाड़ियों का हाथ मिलवाकर किया। अलग-अलग भार वर्गों में कुल 20 जोड़ी मुकाबले आयोजित किए गए। खिलाड़ियों का हर भारी भरकम पंच पर रिंग के बाहर दर्शकों ने तालियों से हौसला अफजाई की। मुक्के का प्रहार और दूसरी ओर भागते खिलाड़ी, कभी सनसनी तो कभी आवाज। दर्शकों में रोमांच, कोतहुल और अगले पल होने वाले फैसले की भविष्यवाणी। कहीं दाएं हुक ने विरोधी को झकझोरा तो कहीं मुक्के के तेज़ प्रहार ने पल भर में मैच का रुख बदल दिया। रिंग के बाहर कुछ ऐसा ही नजारा पूरे दिन देखने को मिला।



मुक्केबाजों का हाथ मिलवा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते रुदौली विधायक रामचंद्र यादव और उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष, आयोजक विशाल गुप्ता व अन्य।

### बॉक्सिंग खेल युवाओं में भरता साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास : विधायक

**सेठ एमआर जयपुरिया में केएसई कप सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

विधायक रामचंदर यादव ने कहा कि खेल शरीर और मन दोनों को मजबूत बनाते हैं। बॉक्सिंग जैसा खेल युवाओं में साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास भरता है। हमारे खिलाड़ियों में वह जज़्बा दिखता है जो अयोध्या को खेल जगत में नई पहचान दिला सकता है। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या अब केवल आस्था की नगरी नहीं, बल्कि प्रतिभा और खेल के नए केंद्र के रूप में भी उभर रही है। इस तरह के आयोजन युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देते हैं। भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने बताया कि केएसई कप जैसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का मंच देती हैं। प्रदेश में बॉक्सिंग के स्तर को भी ऊंचा करती हैं। हमारा उद्देश्य है कि यहां से ऐसे मुक्केबाज़ निकले जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, कमलेश श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, आशीष अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, गगन गुप्ता, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### बोले दर्शक-दिखा रोमांच, आया मजा

अयोध्या में पहली बार हो रहे मुक्केबाजी के इस खेल को देख रहे आनंद ने कहा कि टीवी स्क्रीन पर तो बाक्सिंग देखी थी लेकिन सच में आंखों के सामने देखने का नजारा ही कुछ और दिखा। राकेश कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या में अब तीरंदाजी से बाक्सिंग तक के आयोजन होने लगे। खेल के क्षेत्र में भी अपनी अयोध्या आगे बढ़ रही है।

### पंच के कमाल से फाइनल में पहुंचे धुरंधर मुक्केबाज

केएसई कप के सेमीफाइनल मुकाबलों में 48 किलोभार वर्ग में राजस्थान के देवेन्द्र सिंह सोलंकी ने यूपी के गुलफाम व पंजाब के निर्मल ने जम्मू व कश्मीर के सीतू को हराया। 51 किलोभार वर्ग में जम्मू और कश्मीर के आशू ने पश्चिमी बंगाल के शेखर कुमार को व तमिलनाडु के सीबी वाघीसे ने पंजाब के रिषभ को पराजित किया। 54 किलोभार वर्ग में पंजाब के मनोज कुमार ने हिमांचल प्रदेश के अभय कुमार व यूपी के जीतेन्द्र कुमार ने महाराष्ट्र के वैभानसदानंद साबले को हराया। 57 किलोभार वर्ग में जम्मू व कश्मीर के सचिन ने दिल्ली के बादल कुमार को, पंजाब के लवप्रीत सिंह ने उड़ीसा के सुशील कुमार एक्का को पराजित किया। 60 किलोभार में यूपी के मोहित ठाकुर पंजाब के नितिन कुमार व जम्मू काश्मीर के धर्मेंद्न ने बिहार के आदित्य कुमार को हराया। 63 .5 किलोभार वर्ग में यूपी के नितेश कुमार ने महाराष्ट्र के शिवम विकास मोरे व जम्मू कश्मीर के शुभम ने पंजाब के रविदीप सिंह को पराजित किया। 67 किलोभार वर्ग में हरियाणा के प्रवीण कुमार ने तमिलनाडु के विनू वी व जम्मू कश्मीर के महेश ने पंजाब के जैलेश पाण्डेय को हराया। 71 किलोभार वर्ग में जम्मू काश्मीर के यशपाल ने आंध्र पदेश के जोगिन्दर व हरियाणा के कृष ने असम के रोशन को पराजित किया।

### आत्मविश्वास, बॉडी फिटनेस और गुस्से पर नियंत्रण के लिए बॉक्सिंग को पैशन बनाया

**अयोध्या कार्यालय।** केएसई कप सीनियर पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक के दावेदार अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों का लक्ष्य व सपना ओलम्पिक में देश के लिए पदक हासिल करना है। बॉक्सिंग खेल से उनके लगाव का कारण भी बेहद दिलचस्प है। कोई आत्मविश्वास के लिए जुड़ा, तो कोई बॉडी फिटनेस के लिए, किसी ने अपने गुस्से को नियंत्राण के लिए चुना, तो किसी ने फिल्मों के स्टंट सीन से प्रेरित होकर बॉक्सिंग खेल शुरू किया।



इजिप्ट में अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व, अंतर विश्वविद्यालयीय चैम्पियनशिप में आरआरबीयू अलवर की तरफ से लगातार सात बार चैम्पियन, राष्ट्रीय व राज्य प्रतियोगिता में दो स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीता। फिल्मों में एक्शन देखकर बॉक्सिंग से प्रभावित हुआ। फिटनेस ट्रेनर के रूप में काम करते हुए ओलम्पिक में देश के लिए तमगा जीतना ही सपना है। **– देवेन्द्र मुक्कड़, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज, अलवर–राजस्थान**



मूल रूप से एथलेटिक्स खिलाड़ी था। अपने गुस्से पर नियंत्रण के उद्देश्य से बॉक्सिंग खेल को अपनाया जो अब जूनून की हद तक हावी हो गया है। राज्य प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना इस खेल के प्रति लगाव बढ़ गया। अब तो राष्ट्रीय स्पर्धा के बाद ओलम्पिक में देश को पदक दिलाने की तमन्ना है। अयोध्या में रामलला का दर्शन मिलना मेरा सौभाग्य रहा। **– शिशिर कुमार एक्का, राष्ट्रीय मुक्केबाज, राउरकेला –उड़ीसा**



मद्रास रेजीमेंट में नायक हूं। मॉर्शल आर्ट से प्रेरित होकर बॉक्सिंग से जुड़ना मेरे कॅरियर व आत्मविश्वास के लिए बेहद फायदेमंद रहा। तीन बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अब ओलम्पिक में देश का परचम लहराना और देश के लिए पदक जीतने की तमन्ना है। अयोध्या में रामलला के दर्शन कर धन्य हो गया। यहां बहुत सकारात्मकता है, बेहद शांति अनुभव हुई। **– बीनू विजया, राष्ट्रीय मुक्केबाज, चेन्नई–तमिलनाडु**



बॉडी फिटनेस, व्यक्तिगत स्पर्धा व मॉर्शल आर्ट से आकर्षित होकर बॉक्सिंग से जुड़ना अब पैशन बन गया है। नेशनल में तीन गोल्ड व दो ब्रांज मेडल, स्टेट में सात गोल्ड मेडल मिलने के बाद ओलम्पिक में प्रतिभाग कर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना ही लक्ष्य है। राम मंदिर में रामलला के विग्रह में बहुत आकर्षण है, दर्शन करना मिलना मेरा सौभाग्य रहा। **– रोहन भेरिहर, राष्ट्रीय मुक्केबाज, तिनसुखिया–असम**



असुरक्षा की भावना से उबरने व कोच को खेलते देख कर बॉक्सिंग से प्रेरित हुआ। ऑल इंडिया चैम्पियनशिप में ब्रांज, स्टेट में तीन गोल्ड, एक सिल्वर व दो ब्रांज मेडल जीत कर एनआइएस किया अब बॉक्सिंग का कोच हूं। अब तो ओलम्पिक में देश का प्रतिनिधित्व और पदक जीतना ही लक्ष्य है। यहां रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला। **– उदय तलवार, राष्ट्रीय मुक्केबाज, अलवर–राजस्थान**



वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। ओलम्पिक खेलने और देश के लिए पदक जीतने का लक्ष्य है। बॉक्सिंग खेल शुरू से अच्छा लगता था। इससे जुड़े, जीतते गए और आगे बढ़ते गए। पांच बार नेशनल खेला, ब्रांज मेडल मिला। स्टेट में 13 गोल्ड मेडल जीता। सौभाग्य से रामलला का दर्शन मिला बहुत अच्छा लगा। अयोध्या पावन, अद्भुत व अध्यात्मिक लगी। **– मंजीत दत्ता, राष्ट्रीय मुक्केबाज, गोलाघाट–असम**

## प्रदेश के मत्स्य मंत्री ने की अफसरों के साथ समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार:** प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद रविवार को अयोध्या में थे। उन्होंने सर्किट हाउस में अफसरों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बिहार चुनाव पर बोले बिहार में बहार है। मीडिया से बातचीत में कहा कि जब केंद्र और प्रदेश में एक ही सरकार होती है तो विकास की रफ्तार तेज होती है। वहां भी एनडीए सरकार की सरकार बनाए, फिर बिहार में बहार देखिए। बताया कि बिहार में 18 फीसदी मछुआरे हैं जो इस बार आरक्षण के मुद्दे पर वोट कर रहे हैं। कहा कि पूर्व की सरकारों ने मछुआरों को ठगा, जबकि वर्तमान सरकार उनके हित में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में 140 मत्स्य परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें से दो पूरी हो चुकी हैं। एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी पर व्यंग्य किया। बोले मैं मछली डाल रहा हूं, वो मछली पकड़ रहे हैं। निषाद अब किसी के जाल में फंसने वाले नहीं। मछुवा समुदाय के लोग भी उनसे मिलने पहुंचे थे। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनी। समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



जनसभा स्थल का निरीक्षण करते भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह व अन्य।

## एकता दौड़ आज, जनसभा को संबोधित करेंगे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पखवाड़े के तहत सोमवार को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में एकता दौड़ का आयोजन होगा। दौड़ सुबह दस बजे नंसा बाजार से शुरू होगी। केशरुआ चौराहे तक जाएगी। समापन पर तीन बजे से जनसभा का आयोजन होगा। इसे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी संबोधित करेंगे। तैयारियों का नेतृत्व विधायक अभय सिंह कर रहे हैं। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल व संयोजक राघवेन्द्र पाण्डेय है। तैयारी को लेकर रविवार को क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रवासी विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधायक अभय सिंह ने दौड़ के पूरे मार्ग व जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। तैयारियों की लेकर बैठकों का भी आयोजन हुआ। पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। मौके पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## थाना पूराकलंदर पुलिस के खिलाफ तिकोनिया पार्क में धरना शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मारपीट के एक मामले में केस न दर्ज किए जाने से नाराज पीड़ित व उसके परिवारीजनों ने रविवार को थाना पूराकलंदर पुलिस के खिलाफ सदर तहसील के सामने स्थित तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन किया। आरोप है कि पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर केस तो दर्ज कर लिया लेकिन उनका केस दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने पुलिस को एक भाजपा नेता के दबाव पर काम करने का आरोप लगाया। बरवां गांव निवासी इंद्रजीत वर्मा, गुलशन वर्मा व शोभावती ने आरोप लगाया कि 7 नवंबर को थाने के गेट पर विपक्षियों द्वारा उन्हें पीटा गया। घटना थाने के गेट पर लगी सीसीटीवी में भी दर्ज हुई है लेकिन पुलिस फुटेज नहीं दे रही है व मुकादमा भी नहीं लिख रही है। आरोप लगाया कि पुलिस एक भाजपा नेता के इशारे पर उनका केस नहीं दर्ज कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। वहीं, इस मामले के पीछे ग्राम प्रधान की चुनावी रंजिश भी सामने आ रही है। वहीं, इस संदर्भ में थाना पूराकलंदर प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि दूसरे पक्ष का भी केस दर्ज कर लिया गया है।

## मतदाता बनने के लिए 2134 शिक्षकों ने किया आवेदन

अयोध्या कार्यालय

- गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन की मतदाता सूची

**अमृत विचार :** गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए कुल जिले के 2134 शिक्षकों ने आवेदन किया है। कार्यरत शिक्षकों के सापेक्ष यह संख्या काफी कम मानी जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची तैयार की जा रही है। खास बात यह है कि शिक्षक विधान परिषद सदस्य के चुनाव के लिए हर बार नई सूची तैयार की जाती है। इसके मतदाता केवल शिक्षक होते हैं। अक्टूबर से छह नवंबर तक मतदाता बनने के लिए आवेदन का समय था। इस दौरान जिले में ऑफलाइन कुल 1960 और ऑनलाइन 174 शिक्षकों ने आवेदन किया। हालांकि जिले में शिक्षकों के सापेक्ष यह संख्या अभी काफी कम मानी जा रही है। अब इसका ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा फिर इसे प्रकाशित किया जाएगा। इस पर दावे आपत्तियां ली जाएंगी। इस दौरान भी शिक्षकों को मतदाता बनने का अवसर मिलता है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज पांडेय ने बताया कि शिक्षक मतदाता सूची के लिए आवेदन प्राप्त हो गए हैं। अब इनकी जांच पड़ताल के बाद ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। फिर प्रकाशन होगा।

## सत्यापन में तकनीकि खामी के चलते परेशान किसान

अयोध्या कार्यालय

- शासन ने लिया संज्ञान, आज से सत्यापन होने की उम्मीद, मामला सरकारी केंद्रों पर धान खरीद का

**अमृत विचार:** धान बेंचने के लिए किसान परेशान है। सत्यापन न हो पाने के कारण किसान क्रय केंद्रों पर धान नहीं बेंच पा रहे हैं। अगली फसल के लिए उसे पैसे की सख्त जरूरत है। इसके लिए वह तहसील का चक्कर लगा रहा है। लेकिन सोमवार से सत्यापन होने की उम्मीद है।

सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की खरीद एक नवंबर से शुरू हो गई। लगभग दस दिन हो गया लेकिन किसान धान बेंच नहीं पा रहे हैं। इसका कारण धान खरीद के लिए खतौनी का सत्यापन न हो पाना है। किसान खरीद केंद्र से तहसील का चक्कर लगा रहा है। किसान ओम प्रकाश सिंह सहित कई अन्य किसानों ने बताया कि सत्यापन न हो पाने के कारण धान बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। इसके कारण बाजार मूल्य भी ऊपर नहीं चढ़ पा रहा है। किसान को नुकसान हो रहा है। धान खरीद के लिए संबंधित किसान के रकबे और उत्पादन के सत्यापन की व्यवस्था है। इसके लिए आवेदन के बाद क्रय केंद्र से अभिलेख तहसील भेजे जाते हैं। वहां लेखपाल की आईडी से सत्यापन की व्यवस्था है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि इस बार पोर्टल पर तकनीक खामी से लेखपालों की आईडी से अंश निर्धारण और सत्यापन नहीं हो पा रहा है। जिससे धान खरीद बाधित है। सूत्रों की मानें तो विभागों ने इसकी जानकारी शासन को दी तो शासन ने इसका संज्ञान लिया। इसके लिए नई व्यवस्था लागू किए जाने की तैयारी है। अब किसानों की धान खरीद के लिए सीधे तहसीलदार और एसडीएम की लांगिंग आईडी से पोर्टल पर इसका सत्यापन कर दिया जाएगा। जिससे धान की खरीद तेज हो सके। सत्यापन सोमवार से शुरू होने की उम्मीद है।

## गोरखपुर मंडल ने जीता खो-खो का दोहरा खिताब

अयोध्या कार्यालय

- अंडर-19 वर्ग में वाराणसी रही विजेता, मिर्जापुर, देवीपाटन द्वितीय व अयोध्या टीम तृतीय स्थान पर रही

**अमृत विचार:** डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान में चल रही प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता शनिवार देर शाम पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुई। गोरखपुर मंडल ने अंडर-14 व 17 वर्ग में जीत दर्ज कर दोहरा खिताब जीता। वहीं वाराणसी मंडल ने अंडर-19 वर्ग के खिताब पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि मुख्य कोषागार अधिकारी ममता सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।



प्रदेशीय स्कूली बालिका खो–खो प्रतियोगिता के अंडर–17 की ट्रॉफी विजेता गोरखपुर मंडल टीम।

प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग के फाइनल में गोरखपुर मंडल ने मिर्जापुर मंडल को पराजित कर खिताब जीत लिया। हार्ड लाइन मैच में मेरठ ने अयोध्या को पराजित तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग के फाइनल मुकाबले में गोरखपुर मंडल ने देवीपाटन मंडल पर खिताबी जीत दर्ज की। हार्ड लाइन मैच में वाराणसी मंडल ने अयोध्या मंडल को पराजित कर तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर-19 वर्ग के फाइनल में वाराणसी ने मिर्जापुर का पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। हार्ड लाइन मुकाबले में अयोध्या मंडल ने बस्ती मंडल को पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला सचिव अभिषेक सिंह, बिजेंद्र सिंह, शिवकरन सिंह, अनुपम सिंह, माला यादव, आलो, चंद्रभान सिंह सहित खिलाड़ी, शिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को जन आंदोलन बनाएं : विजय प्रताप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर भाजपा ने अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में एसआईआर में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया गया। कार्यशाला में बूथ प्रवास, मतदाता सूची सत्यापन, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता लोकतंत्र को सशक्त करने के मिशन में जुटा है। यह अभियान केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र के आधार को मजबूत करने का महाअभियान है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाता सूची का सशक्त और त्रुटिरहित होना आगामी चुनावों की तैयारी का सबसे अहम चरण है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता बढ़ाएं।



विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य।

कार्यशाला में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, अभिषेक मिश्र, संयोजक तिलकराम मौर्या, शैलेंद्र कोरी, परमानंद मिश्रा, गन्ना चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, मंडल व शक्ति केन्द्र पदाधिकारी, बीएलए-टू मौजूद रहे।

### बीएलओ समय पर घर-घर पहुंचाएं गणना पत्रक-डीएम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सभी बूथ लेबल अफसरों से समय से घर–घर जाकर गणना पत्रक देने का निर्देश दिया है। कहा कि इसमें किसी की भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बताया कि आयोग के आदेश से एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम चल रहा है। सभी बीएलओ चार नवंबर 2025 से अपने–अपने मतदेय स्थल से संबंधित सभी मतदाताओं के घर–घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए जाने का निर्देश दिया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी से सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से तहसील में गणना प्रपत्र के वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बता दें कि गणना पत्रकों को घर–घर से भरवाकर बीएलओ की एकत्र करेगे। इसी के आधार पर नई मतदाता सूची तैयार की जानी है।

## सूक्ष्मजीवों के बिना जीवन संभव नहीं : प्रो. अरविंद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी इंडिया द्वारा रविवार को फ्रंटियर्स इन माइक्रोबायोलॉज विषय पर छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी इंडिया के अध्यक्ष प्रो. अरविंद देशमुख ने बताया कि बिना सूक्ष्मजीवों के जीवन संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने नोटोबिओटिक एनिमल का उदाहरण दिया। उन्होंने विशेष रूप से प्रमुख फोकस क्षेत्रों और रुझानों पर चर्चा की जैसे आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें, एकल कोशिका प्रोटीन, प्रोबायोटिक्स, कार्सिनोजेन्स, पेटेंट (आनंद मोहन चक्रवर्ती द्वारा तैयार किये गए सुपर बग), पर्यावरण प्रदूषण (प्लास्टिक) और इसका समाधान, जैव संचय आदि। कहा कि मानव माइक्रोबायोम और व्यक्तिगत चिकित्सा अनुसंधान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे शरीर में रहने वाले सूक्ष्मजीव प्रतिरक्षा, चयापचय और विभिन्न बीमारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. शैलेंद्र कुमार, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. आज़ाद पटेल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. नीलम यादव, डॉ. अनिल कुमार, प्रो. फर्रुख जमाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# पीएम के सुरक्षा अधिकारियों ने किया राम मंदिर परिसर का निरीक्षण

## मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भी सुरक्षा अधिकारी व विशेषज्ञों ने लिया भाग

अयोध्या कार्यालय



राम जन्मभूमि का निरीक्षण करते निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा व अन्य।

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि मंदिर में 25 नवंबर को 191 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होगा। वह यहां पर करीब तीन घंटे बिताएंगे। इसको लेकर रविवार को प्रधानमंत्री के सुरक्षा अधिकारियों ने परिसर का निरीक्षण किया।

मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के प्रथम दिन प्रधानमंत्री के सुरक्षा अधिकारियों ने भी भाग लिया। इसमें उनकी सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक पहलुओं पर विचार विमर्श भी किया गया। इसके पूर्व शनिवार को सुरक्षा अधिकारियों ने पूरे मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया व साथ ही वह जिस मार्ग से गुजरेंगे, उसका भी निरीक्षण किया। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन रविवार को प्रधानमंत्री के सुरक्षा अधिकारियों ने भी भाग लिया।

निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 25 तारीख को प्रधानमंत्री का यहां पर आगमन है, वह मंदिर में ध्वजारोहण करेंगे। बैठक में इसी विषय पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय के कुछ अधिकारी व विशेषज्ञ आए थे। कहा कि दो चुनौतियां हैं क्योंकि बहुत ऊंचाई पर शिखर है तो वहां पहुंचने के लिए कुछ व्यवस्था करनी होगी, जिससे झंडा सफलता के साथ रामलला भगवान के मंदिर में ऊपर लहराया जा सके। कहा कि धीरे-धीरे निर्माण अपनी पूर्णता की और है और दिसंबर 2025 तक सभी मुख्य निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएंगे। ऐसा हम लोगों को विश्वास हो गया है। ध्वजारोहण अपने में एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्रम होता है। कहा कि प्रधानमंत्री से लगभग तीन घंटे का समय मिलने की आशा है।

## स्वर्णिम पन्नों में दर्ज होगा मंदिर निर्माण की पूर्णता का इतिहास

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी अयोध्या एक बार फिर इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अपना नाम दर्ज करने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य निर्माण की पूर्णता की औपचारिक घोषणा 25 नवंबर को ध्वजारोहण समारोह के माध्यम से होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 161 फीट ऊंचे मुख्य शिखर सहित कुल सात मंदिरों के शिखरों पर भगवा धर्म ध्वज फहराएंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित हजारों गणमान्य जन मौजूद रहेंगे।



अयोध्या में बनकर तैयार राम मंदिर।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी महाराज ने बताया कि 22 फीट लंबा और 11 फीट चौड़ा भगवा ध्वज वाल्मीकि रामायण में वर्णित रघुवंश के प्रतीकों सूर्य, ॐ और कोविदार वृक्ष से अंकित होगा। यह ध्वज 42 फीट ऊंचे ध्वजदंड (10 फीट ढांचे में, 32 फीट बाहर) पर 360 डिग्री घूमने वाली चैंबर पर स्थापित किया जाएगा, जो 60 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की गति को भी सहन कर सकेगा। राम मंदिर ट्रस्ट महासचिव चंपत राय के अनुसार, समारोह में सात से आठ हजार श्रद्धालु शामिल होंगे, जिनमें प्रमुख संत-महंत, विभिन्न संप्रदायों के धर्माचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाले लोग होंगे।

### देश के 108 आचार्य संपन्न कराएंगे अनुष्ठान

21 से 25 नवंबर तक पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान चलेगा, जिसमें रामचरितमानस पाठ, श्रीराम रक्षा स्तोत्र का पारायण और वैदिक हवन शामिल होंगे। काशी के विद्वान गणेश्वर शास्त्री के नेतृत्व में अयोध्या, काशी और दक्षिण भारत के 108 आचार्य अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। चंपत राय के अनुसार मंदिर का निर्माण परंपरागत नागर शैली में हुआ है। मंदिर की लंबाई (पूर्व-पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट है। मंदिर तीन मंजिल का है और प्रत्येक की ऊंचाई 20 फीट है। मंदिर में कुल 392 खंभे और 44 द्वार हैं। भूतल गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बाल रूप अर्थात् श्रीराम लला का विग्रह, प्रथम तल पर श्रीराम दरबार के दर्शन हो रहे हैं। परिसर में सभी मंदिरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इन पर भी ध्वजारोहण होगा।

### क्रॉसिंग 11 से परिसर में प्रवेश करेंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी क्रॉसिंग 11 आद्यगुरु शंकराचार्य द्वार से प्रवेश करेंगे और हनुमानगढ़ी दर्शन के बाद मंदिर परिसर में सप्त मंडप एवं रामायण की 3डी म्यूरल्स का अवलोकन करेंगे।

### सीएम योगी ने भी पीएम को दिया है निमंत्रण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण सौंपा और आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की। उनकी सरकार ने अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया। समारोह में प्रदेश मंत्रिमंडल के कई मंत्री भी शामिल होंगे।



कन्हैया लाल महिला महाविद्यालय में छात्रा को प्रमाण-पत्र देते जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित।

## कौशल विकास मिशन बना रहा युवाओं को आत्मनिर्भर : रोहित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कन्हैया लाल महिला महाविद्यालय सोहावल में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट कौशल विकास मिशन युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। प्रबंधक कंचन लता यादव ने बताया कि संस्थान में शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक प्रशिक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है। केंद्र में फूड प्रोसेसिंग, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन और कंप्यूटर जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में डिस्ट्रीब्यूटर्स के जिला प्रबंधक दीपक कुमार, केंद्र व्यवस्थापक शुभम कुमार, सहायक अध्यापिकाएं मंजू, सरिता, सविता, हर्ष यादव, संतोष, किरना यादव, अमरेश वर्मा, विजय बहादुर यादव सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

## जगत कल्याण के लिए होता है भगवान का अवतार: प्रपन्नाचार्य

**पूराबाजार, अमृत विचार :** मसौधा ब्लाक के नैपुरा नहर भरत कुंड में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान का अवतार जगत कल्याण के लिए होता है। कहा कि जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ा है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर पापियों का नाश करके धर्म की रक्षा करके जगत का कल्याण किया है। कहा कि काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, अहंकार यह सब व्यक्ति को अधर्म और पाप की ओर ले जाता है और वह परमात्मा से दूरी बना लेता है। इससे बचने का उपाय परमात्मा की शरण है। कहा कि जहां पर भगवान का प्राकट्य होता है वहां पर सभी देवी देवता भगवान का दर्शन करने आते है और वह स्थान तीर्थ हो जाता है। मुख्य यजमान उदयभान सिंह, श्याम सिंह, अरविंद सिंह, अंश सिंह, यश सिंह सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

# अंशुमन, अविरल, अरुल व शिवांश रहे अव्वल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिला ताइक्वाण्डों संघ के तत्वावधान में एचसीजे अकादमी में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता रविवार को सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिला ताइक्वाण्डो संघ के सचिव भगवान दास अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 23 विद्यालयों के 350 बच्चों ने विभिन्न वर्ग वर्गों में प्रतिभाग किया। सब जूनियर बालक वर्ग में अंशुमन यादव, अविरल श्रीवास्तव, अरुल कुमार, शिवांश ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। बालिका वर्ग में काव्या श्रीवास्तव, अर्चना कनौजिया, अंशिका यादव व अन्वी सिंह ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में विशाल गुप्ता, श्रुति गुप्ता, पूजा यादव, सिद्धार्थ निषाद, आर्यन कुमार, मो. आदिल, ज्योत्सना व मयंक शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर फैजाबाद पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्र, रेफरी, ऑफीसियल, खिलाड़ी, अभिभावक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।



जनपदीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक पहना कर पुरस्कृत करते रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव। अमृत विचार

## अपर पुलिस अधीक्षक ने टांडा कोतवाली का किया निरीक्षण

**टांडा (अंबेडकरनगर)।** अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने थाना कोतवाली टांडा का अद्र्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, मलखाना, बंदीगृह, पुलिस भोजनालय और बैरक सहित सभी शाखाओं का गहन अवलोकन किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के रखरखाव और अद्यावधिकरण, आपदा उपकरणों तथा शस्त्रों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्यवाहीके निर्देश दिए।

# तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण रुका

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

- बड़ेपुर डीहवा गांव का मामला
- उपजिलाधिकारी के निर्देश पर लेखपाल ने बंद कराया काम

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के बड़ेपुर डीहवा गांव में तालाब की जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण की शिकायत पर उप जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद रविवार को लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया है।

बता दें कि शिकायतकर्ता जालंधर, राम केवल, राम रूप और राम सहाय ने उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता को ज्ञापन देकर बताया कि गांव की जिस भूमि पर हीरालाल और आसाराम द्वारा पक्का मकान निर्माण कराया जा रहा है, वह राजस्व अभिलेख में घरौदी में तालाब के रूप में दर्ज है। यह वहीं स्थान है जहां से पूरे गांव का पानी निकलता है। इस पर निर्माण होने से भविष्य में जलभराव और बाढ़ की स्थिति में जन-धन की हानि की आशंका बनी हुई है। शिकायत के बाद भी जब निर्माण जारी रहा तो रविवार को ग्रामीणों ने पुनः मामले की जानकारी उप जिलाधिकारी को दी। इस पर एसडीएम राहुल गुप्ता ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। निर्देश के बाद मौके पर पहुंची लेखपाल रंजना वर्मा ने निर्माण कार्य रुकवाते हुए संबंधित पक्षों से जमीन के कागजात मांगे हैं।



रोका गया अवैध निर्माण कार्य।

उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि जब तक संबंधित भूमि के स्वामित्व संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाते, तब तक निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी या तालाब की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वीडियो वायरल होने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**अंबेडकरनगर।** जनपद में एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को छात्रों से लकड़ी ढुलवाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद की गई,।

बता दें कि वायरल वीडियो शिक्षा क्षेत्र अकबरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय उकरा का बताया जा रहा है। जिसमें प्रधानाध्यापक भरतलाल विद्यालय परिसर में काटे गए एक पेड़ की लकड़ी को छात्रों से वाहन में रखवाते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे। मामला सामने आने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी अकबरपुर को प्रारंभिक जांच के लिए भेजा गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में पुष्टि की कि वीडियो प्राथमिक विद्यालय उकरा का ही है।

## ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर विवाद बचाव में उतरी महिला की मौत

मालीपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र के बेलउवा बरियारपुर गांव निवासी हृदय नारायण और मंशाराम सगे भाई हैं। शनिवार की रात उनके दरवाजे के पास गांव के ही शैलेंद्र यादव अपना ट्रैक्टर खड़ा कर रहे थे। इसी दौरान दोनों भाइयों ने मार्ग अवरुद्ध होने की बात कहकर ट्रैक्टर खड़ा करने से मना किया, जिस पर शैलेंद्र यादव से कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और बात मारपीट तक जा पहुंची।

वहीं बीच-बचाव करने के लिए हृदय नारायण की पत्नी ऊषा देवी 50 वर्ष भी मौके पर पहुंच गईं। इसी दौरान हुए हंगामे में ऊषा देवी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने झगड़ा शांत कराया और अचेत अवस्था में पड़ी ऊषा देवी को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शनिवार रात उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मालीपुर थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विवाद के दौरान महिला का बीपी अचानक बढ़ गया था, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ीं और उनकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के पति हृदय नारायण की तहरीर पर आरोपी शैलेंद्र यादव के विरुद्ध गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## भाजपा नेता को पीटा 3 पर मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर।** टाण्डा कोतवाली क्षेत्र में भाजपा नेता सुरेश कन्नौजिया की पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने सुरेश कन्नौजिया की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया और मुकेश मौर्य के बीच रुपये के लेन देन को लेकर विवाद हो गया। रविवार को इसी लेन देन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें भाजपा नेता सुरेश कन्नौजिया का सिर फट गया है। वहीं टाण्डा कोतवाली प्रभारी दीपक रघुवंशी ने बताया कि मामले में एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज लिया है। पीड़ित सुरेश कन्नौजिया का मेडिकल कराया जा रहा है।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा का हुआ आयोजन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** भारत सरकार के स्कूल एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन मनोविज्ञानशाला प्रयागराज एवं परीक्षा नियामक प्राधिकरण उप्र के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के आठ केंद्रों के पर संचालित हुई। परीक्षा प्रभारी व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर हरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जनपद के 2 हजार 652 छात्रों ने परीक्षा में आवेदन किया था। जिसमें 2 हजार 332 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। जबकि 320 छात्रों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए संबंधित प्रधानाचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।



छात्रवृत्ति परीक्षा देते छात्र।

परीक्षा में राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर के 205 छात्रों के सापेक्ष 177 छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं 28 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। सावित्रीबाई फुले राजकीय इंटर कॉलेज कुर्की बाजार में 240 छात्रों के सापेक्ष 208 बच्चों ने परीक्षा दी। वहीं 32 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में 482 छात्रों के सापेक्ष 441 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। वहीं 41 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। डॉ. जीके जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर में 350 छात्रों के सापेक्ष 309 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 41 छात्रों ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

## गोविन्द साहब मेले की तैयारियां समय से करें पूर्ण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** आगामी 29 एवं 30 नवंबर से प्रारंभ होने वाले सुप्रसिद्ध और ऐतिहासिक गोविन्द साहब मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, उप जिलाधिकारी आलापुर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लगभग एक माह तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले की समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने सफाई व्यवस्था, रेन बसेरा, कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था, फॉगिंग, पेयजल, टॉयलेट स्थापना और उसकी साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, साइकिल स्टैंड, चेंजिंग रूम, नाव और गोताखोर की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, खाद्य पदार्थ जांच व्यवस्था, खोया-पाया केंद्र, अलाव, साधु-संतों और श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था, आवागमन और परिवहन व्यवस्था जैसी सभी व्यवस्थाओं को मेला प्रारंभ की तिथि से 10 दिन पहले ही पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। वहीं इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पार्किंग स्थलों पर रेट बोर्ड लगाने, प्रयाप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था को अपेक्षित समय में पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए।

## अपर जिला जज ने बंदियों को किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशन में जिला कारागार में विधिक सेवा सप्ताह का शुभारम्भ और विधिक सेवा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का संचालन अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर जेलर आलोक सिंह, डिप्टी चीफ राजेश कुमार तिवारी, डिप्टी जेलर सूर्यभान सरोज, डिप्टी जेलर तेजवीर सिंह सहित कारागार चिकित्सालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पराविधिक स्वयंसेवक, कारागार कर्मचारी और महिला व पुरुष बन्दी उपस्थित रहे। अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने बताया कि विधिक सेवा दिवस प्रतिवर्ष 09 नवम्बर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि प्रत्येक व्यक्ति को निष्पक्ष और सम्मानजनक न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि इस दिवस की शुरुआत वर्ष 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने बताया कि 1 दिसम्बर से राज्य भर में बेल ऑर्डर मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा है, जिसके तहत सक्षम न्यायालय द्वारा स्वीकृत जमानत आदेश सीधे ई-प्रिजन पोर्टल के माध्यम से जेल अधीक्षक को प्राप्त होंगे। जिससे बन्दियों की रिहाई में अनावश्यक देरी न हो।



बंदियों को उनके हक के बारे में जागरूक करते अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता व साथ में मौजूद अन्य। अमृत विचार

सख्ती

जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न कृषि बीज और खाद भंडारों का औचक निरीक्षण कर मांगा स्पष्टीकरण

# डीएम ने केंद्र प्रभारी को फटकारा, वेतन रोकने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने विकासखंड अकबरपुर, विकासखंड टांडा और विकासखंड रामनगर के विभिन्न राजकीय कृषि बीज भंडारों, साधन सहकारी समितियों और निजी खाद और बीज विक्रय की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्था मिलने पर डीएम ने केंद्र प्रभारी को फटकार लगाते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने राजकीय बीज भंडार अकबरपुर, जिला कार्यालय उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड बरधा भिऊरा सोनगांव अकबरपुर के गोदाम, प्राथमिक ग्रामीण सह समिति बी-पैक्स बहुउद्देशीय लैंप्स लिमिटेड अशरफपुर पचौखा अरिया अकबरपुर, विकासखंड टांडा में राजकीय बीज भंडार टांडा एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड टांडा, विकासखंड रामनगर में स्थित राजकीय बीज भंडार रामनगर तथा वर्मा बीज एजेंसी बहरामपुर रामनगर, विक्रमजीत वर्मा बीज भंडार एवं इफको ई-बाजार बहरामपुर रामनगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न बीज भंडारों एवं सहकारी समितियों पर बीज और खाद की उपलब्धता का जायजा लिया तथा वितरण रजिस्टर का अवलोकन किया। जिलाधिकारी द्वारा खाद और बीज की बोरियों का तौल कराकर भी देखा गया, जिसमें तौल ठीक पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित किसानों को खाद और बीज भी प्रदान कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी केंद्र प्रभारियों को केंद्र पर आने वाले किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निशुल्क बीजों की भी जानकारी भी नियमित उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निजी खाद एवं बीज विक्रेताओं के दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निजी दुकानों पर जिलाधिकारी द्वारा खाद की उपलब्धता की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक कृषि अश्विनी सिंह, जिला कृषि अधिकारी और एआर कोऑपरेटिव उपस्थित रहे।



राजकीय कृषि बीज भंडारों और साधन सहकारी समितियों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। अमृत विचार

### तत्काल रेट लिस्ट लगाए जाने के दिए आदेश

निरीक्षण के दौरान सहकारी समितियों पर पूर्व में दिए गए निर्देशों के उपरांत भी उर्वरकों के बिक्री दर और अनुदान के लिस्ट का बोर्ड नहीं लगा हुए पाए जाने पर जिलाधिकारी ने एआर कोऑपरेटिव को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक ग्रामीण समिति बी-पैक्स बहुउद्देशीय लैंप्स लिमिटेड अशरफपुर पचौखा अरिया के सचिव को रेट लिस्ट नहीं लगाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी समितियों पर तत्काल रेट लिस्ट लगाए जाने के आदेश दिए। राजकीय बीज भंडार रामनगर के निरीक्षण के दौरान बीज भंडार भवन की छत पर साफ-सफाई न होने से छत पर और भवन के छज्जे पर घास उगा हुआ पाए जाने पर जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई तथा उपनिदेशक कृषि को केंद्र प्रभारी का वेतन अवरुद्ध करने तथा स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

## बीएलओ मतदाताओं तक समय पर पहुंचाएं गणना प्रपत्र : जिलाधिकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से अपने-अपने मतदेय स्थल से संबंधित सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्र के वितरण के कार्य का विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर भौतिक अवलोकन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील अकबरपुर के ग्राम पंचायत वर्धाभीयुरा में मतदाताओं को स्वयं गणना प्रपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सहित तहसील में गणना प्रपत्र के वितरण की स्थिति के बारे में मौके पर उपस्थित तहसीलदार अकबरपुर से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गणना प्रपत्र को सभी मतदाताओं को घर-घर जाकर निर्धारित समयावधि 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में समस्त बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है।

**सूचना**

श्री देवांश गोविल श्रीवास्तव पुत्र स्व0 अजय कुमार श्रीवास्तव निवासी 6/11/46. मोहल्ला हैदरगंज शहर (फैजाबाद) अयोध्या तहसील सदर, जिला अयोध्या. पिनकोड–224001 द्वारा अपने पिता स्व0 अजय कुमार श्रीवास्तव के स्थान पर मृतक आश्रित कोटे के अन्तर्गत सेवायोजन हेतु आवेदन किया गया है। स्व0 अजय कुमार श्रीवास्तव कार्यकारी सहायक के पद पर कार्यरत थे, तथा इनका देहान्त दिनांक 06.08.2025 को हो चुका है। अतएवं उक्त आवेदन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह एक सप्ताह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय– जलालपुर अम्बेडकरनगर में प्रस्तुत कर सकता है।

**अधिशाषी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड जलालपुर**
**अम्बेडकरनगर।**

**न्यूज ब्रीफ**

### आरोग्य मेले में 2245 मरीजों का इलाज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार को जनपद के सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 226वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस आयोजन में जनपद के 61 चिकित्सक एवं 314 पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मेले में भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। आंकड़ों के अनुसार 1033 पुरुष, 985 महिलाएं एवं 227 बच्चे मिलाकर कुल 2245 लाभार्थियों की जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही 48 आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए।

### छात्राओं की ऐतिहासिक सरस्वती यात्रा रवाना

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड से रविवार को छात्राओं की सरस्वती यात्रा मनगढ़ (प्रतापगढ़) व श्रृंगवेरपुर (प्रयागराज) के लिए रवाना हुई। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने कहा कि भारत का इतिहास हमारे तीर्थ स्थलों और संत परंपराओं में जीवित है। यात्रा में 150 छात्राएं व शिक्षिका रेनू सिंह सहित अनेक शिक्षक शामिल हुए।

### युवक की पिटाई, तीन पर केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के घासीपुर में महिलाओं पर छींटाकशी का विरोध करना एक दलित युवक को भारी पड़ गया। नेवादा इशहाकपुर निवासी शादाब और उसके दो साथियों ने युवक विकास कोरी की लात-घूंसों से पिटाई कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# टीईटी अनिवार्यता पर दिल्ली कूच करेंगे शिक्षक

## प्राशिसं ने बैठक में बनाई आंदोलन की रणनीति, एरियर भुगतान और व पुस्तिका संशोधन की उठाई मांग

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) की मासिक बैठक रविवार को शिक्षक भवन, सिरवारा में जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत ईश वंदना के साथ हुई, जिसमें संगठन के विभिन्न मुद्दों और शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आगामी 24 नवंबर को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित होने वाले धरने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 400 शिक्षकों के टिकट बुक हो चुके हैं और जनपद से करीब 1000 शिक्षकों के दिल्ली कूच करने की संभावना है। साथ ही उन्होंने लेखा कार्यालय की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए शिक्षकों के लंबित कार्यों को शीघ्र निस्तारित करने की मांग की। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बीएसए कार्यालय के अनुसार सेवा पुस्तिका संशोधन हेतु पोर्टल 31 दिसंबर 2025 तक खुला रहेगा, अतः जिन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में त्रुटियां हैं, वे समय रहते संशोधन करा लें।



शिक्षक संघ की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय। ● अमृत विचार

जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने शिक्षकों से अपील की कि वे भारी संख्या में दिल्ली पहुंचकर धरने में भाग लें, ताकि 2011 पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त कराई जा सके। कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति ने चयन वेतनमान हेतु योग्य शिक्षकों की फाइलें शीघ्र अग्रसारित करने की बात कही, जबकि जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने 30 नवंबर तक समस्त एरियर भुगतान एवं एक सप्ताह में जीपीएफ लोन भुगतान की मांग उठाई।

बैठक में जिला मीडिया प्रभारी डॉ. चन्द्रपाल राजभर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अनुज यादव, राधेश्याम मौर्य, अरुण कुमार सिंह, राजीव कुमार यादव, शिवकुमार मौर्य, फिरोज अहमद, अरविंद दुबे आदि मौजूद रहे।

# दंपति के विवाद में मारपीट दोनों पक्षों से सात पर केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम कटघरापट्टी हियाई में शनिवार को पति-पत्नी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आपसी कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसके चलते कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कटघरापट्टी हियाई निवासी अभिषेक सिंह की शादी वर्ष 2013 में शिल्पा सिंह, निवासी ग्राम बैरामल, मालीपुर (अंबेडकरनगर) से हुई थी। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से अनबन चल रही थी। बताया जा रहा है कि 6 नवंबर को शिल्पा सिंह ने अपने भाई विशाल सिंह को फोन कर हियाई बुला लिया था। शनिवार सुबह दोनों पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ी कि मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष से शिल्पा सिंह और उसका भाई विशाल सिंह घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से विवेक सिंह (देवर) और उसकी पत्नी गुंजा सिंह को चोटें आईं। पुलिस के अनुसार, शिल्पा सिंह की तहरीर पर पति अभिषेक सिंह, देवर विवेक सिंह और ओमप्रकाश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, विवेक सिंह की तहरीर पर शिल्पा सिंह और विशाल सिंह के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

- अखंडनगर थाना क्षेत्र के नसरपुर गांव में फैला मातम, शव पोस्टमार्टम को भेजा गया

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के नसरपुर गांव में हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोलू यादव पुत्र शंभू यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गोलू दोपहर में घर से निकला था और शाम लगभग छह बजे गांव से कुछ दूरी पर उसका शव टूटी हुई 11 हजार वोल्ट की विद्युत तार के पास पड़ा मिला।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर, विद्युत उपकेंद्र प्रभारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर लापरवाही की जांच और आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# 50 मरीजों का निःशुल्क होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब सुलतानपुर एवं आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में शहर के बारातघर परिसर में रविवार को निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने फीता काटकर किया, जबकि दीप प्रज्ज्वलन वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधाकर सिंह ने किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ. डी.एस. मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में लगभग 500 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 50 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। चयनित मरीजों को आर.जे. शंकरा हॉस्पिटल की बस से वाराणसी भेजा गया, जहां सोमवार को उनका ऑपरेशन किया जाएगा। इसके बाद सभी मरीजों को उसी बस से सुलतानपुर लाकर उनके घर छोड़ा जाएगा। यह पूरी व्यवस्था रोटरी क्लब की ओर से निशुल्क की गई है। शिविर के सफल संचालन में रोटरी क्लब के पदाधिकारी रोटरी क्लब अध्यक्ष अखिल अग्रवाल, सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय, संजय केसरवानी, संदीप कुमार, नीरव पांडेय, प्रमोद मल्होत्रा, वेद प्रकाश जायसवाल, सुधीर निगम, आर.के. सिंह, मनोज बरनवाल सहित महिला सदस्य सुनैना केसरवानी, पूजा अग्रवाल, सरिता पांडेय, ऋतु मल्होत्रा, साक्षी पांडेय, तनु टंडन, अनुराधा जायसवाल, नीलू अग्रहरि एवं आकांक्षा श्रीवास्तव सक्रिय रहीं।



मरीजों की जांच करती चिकित्सकों की टीम। ● अमृत विचार

- रोटरी क्लब सुलतानपुर व आरजे शंकरा हॉस्पिटल द्वारा मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन, पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

### मेले जैसा दिखा नजारा

नगर पालिका के बारात घर में रोटरी क्लब की ओर से आयोजित शिविर में मेले जैसा नजारा दिखा। यहां पर दोस्तपुर, अखंडनगर, बल्दीराय जैसे दूर दराज क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे। जिनको सम्मानजनक तरीके से बैठाकर बारी-बारी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा चेकअप किया गया।

# सभ्यता तलवार बनाना सिखाती है तो संस्कृति चलानाः प्रो. सिंह


**सुलतानपुर, अमृत विचारः** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश अभिलेखागार एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित "भारत की सांस्कृतिक धरोहर और अभिलेख संरक्षण की चुनौतियां" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. राधेश्याम सिंह ने कहा कि सभ्यता तलवार बनाना सिखाती है तो संस्कृति चलाना सिखाती है। मनुष्यता की निरंतरता बनाए रखना हमारा दायित्व है। अध्यक्षता कर रहे डॉ. एम.पी. सिंह ने कहा कि धरोहर स्थलों को पर्यटन से जोड़ने की आवश्यकता है। विशिष्ट वक्ता प्रो. प्रज्ञा मिश्र ने कहा कि पुरातत्व से प्रमाणित साहित्य ही इतिहास बनता है। अन्य वक्ताओं ने अभिलेख संरक्षण में जनसहभागिता पर बल दिया। संगोष्ठी का संचालन प्रो. इन्द्रमणि कुमार ने किया।

**व्यवहार न्यायालय लातेहार**

—: आवश्यक सूचना :—

बालूमाथ थाना काण्ड संख्या 81/2019, दिनांक 04.05.2019, धारा–467/468/471/420/120(b) भा०द०वि०, काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त के विरूद्ध माननीय व्यवहार न्यायालय लातेहार (झारखण्ड) के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत दिनांक 09.11.2025 को तामिला किया गया है, तथा आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.12.2025 तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्ध अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम व पता |
|---|---|
| 1. | अमित सिंह उर्फ प्रदीप शर्मा, पे० घनश्याम शर्मा, सा० विशुनीपुरी (राघो कॉलोनी) भगवतीगंज, थाना कोतवाली नगर, जिला बलरामपुर |



# वॉलीबॉल प्रतियोगिता के निर्णायक बने रामजीत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** 11 से 15 नवम्बर तक राजकीय पीएम श्री इंटर कॉलेज बरेली में आयोजित हो रही राष्ट्रीय अंडर 17 बालक/बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता में परिषदीय शिक्षक व नेशनल रेफरी रामजीत अयोध्या मंडल से एकमात्र निर्णायक चुने गए हैं। जिले के बल्दीराय ब्लॉक में उच्च प्राथमिक विद्यालय पांडेपुर में कार्यरत रामजीत मूलतः मऊ जिले के निवासी है। शुरु से ही जिले में वॉलीबाल के लिए लगातार कार्य करते रहे हैं। जनपद स्तर पर उनके द्वारा वॉलीबाल खेल को बढ़ावा देने का कार्य किया गया, जिसमें उस क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ी व प्रशिक्षक सैयद नूर अली ने इस कार्य में उनका भरपूर सहयोग दिया।

जिला वॉलीबाल संघ की तरफ से राष्ट्रीय चयन पर जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव शिव नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, चंदन नारायन सिंह, रामेंद्र सिंह राणा, वेद प्रताप सिंह, रमाकांत यादव, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक हीरालाल यादव, मो सईद, वैभव सिंह, अखिलेश वर्मा, खेल प्रवक्ता राजेश कनौजिया, सचिव तारिक वसीम, सचिव विजय यादव, प्रवीण मिश्र, महेश यादव, जितेंद्र बहादुर सिंह, शोभनाथ सिंह, विकास सिंह, संदीप पांडेय सहित शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

- कटका क्लब ने टांटिया नगर में की ब्रेकर की पेंटिंग और यात्रियों से एंबुलेंस को रास्ता देने की अपील

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** यातायात माह के अवसर पर सामाजिक संस्था कटका क्लब द्वारा अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग स्थित टांटियानगर बाजार में सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने सड़क पर बने ब्रेकरों की पेंटिंग की, ताकि तेज रफ्तार वाहन चालक दूर से ही उन्हें देख सकें और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने बताया कि हाइवे पर बिना पेंटिंग वाले ब्रेकर अक्सर बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इसलिए क्लब ने पहल कर इनकी पेंटिंग कराई है। कथा वाचक शनि मिश्र ने बताया कि अभियान के दौरान यात्रियों से यह भी अपील की गई कि सड़क पर चलते समय आपातकालीन वाहनों खासकर एंबुलेंस को प्राथमिकता से रास्ता दें। क्लब के आईटी सेल प्रभारी बृजेंद्र मिश्र ने बताया कि कटका क्लब पूरे माह यातायात जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां चलाएगा, जिनमें ब्रेकर पेंटिंग, रेडियम बेल्ट लगाना और "एम्बुलेंस को रास्ता दें" जैसे संदेशों का प्रचार शामिल है। अभियान की सराहना स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने भी की।


टांटियानगर के पास ब्रेकर बनाते कटका क्लब के लोग।

# रोजगार मेले में 4126 युवाओं को मिली नौकरी

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के गोथुआ जागीपुर में सेवार्थम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी की पहल पर आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले का समापन रविवार को हुआ। मेले में दो दर्जन कंपनियों ने भाग लेकर सैकड़ों युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। आयोजन में पहले दिन मंत्री डॉ. संजय निषाद व दूसरे दिन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह मुख्य अतिथि रहे।

आयोजक डॉ. तिवारी ने बताया कि मेले में 4356 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 4126 को रोजगार मिला, कुछ को मौके पर तो कुछ को ईमेल से ऑफर लेटर भेजा जाएगा। मुख्य अतिथि कामेश्वर सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव है। आयोजन में ब्लॉक प्रमुख अरुण जायसवाल, कपाली बाबा, सूर्या सिंह, अमित बरनवाल, हरिओम अग्रहरि समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# लंका विजय संग लगे जय श्रीराम के जयकारे

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** खुर्शीद क्लब मैदान में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के नौवें दिन का शुभारंभ शनिवार को विधायक रमेश मिश्रा बदलापुर एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामशब्द मिश्रा दूबेपुर ने भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कथा व्यास प्रेमदास रामायणी जी महाराज ने लंका विजय प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान राम ने लंका जाने हेतु समुद्र पर पुल निर्माण का संकल्प लिया, तो नल-नील एवं वानर सेना के सहयोग से सेतु का निर्माण आरंभ हुआ।

उन्होंने कहा कि जब प्रभु श्रीराम ने स्वयं एक पत्थर जल में डाला तो वह डूब गया, जिससे कथा यह संदेश देती है कि जिसे भगवान त्याग देते हैं, वह जीवन के भंवर में डूब जाता है। पुल निर्माण के उपरांत भगवान श्रीराम ने पूरी वानर सेना के साथ लंका पर चढ़ाई की और रावण का वध कर धर्म की पुनर्स्थापना की। रावण के अंतिम समय में भगवान राम ने लक्ष्मण को राजनीति और कूटनीति का ज्ञान लेने के लिए उसके पास भेजा। रावण ने जीवन के अंतिम क्षणों में नीति और शास्त्र का सार सुनाकर प्राण त्याग दिए। कथा के दौरान प्रेमदास जी महाराज ने बताया कि लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा बनाया और माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित अयोध्या लौटे, जहां उनका राजतिलक हुआ और चारों भाइयों ने अयोध्या में सुशासन स्थापित किया।


व्यास पीठ की आरती के दौरान मौजूद श्रद्धालु महिलाएं।

# करोमी प्रधान समेत 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज

- घटना के चार दिन बाद पुलिस ने की कार्रवाई

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के करोमी गांव में ग्राम प्रधान और पूर्व प्रधान के बीच पुरानी रंजिश एक बार फिर उभर आई है। चार दिन पहले हुई मारपीट और तोड़फोड़ की घटना के मामले में पुलिस ने शनिवार को ग्राम प्रधान महताब आलम समेत 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इससे पहले, पूर्व प्रधान शान आलम सहित नौ लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

आरोप है कि ग्राम प्रधान पक्ष के लोगों ने पूर्व प्रधान की पत्नी के घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चार दिन बाद कार्रवाई की। गांव में दोनों पक्षों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। देहात कोतवाल अखंडदेव ने बताया कि दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उन्हें विवाद से दूर रहने की हिदायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ताकि किसी बड़ी घटना को रोका जा सके।

# पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** करौंदीकला थाना क्षेत्र के बांगर कला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित अर्जुन शनिवार शाम कादीपुर कस्बे से सामान खरीदकर घर लौट रहा था। जब वह नेवादा मोड़ के पास पहुंचा, तभी विपक्षी पक्ष ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर हमलावरों ने धारदार हथियार और लोहे के रॉड से अर्जुन पर हमला कर दिया, जिससे उसके दोनों हाथों में फ्रैक्चर हो गया और सिर फट गया। गंभीर रूप से घायल अर्जुन को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अमित मिश्र समेत पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD VAISH KHAN से बदलकर सारे डाक्यूमेण्ट पर MOHD WAISH KHAN रख लिया हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। MOHD WAISH KHAN S/O MOHD NAIM KHAN, VILL-KHAIRATPUR, POST-MANGAULI, JAGDISHPUR, DISTT-AMETHI-227809

**सूचना**

मैने अपना नाम से REHAN ANSARI से बदलकर RIHAN ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SIRAJ AHMAD ANSARI ADD-17 A SHAMA VIHAR COLONY SAROJINI NAGAR, MANAS NAGAR, DIST-LUCKNOW-226023 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे आधार कार्ड नंबर 372550114930 में भूल बस उमाकांत पुत्र लक्ष्मी नारायण गलत दर्ज हो गया है जबकि शैक्षिक अभिलेखों में शिवाकांत पुत्र लक्ष्मी नारायण दर्ज है उमाकांत के स्थान पर शिवकांत नाम सही है जिसे लिखा और पढ़ा जाए। **शिवाकांत पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी भटरी तहसील राजपुर जनपद चित्रकूट**

**सूचना**

मैंने अपनी शिक्षा मुम्बई में ग्रहण की है। माध्यमिक शालान्त प्रमाणपत्र में मेरा नाम खान खुशनुमा खातून सद्दाम हुसैन दर्ज है। शादी के बाद से मैं खुशनुमा खातून पत्नी अब्दुल कादिर ग्राम–सिंहोरवा दीगर, पोस्ट– रजापुर सरैया, जनपद–संतकबीरनगर के नाम से पुकारी जाती हूं। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मेरे हाई स्कूल से लेकर एम० ए० तक के सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र व अंक पत्र में मेरा नाम सारिका श्रीवास्तव दर्ज है मेरी पहली शादी अशोक निगम से हो गई इसके बाद मैंने अपना नाम सारिका निगम रख लिया जिससे मेरे बी० एड० के अंक पत्र में मेरा नाम सारिका निगम हो गया अशोक निगम से Divorce के बाद मेरी शादी आशीष सक्सेना से हो गई। इसके बाद मैंने अपना नाम सारिका सक्सेना रख लिया जिससे मेरे टी० ई० टी० सर्टिफिकेट में सारिका सक्सेना दर्ज हो गया उपरोक्त तीनों नाम मेरे हैं **सारिका श्रीवास्तव पुत्री बृज किशोर श्रीवास्तव निवासिनी 569 च /87 प्रेम नगर, आलमबाग, लखनऊ**

**जन सूचना**

सूचित हो कि पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMMAD IMRAN है जबकि मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम MOHD IMRAN हैं। दोनों नाम मेरे ही है। अतः भविष्य में मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम MOHD IMRAN अंकित किया जाए। MOHD IMRAN S/O- MANZOOR ALI, R/O- 488/62, SITAPUR BRANCH ROAD, DALIGANJ, NIRALA NAGAR, LUCKNOW

**श्रीमती राजरानी अग्निहोत्री पी जी कालेज, सेमरौता, अमेठी**

**आवश्यकता है**

प्राचार्य – 01 पद।

स्नातक स्तर पर (बी. ए.) पाठ्यक्रम में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र, मध्य कालीन इतिहास, गृहविज्ञान एवं (बी. एससी.) पाठ्यक्रम में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान एवं गणित विषयों में 01–01 पद प्रवक्ताओं की। परास्नातक स्तर पर (एम.ए.) पाठ्यक्रम में हिन्दी तथा समाज शास्त्र विषय में 02–02 पद प्रवक्ताओं की।

योग्यता एवं वेतनमान – यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के भीतर अपने शैक्षिक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**भवदीय**

9451070216, 9839110090, 9452081833

**उपलब्धि** चिकित्सा पेशा के साथ किसानी में भी रुचि ले रहे चिकित्सक दंपति

# डोभियारा की धरती पर हरियाली की नई कहानी रच रहे डॉ. आशीष

विपिन कुमार, विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जब दिल में जज्बा हो और सोच में नई दिशा, तो पेशे की सीमाएं मायने नहीं रखतीं। इसका जीता-जागता उदाहरण हैं डॉ. आशीष झा और उनकी पत्नी हेमाली झा। जिन्होंने बल्दीराय तहसील क्षेत्र के डोभियारा गांव में 14 एकड़ भूमि पर जैविक और आधुनिक खेती का ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। पेशे से हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष झा वर्तमान में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध आयुर्विज्ञान केंद्र, लखनऊ में कार्यरत हैं। लेकिन मन हमेशा खेतों और मिट्टी में रमा रहता है। उन्होंने कहा, डॉक्टर के रूप में मैं लोगों का दिल ठीक करता हूं, किसान बनकर धरती का दिल सींचता हूं। प्रकृति के प्रति लगाव और जैविक जीवनशैली की चाह ने उन्हें खेती की ओर मोड़ा है।

**पारंपरिक खेती से हटकर नवाचार की राहः** जहां अधिकांश किसान अब भी परंपरागत धान-गेहूं की खेती में सीमित हैं, वहीं डॉ. झा ने खेती को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनाया। उन्होंने सरकारी अनुदान से तीन पॉलीहाउस स्थापित किए हैं और दो नेट हाउस निर्माणाधीन हैं। यहां तापमान और नमी नियंत्रित वातावरण में उच्च गुणवत्ता की सब्जियां, फूल और फलों की खेती की जा रही है।

### प्रयोग व तकनीक से सजी खेती

उनका फार्म अब एक 'प्रयोगशाला' की तरह विकसित हो चुका है। यहां देशी सब्जियों की नई प्रजातियों का परीक्षण, हल्दी, परवल, बेल, आंवला और आम की विभिन्न किस्मों की खेती की जा रही है। खेत में वर्मी कम्पोस्ट, बायोडीकंपोज़र यूनिट और जीवामृत संयंत्र के माध्यम से पूरी तरह जैविक खाद का उपयोग होता है। सिंचाई के लिए ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, सोलर सबमर्सिबल पंप और वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाई गई है। इसके साथ ही फार्म पर फार्म स्टे सुविधा भी उपलब्ध है, जहां आगंतुक खेती और ग्रामीण जीवन का अनुभव ले सकते हैं।


पॉली हाउस में तैयार जरबेरा का फूल दिखाते डॉ. आशीष झा।

> सभी किसानों से अनुरोध है कि पॉली हाउस सेड नेट में खेती करें जिससे कम जगह में अधिक मुनाफा कमाया जा सके। डॉ आशीष झा को सभी प्रकार के विभागीय सहयोग मिल रहे हैं, उन्होंने इसका बहुत अच्छा प्रयोग भी किया है।
>
> – रणविजय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी

### खेतों में लहलहा रही विविध फसलों की हरियाली

डॉ. झा के फार्म में इस समय काला नमक धान (10 एकड़), हल्दी (5 बीघा), सब्जियां और बैंगन, पपीते के 500 पौधे, अमरूद के 200 पौधे, आम के लगभग 70 पेड़, ड्रैगन फ्रूट के 2000 पौधे, जरबेरा फूल की खेती (2 एकड़) और रंगीन शिमला मिर्च (1 एकड़) शामिल है। नेट हाउस में विभिन्न मौसमी सब्जियां उगाई जा रही हैं।

### खेती में विज्ञान, प्रबंधन में प्रोफेशनलिज्म

डॉ. झा के फार्म का संचालन एक प्रशिक्षित टीम द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि "खेती के प्रबंधन की जिम्मेदारी मेरे मैनेजर तुषार पवार संभालते हैं, जो समय-समय पर नई तकनीकें लागू करते हैं।" यह फार्म प्राकृतिक, वैज्ञानिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण का अनोखा संगम बन चुका है।

न्यूज ब्रीफ

### रन फार मैराथन एजुकेशन कल

**इटियाथोक, गोंडा।** इटियाथोक क्षेत्र के धुसवा मेला स्थल जयप्रभा ग्राम गोंडा पर 11 नवंबर को राष्ट्रीय छात्र पंचायत की ओर से रन फॉर एजुकेशन मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य प्राइवेट स्कूल की फीस मनमानी को लेकर इसका आयोजन किया गया है। इस मैराथन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि फीस बिल क्यों जरूरी है वर्तमान समय में शिक्षा में लूट बची हुई है। प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा को सामाजिक सेवा न बनाकर कमाने का जरिया बना लिया है। इसलिए फीस बिल पारित होना बहुत जरूरी है। इसी के लिए राष्ट्रीय छात्र पंचायत के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### कामरेड कन्हैया लाल को दी गई श्रद्धांजलि

**गोंडा, अमृत विचार :** भाकपा माले की ओर से कामरेड कन्हैया लाल की याद में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला प्रभारी जमाल खान ने कामरेड कन्हैया लाल के जीवन पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि कन्हैया लाल का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था हम सब उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने हमेशा गरीबों की आवाज उठाई । शोषित की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने जो संकल्प यात्रा शुरू की थी आज जरूरत है कि सभी लोग मिलकर उसको आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर राजीव कुमार, मुश्ताक अहमद, सदानंद गिरी ,कृष्ण वर्मा, सोहेल, रविंद्र श्रीवास्तव, दीनानाथ त्रिपाठी पंकज पासवान, सुखसेन सिंह, हाफिज मोहम्मद अयूब, सीताराम वर्मा, मोहम्मद अहमद, सतनारायण वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### गैंगस्टर एक्ट के वांछित को कोतवाली देहात पुलिस ने दबोचा

**गोंडा, अमृत विचार :** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त सनी सिंह उर्फ रजनीश सिंह पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी ठोरहंस महिपत सिंह पुरवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना कौड़िया में गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग दर्ज था। आरोपी सनी सिंह कुख्यात अपराधी कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह के गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जाता है, जो हत्या की कोशिश, लूट आदि गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। पुलिस टीम ने उसे ग्राम ठोरहंस महिपत सिंह पुरवा से दबोच लिया। कोतवाल देहात संजय सिंह बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### विद्युत पोल झुका, सही करने की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** लाइट का खंभा झुक कर जमीन पर आ गया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उसको सही करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं ।जिससे मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश है। नगर कोतवाली क्षेत्र के माधव पुरम में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाया गया बिजली का खंभा लटक गया है। मोहल्ले वासियों के मुताबिक कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है । मवेशी घास करने के लिए पोल के आसपास घूमते रहते हैं। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। लेकिन किसी ने इसको सही करने की कोशिश नहीं की । स्थानीय लोगों में उमेश, रमेश, सरस, महेंद्र, उमेंद्र, मूलचंद, राघव आदि लोगों ने लाइट पोल को सही करने की मांग की है।

### नाबालिग के अपहरण पर विभिन्न संगठनों का फूटा गुस्सा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण के विरोध में रविवार को बस स्टॉप पर बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, किसान यूनियन समेत अन्य हिंदू संगठनों ने एकत्र होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। इस दौरान पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया गया और जल्द कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री मनोज मिश्रा ने कहा कि नाबालिग के अपहरण जैसे गंभीर मामले में पुलिस ने अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बच्ची को बरामद नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन करेंगे। इस मौके पर ठाकुर गजराज सिंह, धनंजय मणि त्रिपाठी, गंगेश सिंह, विमलेश जायसवाल, धर्मेंद्र सिंह, विमल गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# फॉरेक्स ट्रेडिंग घोटाले में फंसे सैकड़ों निवेशक, डर से नहीं खोल रहे मुंह

## अब तक जिले के दो दर्जन से अधिक निवेशकों के नाम सामने आए, गोंडा के राहुल सिंह की कंपनी पर ईडी ने गोपनीय तरीके से तलब की रिपोर्ट

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** क्यूएस एक्स फॉरेक्स घोटाले की जांच तेज हो गई है। इसे जितना दबाने की कोशिश हो रही है ईडी ने बैक डोर से निवेशकों के खातों व उनके पते खंगालने का काम शुरू कर दिया है। अब तक गोंडा जिले के दो दर्जन से अधिक निवेशकों के नाम सामने आए है। ईडी इन्हें कभी भी तलब कर सकती है। हालांकि निवेशक कंपनी के संचालकों व उनके रहनुमाओं की डर से बोलने को तैयार नहीं हैं।

काप्टर मनी सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और उसके सह-संस्थापक राहुल सिंह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के घेरे में आ गए हैं। ईडी ने हाल ही में कंपनी को एक व्यापक फॉरेक्स ट्रेडिंग घोटाले से जुड़ा पाया है, जो कथित रूप से क्यूएफएक्स ट्रेड लि और यॉर्कर एफएक्स जैसी कंपनियों के नेटवर्क से संबंधित है। यह घोटाला लविश चौधरी के नेतृत्व में चलाया जा रहा था, जिसमें निवेशकों को एक आई-आधारित ट्रेडिंग के ज़रिए हर महीने ऊंचा मुनाफा देने का वादा किया गया था। जांच से अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि यह पूरा नेटवर्क एक पॉन्ज़ी स्कीम के रूप में संचालित था, जिसमें पुराने निवेशकों को नए निवेशकों के पैसों से भुगतान किया जा रहा था।

प्रवर्तन निदेशालय को संदेह है कि कैप्टर मनी सोल्यूशंस इस

**170** करोड़ के 30 खाते सीज कर चुकी है ईडी

नेटवर्क में एक शेल कंपनी के रूप में इस्तेमाल की गई, जिसके माध्यम से देशभर के हजारों निवेशकों से प्राप्त धन को इकट्ठा कर अन्य खातों में ट्रांसफर किया गया। 11 फरवरी 2025 को की गई व्यापक छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग 170 करोड़ की राशि को 30 विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज़ किया था। इनमें कैप्टर मनी सोल्यूशंस से जुड़े अनेक खाते भी शामिल थे। एजेंसी का कहना है कि कंपनी ने फर्जी इनवॉइस और डिजिटल ट्रांजैक्शन का इस्तेमाल करते हुए कथित तौर पर धन शोधन में भूमिका निभाई। स्रोतों के अनुसार, सह-संस्थापक राहुल सिंह गोंडा जिले के परसपुर के रहने वाले हैं। नोएडा में कंपनी संचालन का काम करते हैं।

कंपनी के माध्यम से ऑनलाइन विभिन्न बिलों के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। ईडी को राहुल सिंह पर संदेह है कि उन्होंने या तो इन वित्तीय गतिविधियों का सीधा प्रबंधन किया या उसमें सहयोग दिया। हालांकि, अब तक उनके खिलाफ कोई औपचारिक आरोप या गिरफ्तारी नहीं हुई है। ईडी फिलहाल कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड, डिजिटल परिसंपत्तियों और संचार डेटा की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि राहुल सिंह की संलिप्तता की गहराई कितनी है। अगर जांच में यह साबित होता है कि उन्होंने किसी स्तर पर इन फंड ट्रांसफर्स को निर्देशित या मंजूरी दी, तो उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला इस बात की गंभीर चेतावनी है कि फिनटेक सेक्टर में काम करने वाली कुछ कंपनियां अब डिजिटल निवेश घोटालों के फ्रंट कंपनियों के रूप में इस्तेमाल की जा रही हैं। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, ईडी ने दिल्ली, नोएडा, शामली (उत्तर प्रदेश) और रोहतक (हरियाणा) में कई स्थानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई क्यूएफएक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, इसके निदेशकों राजेंद्र सूद, विनीत कुमार और संतोष कुमार और कथित मास्टरमाइंड नवाब अली उर्फ लविश चौधरी के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई थी। यह जांच हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि क्यूएफएक्स ट्रेड लिमिटेड ने निवेशकों को धोखाधड़ीपूर्ण फॉरेक्स ट्रेडिंग योजना के जरिए ठगा।

### कैसे हुआ घोटाला?

ईडी की जांच में सामने आया कि क्यूएफएक्स कंपनी और उसके निदेशकों ने एक अनियमित डिपॉजिट स्कीम चलाई, जिसमें निवेशकों को ऊंचे रिटर्न का लालच देकर फंसाया गया। क्यूएफएक्स समूह की कंपनियों के एजेंटों ने इस योजना को मल्टी-लेवल मार्केटिंग स्कीम के रूप में प्रचारित किया। वेबसाइट, ऐप और सोशल मीडिया विज्ञापनों का इस्तेमाल करके लोगों को निवेश के लिए आकर्षित किया गया। हिमाचल में पुलिस की एफआईआर के बाद जांच में ईडी ने पाया कि क्यूएफएक्स स्कीम को नए नाम वाईएफएक्स (यॉर्कर एफएक्स) में रीब्रांड किया गया, लेकिन इसका काम करने का तरीका वही रहा। ईडी की जांच में यह भी खुलासा हो चुका है कि नवाब अली उर्फ लविश चौधरी द्वारा बॉटब्रो, टीएलसी क्वाइन, यॉर्कर एफएक्स जैसी अन्य निवेश योजनाएं भी चलाई जा रही थीं, जो फॉरेक्स ट्रेडिंग ऐप्स/वेबसाइट्स के रूप में पेश की गईं।

# 18 नये पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर एसपी ने किया रवाना

**गोंडा, अमृत विचार:** रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने डायल 112 मुख्यालय, लखनऊ से प्राप्त 18 नये चारपहिया पीआरवी वाहनों स्कॉर्पियो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।जिले में आपातकालीन पुलिस सेवा को एक नया आयाम मिलेगा तथा पुलिस बल की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आधुनिक तकनीक एवं जीपीएस सिस्टम से युक्त वाहन हैं।

पुलिस कंट्रोल रूम से वाहनों की वास्तविक समय में लोकेशन मॉनिटरिंग, रूट ट्रैकिंग एवं त्वरित संचार सुनिश्चित हो सकेगा। इससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल की प्रतिक्रिया और अधिक तेज़ एवं सटीक होगी। एसपी ने कहा कि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना पुलिस का सर्वोपरि कर्तव्य है। नये पीआरवी वाहनों के जुड़ने से न केवल डायल-112 सेवा और अधिक प्रभावी बनेगी, बल्कि आम नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता और भी



पीआरवी वाहनों को रवाना करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

शीघ्रता से प्राप्त होगी। जिले को मिले 18 नये चारपहिया पीआरवी वाहन को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पूर्व-निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार फील्ड में ऑपरेशनल कर दिया गया है। पहले जनपद के सभी थानों को कुल 29 चारपहिया एवं 25 दोपहिया पीआरवी वाहन आवंटित है। अब इन 18 नये वाहनों के जुड़ने से जनपद में कुल 47 चारपहिया पीआरवी वाहन सक्रिय रूप से कार्यरत हो जाएंगे। कोतवाली नगर एक, कोतवाली देहात एक, थाना खरगूपुर एक, थाना इटियाथोक दो, थाना धानेपुर एक, थाना मोतीगंज एक, कोतवाली मनकापुर एक, थाना छपिया में एक, थाना तरबगंज में तीन, थाना वजीरगंज में दो, थाना नवाबगंज दो, थाना कर्नलगंज में दो नए वाहन आवंटित किए गए हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी लाइन शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### आधा दर्जन खोए मोबाइल बरामद आवेदकों को सौंपे

**करनैलगंज :** कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने ईमानदारी और सतर्कता का परिचय देते हुए छह खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया।

पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में चल रहे गुम/खोए मोबाइल बरामदगी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) व क्षेत्राधिकारी करनैलगंज के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सर्विलांस यूनिट की सहायता और सीआईआर ऐप के माध्यम से विभिन्न स्थानों से मोबाइल बरामद किए। शनिवार को आयोजित सुपुर्दगी कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने मोबाइल फोन उनके असली मालिकों संदीप गिरी, सत्यपाल, सुमित, कमल किशोर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, शांति देवी को सौंपे। बरामदगी टीम में उपनिरीक्षक सरफराज खां, कांस्टेबल रवि कुमार, कांस्टेबल आशुतोष सिंह शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मोबाइल फोन बरामद कर संबंधित आवेदकों को सुपुर्द किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी पुलिस इस तरह के मामलों में तत्परता से कार्यवाही करती रहेगी।

# गंदगी, अवैध दुकानें और वसूली के आरोप में मंडी सहायक हटे

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कृषि उत्पादन मण्डी समिति में एसडीएम नेहा मिश्रा के निरीक्षण में भारी अनियमितताएं सामने आईं। अव्यवस्था और गंदगी देखकर एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाया। सुधार न होने पर मंडी सहायक को हटाकर कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है, जबकि मंडी निरीक्षक को कार्यभार सौंपा गया है।

निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर, दुकानों के आसपास, पेयजल स्रोतों और शौचालयों में व्याप्त गंदगी पाई गई। जल निकासी की नालियां पूरी तरह बंद थी। समर्सिबल पम्प और जनरेटर दोनों खराब हालत में मिले। पानी की टंकी के आसपास व भीतर भी गंदगी की पुष्टि हुई। एसडीएम ने बताया कि स्थानीय लोगों और व्यापारियों से पूछताछ में अवैध दुकानों से वसूली, बिना लाइसेंस दुकानें लगवाने, कार्यालय के विद्युत कनेक्शन से अवैध लाइन देने और वाहनों का पंजीकरण न कर शुल्क



मंडी का निरीक्षण करतीं एसडीएम नेहा मिश्रा (फाइल फोटो)। अमृत विचार

जमा न करने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। इन अनियमितताओं में मंडी सहायक अभय श्रीवास्तव की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें तत्काल पद से हटाकर कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। मंडी निरीक्षक अजीत कुमार को अस्थायी रूप से कार्यभार सौंपा गया है। एसडीएम ने सचिव मंडी को निर्देश दिए हैं कि दोषियों के खिलाफ विभागीय व अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

एसडीएम ने बताया कि मंडी परिसर में लगी अवैध दुकानों को आवंटित स्थल पर शिफ्ट करने के आदेश दिए गए थे, मगर अब तक दुकानदार नहीं हटे हैं। मंडी सचिव, सहायक और निरीक्षक द्वारा कार्रवाई न होने पर अब प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दो दिन के भीतर जेसीबी लगाकर अतिक्रमण हटाने की तैयारी की है।

# टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखी प्रतिभा



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते आईसीआईटी के निदेशक संतोष गुप्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** आईसीआईटी एजुकेशन सोसायटी की ओर से दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया। पहले दिन प्रतियोगिता में संस्थान के ओ लेवल, ट्रिपल सी व टैली के अध्ययनरत छात्रों की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच अरबन स्ट्राइक और गोंडा फाइटर के बीच हुआ। इसमें अरबन स्ट्राइक की टीम विजई रही। दूसरा मैच टैली ब्वायज और स्काई किंग्स के बीच हुआ, इमें स्काई किंग विजेता रही। तीसरा मैच लीजेंड्स और रेबल किंग्स के बीच हुआ इसमें रेबल किंग्स ने जीत दर्ज की। चौथा मैच आईसीआईटी टाइगर व अरबन स्ट्राइक के बीच हुआ इसमें आईसीआईटी टीम ने जीत दर्ज की। पांचवे मैच में स्काई किंग विजेता रही। मैच का शुभारंभ संस्थान के निदेशक संतोष कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरू कराया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक शिवम् सिंह, माया राम यादव, ऋतिक अवस्थी, गौरव, अर्जुन, सत्यम सिंह, अमन, गंगाराम, गणेश, मोहित आदि उपस्थित रहे।

### सीता और रावण के संवाद से भावुक हुए श्रोता

**मनकापुर।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में शनिवार की रात सीता हरण प्रसंग का जीवंत और भावपूर्ण मंचन किया गया। राम, लक्ष्मण, सीता और रावण के संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष आकर्षण रहा लक्ष्मण और शूर्पणखा के बीच हुआ तीखा संवाद, जिस पर पूरा मैदान तालियों की गूंज से भर उठा। मंचन की शुरुआत पंचवटी के दृश्य से हुई, जहां राम, सीता और लक्ष्मण वनवास जीवन का आनंद ले रहे होते हैं। तभी रावण की बहन शूर्पणखा का प्रवेश होता है। वह राम को देखकर मोहित हो जाती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है। राम मुस्कुराते हुए कहते हैं, मैं तो विवाहित हूं, यह लक्ष्मण अविवाहित हैं, उनसे कहो। इसके बाद शूर्पणखा लक्ष्मण के पास जाती है, परंतु लक्ष्मण का उत्तर पूरे दर्शक वर्ग के हृदय को छू जाता है। वे कहते हैं हे राक्षसी मैं अपने भ्राता की सेवा में लीन हूं, तुम्हारे संग विवाह मेरे धर्म के विपरीत है। इस संवाद पर दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। बहन के अपमान से आक्रोशित रावण ने सीता हरण की योजना बनाई। अंततः रावण द्वारा सीता हरण का प्रसंग अत्यंत मार्मिक रहा। सीता के करुण क्रंदन से पूरा वातावरण भावुक हो उठा।

# सीआईटीयू की राज्य कमेटी घोषित हर जिले में बनेंगे 1000 सक्रिय सदस्य

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीआईटीयू) उत्तर प्रदेश का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन के तीसरे और अंतिम दिन प्रतिनिधि सत्र की शुरुआत सीआईटीयू के अखिल भारतीय सचिव कॉमरेड के एन उमेश के महत्वपूर्ण उद्बोधन से हुई।

कॉमरेड के एन उमेश ने संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीटू को मजबूत किए बिना मजदूर वर्ग का आंदोलन सशक्त नहीं हो सकता। इसके लिए प्रत्येक जिले में कम से कम 1000 सक्रिय सदस्यता और मजबूत जिला यूनियनों के निर्माण को आवश्यक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में श्रमिकों का शोषण बढ़ा है और राज्य सरकार ने श्रम कानूनों के अनुपालन को लगभग बंद कर दिया है। सरकार की पूंजीपति समर्थक नीतियों का विरोध करते हुए उन्होंने मजदूरों को गोलबंद कर व्यापक प्रतिरोध



सम्मेलन के अंतिम दिन राज्य कमेटी के घोषित पदाधिकारी व अतिथि। अमृत विचार

- संकल्प के साथ तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन संपन्न

आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। मजदूर विरोधी नीतियों को श्रमिकों के बीच निरंतर उजागर करते हुए संगठन विस्तार की अपील की। इसके बाद सीटू उत्तर प्रदेश के महामंत्री ने अपनी रिपोर्ट पर उठाए गए प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने संगठन की चुनौतियों, कमियों और नेतृत्व की जिम्मेदारियों पर स्पष्ट रूप से चर्चा की। प्रतिनिधि सत्र ने महासचिव एवं कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया।

सम्मेलन में कॉमरेड प्रेम नाथ राय ने 55 सदस्यीय नई राज्य कमेटी का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी मिली। नवगठित राज्य कमेटी में कॉमरेड सुरेंद्र सिंह को अध्यक्ष, कॉमरेड प्रेम नाथ राय को महामंत्री तथा कॉमरेड हेमंत सिंह को एक अन्य अध्यक्ष पद पर चुना गया।

गोंडा जिले से कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय राज्य उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए, जबकि कॉमरेड देवाशीष, विशंभर सिंह और नीरज श्रीवास्तव उपाध्यक्ष के रूप में चुने गए। सम्मेलन का समापन कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव एवं इंकलाबी नारों के साथ हुआ। इस मौके पर प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने मजदूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### राम नाम ही है कलियुग का आधार: आचार्य विनोद शास्त्री

**नवाबगंज।** कस्बे के मोहल्ला पड़ाव स्थित देव हॉस्पिटल के सामने चल रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की रसधारा प्रवाहित हुई। अयोध्या धाम के सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य विनोद शास्त्री ने सुखदेव-परीक्षित संवाद के माध्यम से सृष्टि की उत्पत्ति, विस्तार और परमात्मा के विराट स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि राम नाम ही कलियुग में मुक्ति का एकमात्र आधार है। यजमान विमलावती देवी पत्नी स्वर्गीय मुरलीधर त्रिपाठी, विंध्य प्रकाश त्रिपाठी एवं आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया। सैकड़ों श्रद्धालु कथा स्थल पर उपस्थित रहे और हरिनाम संकीर्तन के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आचार्य शास्त्री ने कहा कि समस्त जगत का उद्भव परमात्मा से होता है और अंततः वही उसमें विलीन हो जाता है। जीव परमात्मा का ही अंश है, और नामस्मरण के बिना आत्मा परमात्मा से नहीं मिल सकती। उन्होंने बताया कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति केवल राम नाम के संकीर्तन से संभव है।



विनोद शास्त्री।

मनमानी


यूरिया के साथ 200 रुपये का अपना पावर खरीदने का किसानों पर दबाव बना रहे दुकानदार

# खुले आम प्रति बोरी उर्वरक पर 150-200 रुपये की उगाही

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** हर तरफ से किसानों से धन उगाही करने वालों का कृषि विभाग का संरक्षण मिला हुआ है। खुलेआम उर्वरक की बढ़ी कीमतें वसूली जा रही हैं। लेकिन विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। एक बोरी यूरिया पर 183 रुपये तथा डीएपी पर 250 रुपये अतिरिक्त वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं ये उर्वरक दुकानदार तभी देगा जब किसान 200 रुपये का पैकेट अपना पावर नामक खाद अलग से लेगा।

यह वाकया रविवार को कटरा बाजार के रामापुर बाजार में निजी उर्वरक दुकानदार ने किसानों के साथ घटा। सूफिया नाम से संचालित दुकान पर डीएपी को 1600 रुपये प्रति बोरी किसानों को मजबूरी में खरीदना पड़ा। यूरिया भी 350 रुपये प्रति बोरी खरीदना पड़ा साथ में 200 रुपये प्रति बोरी खाद के साथ अपना पावर रसायन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा। गौरवा जानीपुर गांव के किसान पंकज मिश्र कुछ किसानों के साथ एक बोरी यूरिया खरीदने के लिए पहुंचे। दुकानदार ने कहा कि 350 रुपये प्रति बोरी यूरिया का मूल्य है, जबकि 45 किलोग्राम की बोरी पर सभी करों सहित 266.50 रुपये एमआरपी अंकित है। यूरिया



खेत की जुताई करता किसान।

की मांगी गई कीमत पर किसान ने हामी भरी तो दुकानदार ने कहा कि इसके साथ 200 रुपये का अपना पावर उर्वरक लेना होगा। न लेने पर यूरिया भी नहीं मिलेगी। इसी तरह 50 किलोग्राम की एक बोरी डीएपी का मूल्य 2700 रुपये है लेकिन भारत सरकार प्रति बोरी 1270.55 रुपये की सब्सिडी देती है। इसलिए किसानों के लिए बिक्री मूल्य 1350 रुपये प्रति बोरी है। लेकिन दुकानों पर खुले आम 1600 रुपये प्रति बोरी की बिक्री की जा रही है। किसानों के विरोध करने पर उन्हें दुकान से खाद न देने के लिए मना कर दिया जाता है और कहा जाता है कि जहां मन हो शिकायत करो, उर्वरक इससे नीचे मूल्य पर नहीं दिया जाएगा। यह हाल केवल रामापुर बाजार का नहीं बल्कि कटरा बाजार, दुबहा बाजार व रामापुर की दूसरी दुकानों पर भी दिखा। दुबहा बाजार में भी किसानों से उर्वरक के नाम पर लूट मची है। अभी एक सप्ताह पहले निजी व सहकारी बिक्री केंद्रों पर डीएपी, यूरिया व अन्य उर्वरकों का आवंटन कृषि विभाग ने किया है। दुकानदारों का कहना है कि उर्वरक का आवंटन कृषि विभाग को कर देता है लेकिन स्टाकिस्ट उन लोगों को मूल्य से अधिक दाम पर उर्वरक देता है। विभाग को चाहिए कि पहले स्टाकिस्ट पर नियम कानून लागू करें। महंगी खाद खरीदने पर महंगी ही बेची जाएगी। जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने पर कार्रवाई होगी।

# गोंडा व गोरखपुर की टीम के बीच होगा फाइनल

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड में गोरखपुर जोन की 25वीं अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सेमी फाइनल मैचों का आयोजन हुआ है। प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मैच पूल-बी की टीमों गोरखपुर बनाम कुशीनगर के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। गोरखपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 04 विकेट पर 260 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जिसमें दीपक यादव ने 53 गेंदों में 109 रन की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुशीनगर टीम 20 ओवर में 07 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। इस मैच में गोरखपुर टीम के दीपक यादव को 'प्लेयर ऑफ द मैच' व 'बेस्ट बैटर' घोषित किया गया, 'बेस्ट बॉलर' कुशीनगर टीम के अनुराग यादव को घोषित किया गया उन्होंने 04 ओवर में 38 रन देकर 03 विकेट लिए। दूसरा मैच पूल ए की टीमों गोण्डा बनाम देवरिया के बीच हुआ। जिसमें गोण्डा टीम ने जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला 10 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।



अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार, 10 नवंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### सीएम का देवीपाटन मंदिर संभावित दौरा आज

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर शाम को पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री यहां पर आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित करेंगे और रात्रि विश्राम मंदिर में ही करेंगे। मंगलवार सुबह वह मां पाटेश्वरी के दर्शन पूजन और गौशाला में गौ सेवा के बाद निर्धारित स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। इस बात की पुष्टि अभी प्रशासन ने नहीं की है लेकिन डीएम और एसपी देवीपाटन शक्तिपीठ गए थे और दौरे की सभी तैयारियां को संभावित रखते हुए पूरी व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश मातहतों को दिए।

### स्वास्थ्य मेलों में 1976 मरीजों का हुआ उपचार

**बलरामपुर।** रविवार को जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 1976 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें 838 पुरुष, 664 महिलाएं और 474 बच्चे शामिल रहे। मेलों में सामान्य जांच, टीबी, कुष्ठ, नेत्र, दंत, एएनसी जांच और टीकाकरण की सुविधाएं दी गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इन मेलों का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### गल्ला मंडी परिसर में अवैध पार्किंग से नाराजगी

**गोंडा :** गल्ला मंडी परिसर में अनावश्यक रूप से गाड़ियों को पार्किंग किया जा रहा है। जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ ऐसे लोग अपनी गाड़ी मंडी में लाकर खड़ी कर दे रहे हैं, जो ना तो व्यापारी हैं ना ही किसान इन पर मंडी प्रशासन रोक नहीं लग रहा है। मंडी परिसर में कई वाहन कई कई दिन खड़े रहते हैं। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी प्रशासन इन पर जानबूझकर रोक नहीं लग रहा है। धान का सीजन चल रहा है इन वाहनों से ट्रैकों के लोडिंग में समस्या आ रही है। व्यापारियों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### टाइल्स लादने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा।** मुट्ठीगंज निवासी रिंकू कसौधन पुत्र देवेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 30 अक्टूबर को सुबह करीब 11:45 बजे पिकअप पर टाइल लाद रहा था। इसी दौरान वेद प्रकाश पुत्र गोमती यादव निवासी बखिरा महंगूपुर वहां पहुंचा और टाइल में रस्सी बांधने को कहा। रिंकू ने जवाब दिया कि उसे रस्सी बांधना नहीं आता है। इस बात पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारा और जमीन पर पटक दिया, जिससे रिंकू को हाथ व शरीर पर चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह झगड़ा शांत कराया। पीड़ित के अनुसार, जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है और दोषी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### विवेक बने अध्यक्ष

**परसपुर :** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन इकाई परसपुर की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश सिंह गोंडा ने की तथा महामंत्री सुभाष शर्मा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में संगठन की मजबूती व पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से दायित्व परिवर्तन का निर्णय किया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित इकाई में अध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी, महामंत्री, शिवकुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष/सह कोषाध्यक्ष कृष्णानन्द पाण्डेय, कोषाध्यक्ष, असलम शेर खान, संगठन मंत्री महेन्द्र कुमार सैनी, सह संगठन मंत्री अरुणवीर शिवम तिवारी बने। वरिष्ठ संरक्षक शिवाकान्त पांडेय गांधी बाबा व अरुण कुमार सिंह रहे।

# उर्वरक वितरण में अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**बीज व उर्वरक वितरण व्यवस्था का डीएम ने लिया जायजा, कृषकों से किया संवाद**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने शनिवार को विकास खंड श्रीदत्तगंज स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार एवं इफको के एग्री जंक्शन वन स्टॉप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीज भंडारण, उपलब्ध स्टॉक, वितरण रजिस्टर और कृषकों को की जा रही बिक्री की प्रक्रिया का विस्तार से जायजा लिया।



एग्री जंक्शन दुकान का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से संवाद कर यह जानकारी ली कि उन्हें समय पर उचित दर पर बीज मिल रहा है या नहीं। कृषकों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक किसान को निर्धारित दर पर सुगमता और पारदर्शिता से गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, भंडार पर दर सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो और वितरण रजिस्टर नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए।

इफको एग्री जंक्शन वन स्टॉप के निरीक्षण में उन्होंने उर्वरक की उपलब्धता, दर सूची और स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया तथा नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि ओवररेटिंग या कालाबाज़ारी की शिकायत पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**बलरामपुर।** डीएम विपिन कुमार जैन ने रविवार को अटल बिहारी बाजपेयी स्वशासी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज परिसर का विस्तृत भ्रमण करते हुए ऑपरेशन थिएटर, वार्ड एवं अन्य चिकित्सा इकाइयों की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने निर्देश दिया कि चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य मानव संसाधन की तैनाती से संबंधित सभी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ किए जाने के लिए कंसल्टेंट की टीम गठित कर निर्धारित समयसीमा में सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएं। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसआईआर कार्यशाला में मतदाता सूची अद्यतन पर दिया गया जोर

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी, मंडल पदाधिकारी और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मतदाता सूची के गहन पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया, उसके महत्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव को मजबूत करती है और हर पात्र नागरिक का नाम सूची में दर्ज होना आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुनर्निरीक्षण कार्य को गति देने और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन मंसा मैरिज हॉल समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। पूरी कार्यशाला में जागरूकता और जनभागीदारी का संदेश प्रमुख रहा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लिया संकल्प



वंदे मातरम गीत गाते पूर्व विधायक व अन्य भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, गैंसड़ी, बलरामपुर

**अमृत विचार।** गैसड़ी विधानसभा के पचपेडवा मंशा मैरिज हॉल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने कहा कि वंदे मातरम एक ऐसा अमर गीत है जो मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करता है।

उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने कहा कि यह गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वंदे मातरम के महत्व और देशभक्ति की भावना को साझा किया।

# बलरामपुर में पुलिस ने चलाया ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अभियान

- मानक से अधिक लाउडस्पीकर हटवाए गए

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद बलरामपुर में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय के पर्यवेक्षण में यह अभियान रविवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ संचालित हुआ।



ध्वनि विस्तारक यंत्र हटवाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

अभियान के तहत मानक सीमा से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले लाउडस्पीकरों को हटवाया गया तथा ध्वनि स्तर को नियंत्रित कराया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा धर्मस्थलों, सार्वजनिक स्थलों और निजी प्रतिष्ठानों पर लगातार चेकिंग की जा रही है, ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार यह तीन दिवसीय विशेष अभियान जनपद में संचालित किया जा रहा है। पहले दिन पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापक निरीक्षण किया तथा कई स्थानों पर ध्वनि स्तर कम कराए और अनावश्यक लाउडस्पीकर हटवाए।

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानक और समय सीमा के अंतर्गत ही करें, जिससे समाज में शांति, सौहार्द और पर्यावरणीय संतुलन बना रहे।

### अब वीडियो कॉल से होगी चिकित्सकों की हाजिरी

**बलरामपुर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और चिकित्सकों की समयपालन सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने अभिनव पहल "हेलो डॉक्टर, गुड मॉर्निंग" की शुरुआत की है। इस पहल के तहत प्रत्येक सुबह सभी सीएचसी और पीएचसी केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों से व्हाट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है। सीएमओ स्वयं वीडियो कॉल के जरिए डॉक्टरों से संवाद कर "गुड मॉर्निंग" कहते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी चिकित्सक अपने कार्यस्थलों पर समय से मौजूद हैं। डॉ. रस्तोगी ने बताया कि इस पहल से स्वास्थ्य केंद्रों में अनुशासन, जवाबदेही और पारदर्शिता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि समय से उपस्थिति से मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा।

## नकाबपोश बदमाशों ने बोला धावा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिनारी में बीती रात नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर एक महिला को बंधक बना लिया और सोने-चांदी के कीमती जेवरात लूट ले गए।

पीड़िता जाकुरून निशा पत्नी इम्तियाज अहमद ने बताया कि शनिवार की रात करीब दो बजे दो बदमाश छत के रास्ते घर में घुस आए। वह घर में अकेली सो रही थी। बगल के कमरे का दरवाजा बंद था। जब बदमाशों की आहट से उसकी नींद खुली और उसने डंडे से एक बदमाश को मारा, तो उन्होंने उसे काबू कर लिया। बदमाशों ने उसकी चोटी और ओढ़नी से हाथ-पैर बांध दिए, आंखों पर पट्टी बांध दी और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि वह आवाज न निकाल सके। महिला के अनुसार दोनों बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा बांधा था और काली पन्नी जैसी पोशाक पहन रखी थी, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी। सुबह करीब छह बजे पड़ोस में रहने वाली उसकी सास शाहिदा ने दरवाजा खुला देखा तो अंदर गईं, जहां बहू को बंधा देख दंग रह गईं। उन्होंने जेठ सलाहुद्दीन को बुलाया, जिन्होंने महिला को खोला। महिला के पति इम्तियाज अहमद मुंबई में काम करते हैं। पीड़िता ने बताया कि बदमाश घर से करीब नौ लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। सूचना पर ग्राम प्रधान जहीर खान ने पुलिस को खबर दी। कोतवाल तेज प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह ने भी पहुंचकर निरीक्षण किया।



चोरी के बाद बिखरा सामान व टूटा बाक्स का ताला। अमृत विचार

कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक तहरीर चोरी की मिली है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल में मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**बलरामपुर।** बरहवा रेंज के लौकी बीट में एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लौकी कला गांव के पासीपुरवा निवासी 25 वर्षीय कृष्ण प्रसाद पुत्र रामलखन के रूप में हुई है। शव का आधा सिर जंगली जानवरों द्वारा नोचा गया था।

मृतक के बड़े भाई परसराम ने बताया कि कृष्ण प्रसाद शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे लकड़ी बीनने के लिए जंगल गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पूरी रात खोजबीन की, पर कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने घर से करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में शव पड़ा देखा और सूचना परिवार को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। कृष्ण प्रसाद चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था और दो वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## प्रांतीय नारी उत्कर्ष समारोह में शामिल होने के लिए दल रवाना



लखीमपुर रवाना होते गायत्री परिवार के सदस्य। अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** लखीमपुर खीरी में आयोजित प्रांतीय नारी उत्कर्ष समारोह में भाग लेने के लिए जनपद बलरामपुर से गायत्री परिवार की 30 सदस्यीय टीम शनिवार को हर्षोल्लास के साथ रवाना हुई। आगामी वर्ष में जनपद बलरामपुर में इस कार्यक्रम का आयोजन होना है, जिसके लिए लखीमपुर खीरी में बलरामपुर दल को 'मशाल' सौंपे जाने की परंपरा निभाई जाएगी।

गायत्री विद्यापीठ शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख डॉ. शैफाली पंड्या के करकमलों से बलरामपुर महिला मंडल को यह मशाल सौंपी जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और संस्कारवान पीढ़ी निर्माण को बढ़ावा देना है। गायत्री परिवार द्वारा "आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी" जैसी अनेक जनोपयोगी गतिविधियां निरंतर चलाई जा रही हैं। रवाना होने वालों में गैसड़ी से सुमन कशोधन, ऊषा यादव, कांति गुप्ता, पचपेड़वा से मीना श्रीवास्तव, सुनीता जायसवाल, तुलसीपुर से मीरा मिश्रा, मंजू जायसवाल शामिल रहीं।

### सभी तक न्याय पहुंचाना है लक्ष्य : दानिश हसनैन

**गोंडा :** आम जन तक कानून की जानकारी और जरूरतमंदों तक न्याय को पहुंचाना ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का लक्ष्य है। ये भी उल्लेखनीय है कि विधिक सेवा के लिए सक्रिय सभी संगठनों द्वारा अपने दायित्वों का बहुत कुशलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। वर्तमान समय की आवश्यकता है कि लोग अपने विधिक अधिकारों को जानें। ये बातें राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर अयोध्या रोड स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने कही। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधिक सेवा का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। अपर जिला जज ने किशोर अपचारियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज के हर जरूरतमंद तबके तक कानून की पहुंच को आसान बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसकी जानकारी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## धान खरीद केंद्रों का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

गैड़ासबुजुर्ग, बलरामपुर

- किसानों को उचित मूल्य व समय पर भुगतान देने का दिया निर्देश
- किसान धान को धूप में सुखाकर बिक्री के लिए तैयार कर रहे



**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी उतरौला अभय प्रताप सिंह ने शनिवार को तहसील क्षेत्र के गैडास बुजुर्ग और कुंडऊं बौडिहार स्थित राजकीय धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने केंद्र प्रभारी से धान की आवक, किसानों के पंजीकरण और भुगतान की स्थिति की जानकारी ली।

गैडास बुजुर्ग केंद्र प्रभारी ने बताया कि हाल की बरसात से कई किसानों की धान की फसल भीग गई थी, जिससे कटाई और सफाई में देरी हो रही है। किसान धान को धूप में सुखाकर बिक्री के लिए तैयार कर रहे हैं, जिसके कारण केंद्र पर आवक कम हो रही है।

एसडीएम ने निर्देश दिए कि धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए और किसानों को उनके धान का सरकारी मूल्य निर्धारित समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने कुंडऊं बौडिहार केंद्र पर बोरे की उपलब्धता और भुगतान की धनराशि की स्थिति भी जानी। केंद्र प्रभारी ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु हैं।

एसडीएम ने उतरौला बाजार धान खरीद केंद्र का भी निरीक्षण कर किसानों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की और केंद्र प्रभारी को लक्ष्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कृषि निदेशक लखनऊ ने किया निरीक्षण

**गोंडा :** सिद्धार्थनगर में आयोजित कृषि विभाग के कार्यक्रम में जिले के बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिस एफपीओ व कृषि सेवा केंद्र ने सिद्धार्थनगर मे उत्पादों का स्टॉल लगाया, जिसका निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। स्टॉल में काला नमक चावल, मल्टीग्रेन आटा व मोटे अनाज प्रदर्शित किए गए। कृषि निदेशक ने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती के साथ व्यावसायिक खेती पर भी ध्यान देना होगा, साथ ही स्वस्थ समाज के लिए मोटे अनाज के उत्पादन पर भी विशेष कार्य करना होगा। उन्होंने स्टाल लगाए एफपीओ, कंपनियों के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मोटे अनाज को लेकर लोगों को जागरूक करें तथा इसके उत्पादन को लेकर भी सक्रियता दिखाएं। सीईओ कुलदीप मिश्रा ने बताया कि स्टॉल लगाने का उद्देश्य उद्देश्य किसानों को मोटे अनाज की खेती, पोषण महत्व और विपणन के प्रति जागरूक करना है। एफपीओ किसानों की आय व पहचान बढ़ाने में सहायक साबित हो रहा है।

**मुहिम** | टीम ने दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया

# मिशन शक्ति के तहत गोंदीपुर में चौपाल लगाकर किया जागरूक

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के शुभारंभ के तहत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत गोंदीपुर में चौपाल का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति / एंटी रोमियो टीम ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद स्थापित किया। चौपाल में टीम द्वारा दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया गया तथा बताया गया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। साथ ही, दहेज प्रतिषेध अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा व सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 108, 112, 102 और 1930 की उपयोगिता भी समझाई गई।




छात्राओं को सुरक्षा संबंधी कानून की जानकारी देती पुलिस टीम। अमृत विचार

### गोंडा में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत रविवार को करनैलगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला सकरौरा में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। इस दौरान उप निरीक्षक खुशबू श्रीवास्तव, कांस्टेबल अमित कुमार, महिला हेड कांस्टेबल अनुपम मिश्रा व निधि वर्मा की मौजूदगी में महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों और महत्व की जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं को यूपी-112, महिला हेल्पलाइन 181, विमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसे उपयोगी नंबरों की जानकारी दी। साथ ही उन्हें आत्मरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम से संबंधित नए कानूनों के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर मिशन शक्ति टीम ने लोगों से अपील की कि वे जागरूक रहें, सुरक्षित रहें और समाज में महिला सम्मान की भावना को सशक्त बनाएं।

## धान कूटने की मशीन की चपेट में आने से बालक की मौत

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार।** थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र के रानियापुर गांव में रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 7 वर्षीय बालक रोमान पुत्र कुद्दुस की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जुड़ी धान कूटने की मशीन के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने वाहन अचानक चालू कर दिया, जिससे मासूम बालक उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बच्चे मशीन से चावल निकाल रहे थे, तभी ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया गया और बालक पीछे के हिस्से में आकर कुचल गया। घटना इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर का मालिक सिद्दीकी पुत्र अजीमुल्ला निवासी लाधौरी, प्रतापपुर बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर व मशीन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश पाल ने बताया कि अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

न्यूज़ ब्रीफ

### ओवर स्पीड में 30 वाहनों का चालान

**बहराइच, अमृत विचार** : यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड में 30 वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूला। लखनऊ–बहराइच राजमार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्पीड राडार यंत्र से वाहनों की गति की जांच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए 30 वाहनों का चालान किया गया तथा उन पर 62,000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

### बाइक की टक्कर से बालिका घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार** : इकौना–विशेश्वरगंज मार्ग पर रविवार दोपहर घर के दरवाजे पर खेल रही बालिका को बाइक ने टक्कर मार दी। उसे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया है। कंजडवा निवासी राजेश कुमार की पुत्री अंबिका (9) घर के दरवाजे के सामने खेल रही थी। इसी दौरान इकौना से विशेश्वरगंज की ओर जा रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। चालक मय बाइक भाग निकला। गंभीर रूप से हुए घायल बालिका को परिजन सीएचसी इकौना ले गए।

### कृषि अधिकारी कार्यालय में खुला कन्ट्रोल रूम

**बहराइच, अमृत विचार** : किसानों की सुविधा के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम खोला गया है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि कन्ट्रोल रूम को मोबाइल नम्बर 7839882245 व 8423270566 है। कन्ट्रोल रूम प्रत्येक कार्य दिवस मे प्रातः 10 :00 बजे से सायं 05 :00 बजे तक क्रियाशील रहता है।

### वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार** : पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्र के मधनगर निवासी वेद प्रकाश मिश्रा ने इकौना थाने में तहरीर दी थी। उनका आरोप था कि उसने अपनी बहन का विवाह थाना क्षेत्र के ग्राम सौरूपुर निवासी रमेश शुक्ला से 12 वर्ष पूर्व किया था। रमेश का किसी महिला से संबंध था। इसी को लेकर रमेश उसकी बहन को मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देता था। शुक्रवार को उसकी बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इकौना पुलिस ने रमेश के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### 32 मरीजों की हुई जांच

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार** : चौगड़वा स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया, जिसमें कुल 32 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सद्दाम हुसैन द्वारा मरीजों की जांच की गई और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया।

## दादी के चांदी के चरणों की स्थापना की जाएगी

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

- भूपगंज बाजार के त्रिदेव मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव 12 से



कुमार शानू, भजन गायक।

**अमृत विचार** : बदी नवमी पर भूपगंज बाजार स्थित त्रिदेव मंदिर में दो दिवसीय श्री दादी चरण स्थापना महोत्सव 12 और 13 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण राजस्थान के सुप्रसिद्ध रानी सती मंदिर झुंझुनू से श्रद्धापूर्वक लाए गए दादी के चांदी के चरण हैं, जिनकी स्थापना की जाएगी। मंदिर समिति के श्याम सुंदर अग्रवाल के अनुसार, चरण स्थापना का कार्यक्रम 13 नवंबर को होगा। मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसमें नानपारा के भजन गायक कुमार शानू भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस दो दिवसीय महोत्सव की मुख्य यजमान अर्चना गोयल बहराइच होंगी।

## डूबे किशोर का नहीं चला पता

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार** : घाघरा में डूबे किशोर का तीसरे दिन भी पता नही चल सका है। एनडीआरफ टीम व गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हैं।

शुक्रवार को जरवल रोड थाना अंतर्गत ग्राम पारा मांझा टेपरा गांव निवासी 18 वर्षीय विवेक पुत्र राम मूरत गांव के अपने साथी 17 वर्षीय आलोक व दिलीप पुत्र मनोहर के साथ शुक्रवार दोपहर खेतों में धान काटने गया था। धान काटने के बाद दोपहर मे तीनों घाघरा नदी में नहाने चले गए। नहाते वक्त गहरे पानी में डूबने लगे आलोक व दिलीप तैर कर बच गए जबकि विवेक डूब गया था।

## माननीयों की उपेक्षा पड़ी भारी, एएसपी का तबादला

संवाददाता, बहराइच

- अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा हाथरस स्थानांतरित



रामानंद कुशवाहा, एएसपी

**अमृत विचार** : अपर पुलिस अधीक्षक नगर का स्थानांतरण हाथरस हो गया है। बताया जाता है कि अपर पुलिस अधीक्षक की कार्य प्रणाली को लेकर जिले के जन प्रतिनिधियों ने शासन में शिकायत की थी। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। हाथरस के अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह बहराइच के नये एएसपी सिटी होंगे।

जिले में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पद पर तैनात रामानंद कुशवाहा को लेकर जिले के सांसद और विधायकों में काफी नाराजगी थी। आरोप है कि जनप्रतिनिधियों की ओर से की गई सिफारिश के बाद भी एएसपी की ओर से संबंधित मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई नहीं की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों के पास आम जनता की शिकायतें पहुंचने लगी थीं। यह कि उनकी सिफारिश के बाद भी मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से भी की थी। लेकिन मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस पर जिले के जनप्रतिनिधियों में एसपी सिटी की कार्यप्रणाली को लेकर काफी नाराजगी थी। इसके बाद सांसद विधायक और जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से इसकी शिकायत जनपद के प्रभारी मंत्री और शासन से की थी। जनप्रतिनिधियों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए शासन ने इनका स्थानांतरण हाथरस जिले के लिए कर दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक सिटी का स्थानांतरण होने के बाद अमृत विचार से बातचीत करते हुए एक माननीय ने कहा कि अधिकारियों को यह सोचना चाहिए कि हम जनप्रतिनिधि हैं और जनता के कार्य शासन की पहली प्राथमिकता होती है ताकि उन्हें यह एहसास हो सके कि भाजपा की सरकार जनसरोकारों को प्राथमिकता देती है लेकिन कुछ अधिकारी शासन की इस भावना के साथ खिलवाड़ करते हैं जोकि सर्वथा अनुचित है।

हालांकि इस बारे में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थानांतरण सतत चलने वाली एक प्रक्रिया है और यह स्थानांतरण भी उसी प्रक्रिया की एक कड़ी है।

# भरथापुर के विस्थापन का कार्य युद्धस्तर पर जारी

### डीएम ने ग्रामीणों से किया संवाद, बच्चों को दिये सफलता के टिप्स

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार** : तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के बीच घने जंगलों में बसे जिले के दूरस्थ ग्राम भरथापुर का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भ्रमण किया।

भरथापुर पहुंचने पर जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए बताया कि आप लोगों के विस्थापन हेतु युद्ध स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। डीएम ने ग्रामवासियों को बताया कि ग्राम सेमरहना में विस्थापन के लिए अधिकारियों की टीम लगी हुई है। श्री त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने बच्चों से उनकी दिनचर्या, खेल कूद व पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें सफलता के लिए टिप्स भी दिये।



ग्रामीणों से बात करते डीएम। ● अमृत विचार

## नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार** : घर से रविवार को राप्ती नदी पार खेत देखने गया एक वृद्ध नदी में पानी का अंदाजा न लगा पाने के कारण डूब गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया।

सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नगर चौकी अंतर्गत ग्राम बेड़सरा निवासी राम धीरज वर्मा (60) का खेत राप्ती नदी पार पड़ता है। रविवार सुबह करीब 11 बजे रामधीरज राप्ती नदी पार कर खेत देखने जा रहे थे। इस दौरान वह नदी में पानी का अंदाजा न लगा पाने के कारण डूबने लगे। इस दौरान पास में ही भैंस चरा रहे गांव के ही प्रभु दयाल ने उन्हें डूबता देख घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर ग्रामीणों संग पहुंचे परिजनों ने करीब 300 मीटर दूर से शव को नदी से खोज निकाला।

## आगजनी व तोड़फोड़ के 4 आरोपी गिरफ्तार

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार** : सुल्ताना सरहदी गांव में बीते दिन लड़की भगाने व पुरानी रंजिश के चलते हुए आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में विशेश्वरगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

दद्दन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विपक्षीगण उसके घर पर पहुंचे और कार को तोड़ दिया। विरोध करने पर दुकान व मकान में आग लगा दी गई, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान साथ आई राजना पुत्री पुत्तन के साथ भी मारपीट की गई और गालियां दी गईं। थाना विशेश्वरगंज में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचकट्टा भेजा गया। पुलिस ने रविवार सुबह दबिश देकर चार आरोपियों मंशाराम, लव कुमार उर्फ बडकऊ तिवारी, भगतराम और जगतराम को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। गांव में शांति बनी हुई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर 12 लोगों को नामजद किया गया है साथ ही कुछ अज्ञात हैं। नामजद लोगों में आनंद शुक्ला, आदित्य मिश्रा, विज्जू दूबे, जगतराम दूबे, उमेश मिश्रा, रामनारायण शुक्ला, सालिकराम, प्रधाने, गोपाल मिश्रा, मंशाराम तिवारी, लव तिवारी, कुश तिवारी हैं इन आरोपियों में चार को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## धान क्रय केंद्र खोलने की मांग

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार** : विकास खण्ड नवाबगंज के कस्बा नवाबगंज में धान क्रय केन्द्र खोलने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने बहराइच सांसद को पत्र लिख है।

किसानों का कहना है कि विकास खण्ड नवाबगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड मुख्यालय बाबागंज एवं नानपारा में सरकारी धान क्रय केन्द्र खोला गया लेकिन कस्बा नवाबगंज के सहकारी समिति में धान क्रय केंद्र की स्थापना नहीं की गई है। जिससे नवाबगंज क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र के किसान 20 किमी बाबागंज व 25 किमी नानपारा की दूरी तय कर धान की उपज नही ले जा पा रहे हैं और किसान अपनी धान की उपज को बिचौलियों के हाथ सस्ते कीमत में बेच रहे है।

## फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**श्रावस्ती, अमृत विचार** : मानसिक रूप से बीमार अधेड़ का शव रविवार सुबह खेत में पेड़ से लटका मिला। भिनगा कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तिलकपुर के मजरा रेवलिया निवासी धनीराम वर्मा (41) पुत्र राम बदल वर्मा मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। परिजन उसका इलाज कराने गोरखपुर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। शनिवार रात धनीराम अचानक घर से लापता हो गया। रविवार सुबह शौच को गए ग्रामीणों ने देखा गांव के पश्चिम उसके बटाई लिए गए खेत में लगे जामुन के पेड़ से रस्सी के फंदे के सहारे उसका शव लटक रहा है।

## जिम्मेदारी निभाएं कार्यकर्ता : वर्मा

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार** : कैसरगंज विधानसभा के एक लॉन में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को सफल बनाने के लिए भाजपा की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मन्त्री मुकुट बिहारी वर्मा मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कार्यकर्ताओं को से कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं सशक्त बनाना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पुनरीक्षण अवधि के दौरान पूरी सक्रियता के साथ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं का नाम दर्ज कराने व त्रुटियां सुधारने के लिए प्रेरित किया। कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए। विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ा जाए, सूची में त्रुटियों को दूर की जाएं और कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहने पाए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, विपेन्द्रसिंह, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, गजेंद्रसिंह, बुद्धिसागर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुबेद वर्मा, डॉ. अरविंद सिंह, राम सतीश वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, शिव सहाय सिंह सहित सभी मण्डल अध्यक्ष बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।




कार्यशाला में मौजूद विशिष्टजन। ● अमृत विचार

## देश की अखंडता में सरदार पटेल का अतुलनीय योगदान

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार** : विकासखंड मुख्यालय, सभागार पयागपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत विधायक श्री त्रिपाठी एवं प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण, एकता और अखंडता में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया और उपस्थित लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम में पयागपुर मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, प्रखर सिंह, बब्लू रावत, अजीत शुक्ला, विनय वर्मा, पवन शुक्ला, आनन्द शुक्ला, ममता वर्मा, ममता निषाद, नम्रता सिंह, कामेश सिंह, बराती लाल वर्मा, रामदीन, संजय सिंह, नीतेश सिंह, प्रमोद सिंह उपस्थित रहे। संचालन आनन्द विहारी शुक्ला ने किया।

## नाले पर मिला अतिक्रमण तो वसूला जाएगा जुर्माना

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार** : भिनगा नगर में दुकानदार पटरियों पर काबिज हैं। यही नहीं दुकानदार व स्थानीय दुकानदारों ने नालों के स्लेप पर भी अतिक्रमण कर रखा है। इससे न सिर्फ नालों की सफाई में व्यवधान पड़ता है, बल्कि जाम की समस्या भी उत्पन्न रहती है। ऐसे में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची ईओ भिनगा ने न सिर्फ अतिक्रमणकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया, बल्कि दोबारा अतिक्रमण मिलने पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल करने की चेतावनी भी दी।

नगर पालिका परिषद भिनगा में अतिक्रमण की होड़ सी मची है। चाहे पटरी दुकानदार हों या फिर स्थानीय दुकानदार। कोई नाले की स्लेप तो कोई पटरियों पर दुकान लगा रहा है। ऐसे में बाजार आने वालों को अपनी बाइक व अन्य वाहन खड़ा करने में असुविधा हो रही है। इसकी लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए ईओ भिनगा डॉ. अनीता शुक्ला ने नगर भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें भिनगा बाजार में नाले पर अतिक्रमण दिखा। इस पर ईओ ने नाराजगी जताते हुए अतिक्रमणकारियों को कड़ी फटकार लगायी।

## 17 डग्गामार वाहनों पर की गयी कार्रवाई

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार** : यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए रूपईडीहा पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 17 अवैध डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा क्षेत्र में अभियान चलाते हुए अवैध रूप से संचालित वाहनों की गहन जांच की। आदर्श थाना कोतवाली रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि जांच के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले कुल 17 वाहनों को कार्रवाई के दायरे में लिया गया।



लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते लोग।

### प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत का स्वागत

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार** : रविवार को अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष, साहब सिंह राजपूत का घाघरा घाट पुल पर भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही उनका काफिला बहराइच पहुंचा, समाज के लोगों व कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जयकारों के बीच उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस आयोजन में क्षेत्र रामबाबू लोधी, कृष्ण पाल लोधी, कमल लोधी, दिनेश लोधी, राहुल लोधी, विकास लोधी, ऋषि राजपूत, पवन लोधी, रवि लोधी, सत्यम लोधी सहित समाज के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

सिटी डायरी

### अमरहवा में मार्ग पर जलभराव व सफाई व्यवस्था बदहाल



अमरहवा गांव में मार्ग पर जलभराव। अमृत विचार

**श्रावस्ती] अमृत विचार** : सिरसिया विकास क्षेत्र के ग्राम अमरहवा में रहने वाले ग्रामीण अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। गांव में जलनिकासी व सफाई व्यवस्था बदहाल होने के कारण लोगों को प्रत्येक मौसम में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिले के विकास के दावों की सिरसिया के अमरहवा गांव में हवा निकल रही है। गांव में व्याप्त कीचड़ व जलभराव गांव के विकास की कहानी बयां कर रहे हैं। बरसात खत्म होने के बाद भी गांव में कीचड़ व जलभराव की समस्या उत्पन्न है। कई माह से नालियों की सफाई न होने से उससे दुर्गंध उठ रही है। इससे जहां गांव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन न तो नालियों की सफाई हुई और न ही जल निकासी की व्यवस्था।



निरीक्षण करते बीपीएम। अमृत विचार

### विभिन्नि क्षेत्रों में टीकाकरण सत्रों का बीपीएम ने किया निरीक्षण

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार** : स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, बीपीएम (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) पयागपुर अनुपम शुक्ल ने अपने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आयोजित किए जा रहे नियमित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया। श्री शुक्ल ने मौके पर पहुंचकर टीकाकरण गतिविधि की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को समय पर और सही तरीके से टीके लगाए जा रहे हैं।अनुपम शुक्ल ने स्वयं उपस्थित होकर स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य की गुणवत्ता और रिकॉर्ड-कीपिंग प्रक्रिया का जायजा लिया।




वाहन चालकों को जागरूक करते बीडी लखमानी।

### फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**बहराइच, अमृत विचार** : फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से वन्य जीव प्रभाग में वन्यजीवों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए एक दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। बिछिया चौराहे पर लगे गति सीमा बोर्ड का नवीनीकरण किया गया। हसुलिया वन बैरियर पर वाहन चालकों को पैंफलेट व बिस्कुट के पैकेट देकर निर्धारित 30 किमी की गति से वाहन चलाने की अपील की। फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के फाउंडर बीडी लखमानी, संस्था के मो. आसिफ, अमन लखमानी एवं सत्यम रावत मौजूद रहे।



चहलवा खास में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लेते डीएम।

### पुनरीक्षण अभियान का डीएम ने लिया जायजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार** : जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कराया जा रहा है। रविवार को डीएम ने भिनगा के मोहल्ला टंड़वा (रजानगर) व हरिहरपुररानी के चहलवा खास जाकर पुनरीक्षण कार्य का सत्यापन किया। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य पारदर्शिता के साथ सूची तैयार कराना है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर प्रत्येक पात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल करें।

सख्ती | कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा

# बैठक में नदारद चिकित्सक का वेतन रोकने का निर्देश

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान बैठक में नदारद संयुक्त जिला चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक डॉ. दिग्विजयनाथ के कई दिनों से अनुपस्थित मिलने पर उनका नवंबर माह का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला अस्पताल सहित सीएचसी पर तैनात चिकित्सकों को अपने आवास या 10 किमी की परिधि में निवास करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने चिकित्सालयों की सफाई कराने, मरीजों का सरकारी अस्पताल में ही इलाज करने व निजी चिकित्सालय में सेवा देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने, इन्फेंट मोटिलिटी रेट व मिशेल्स, मॉम्स एंड रूबेला की समीक्षा कर सीएमओ व नोडल अधिकारी को लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी व मातृ स्वास्थ्य कन्सलटेन्ट को निर्देश दिया कि बुधवार व शनिवार को आयोजित होने वाली वीएचएसएनडी सत्र का माइक्रोप्लान व सत्र पर एएनएम को दी गई सामग्री की सूची उपलब्ध कराने के लिए सभी अधीक्षक को निर्देशित किया।



कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते डीएम। ● अमृत विचार

### विकास कार्यों का डीएम व सीडीओ ने लिया जायजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार** : इकौना के कटरा में कराए जा रहे निर्माण कार्य का शनिवार को डीएम व सीडीओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती में समेकित पर्यटन विकास परियोजना से कटरा स्थित चक्रभण्डार के निकट बौद्ध विहार में पर्यटन सुविधाओं के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसका डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व सीडीओ अहमद ने निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान पता चला कि प्रस्तावित कार्यो में स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन, बुद्धवनम पार्क, 64 व्यक्तियों के क्षमता वाला एक डोरमेट्री, एक इन्टरप्रिटेशन सेंटर, दो गेट पिलर बनाने का कार्य कराया जा रहा है। डीएम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में पयर्टन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। इसके तहत यह निर्माण कार्य कराए जा रहे है। जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। श्रावस्ती बौद्धस्थली होने के कारण यहां पर प्रत्येक वर्ष भारी संख्या में पर्यटक आते है।

अमृत विचार
सोमवार, 10 नवंबर 2025



मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों–रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

**–आचार्य चाणक्य**



# संघर्ष से उत्कर्ष

उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर समूचे राज्यवासियों को बधाई। बीते पच्चीस वर्षों के दौरान राज्य के कर्मठ लोगों ने जो सामूहिक उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इस माह 25 वर्ष पूरे करने वाले अन्य दो राज्यों झारखंड तथा छत्तीसगढ़ के लिए भी अनुकरणीय हैं। आधारभूत ढांचे, उद्योग, विनिर्माण, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के साथ सुशासन के मामले में भी पर्वतीय राज्य ने जो उल्लेखनीय प्रगति की है वह संघर्ष से उत्कर्ष तक की गाथा है। राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा 8,260 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिलने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का बहुआयामी विकास और तीव्र होना तय है। विशेष रूप से पेयजल, सिंचाई और विद्युत उत्पादन से जुड़ी बहुउद्देशीय परियोजनाएं भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी होंगी। राज्य गठन के समय उत्तराखंड के लगभग 65 प्रतिशत घरों में ही बिजली थी, आज 99 प्रतिशत घरों में है। सड़क नेटवर्क 84 प्रतिशत तक पहुंच गया है। अविभाजित उत्तर प्रदेश में गरीबी दर 41 प्रतिशत थी, जो अब 23 प्रतिशत है, जबकि उत्तराखंड में गरीबी दर केवल 9 प्रतिशत के करीब है। राज्य की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 15 हजार रुपये से बढ़कर 2 लाख 27 हजार रुपये यानी राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी हो गई। राज्य की जीडीपी 14,501 करोड़ रुपये से बढ़कर 4 लाख 29 हजार करोड़ रुपये हो चुकी है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स इंडेक्स में अग्रणी उत्तराखंड देश में जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष तक पहुंच गई है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह 67 वर्ष तक भी नहीं।

राज्य गठन के समय यहां एक मेडिकल कॉलेज था। आज मेडिकल विश्वविद्यालय समेत पांच सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं। शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों की संख्या में भी व्यापक वृद्धि हुई है। उत्तराखंड अब ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जहां जल्द ही 23 खेल अकादमियां होंगी। हालांकि इस तेज विकास यात्रा के बीच उत्तराखंड के सामने कुछ गंभीर चुनौतियां भी हैं। राज्य गठन के समय उस पर लगभग 4,000 करोड़ रुपये का ऋण था, जो आज बढ़कर 80,000 करोड़ रुपये हो गया है। रिवर्स पलायन के दावों के बावजूद, पलायन अब भी बड़ी समस्या है। पहाड़ी और तराई क्षेत्रों के बीच आय की असमानता बनी हुई है और कई गांव आज भी सड़कों से नहीं जुड़े हैं। राज्य की कल्पना शहीदों और आंदोलनकारियों ने इसलिए की थी ताकि पहाड़ों में रोजगार आए, पलायन रुके और पर्यावरण सुरक्षित रहे। उत्तराखंड अभी भी प्राकृतिक चुनौतियों से जूझ रहा है, इसलिए अब संतुलित विकास की आवश्यकता है, जिसमें पहाड़ों के पर्यावरण, संस्कृति और रोजगार को समान प्राथमिकता दी जाए। 1955 में मसूरी नगर पालिका परिषद से शुरू हुई अलग राज्य की मांग ने 1994 में निर्णायक रूप लिया। 2 सितंबर 1994 का दिन इतिहास का दर्दनाक अध्याय बना, जब छह आंदोलनकारियों ने शहादत दी। शहादत रंग लाई, 9 नवंबर 2000 वह दिन था, जब पूरे उत्तराखंड का सपना साकार हुआ। आज राज्य स्थापना दिवस पर उत्सव मनाने के साथ, उन शहीदों और उनके सपनों को स्मरण करने का भी दिन है।

## प्रसंगवश

# कानपुर के स्वतंत्रता सेनानी ने की थी झंडा गीत की रचना

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 साल पूरे होने पर पूरा देश जश्न मना रहा है, लेकिन इसके देवी स्तुति वाले छंद हटाए जाने की बात भाजपा की ओर से कही गई है। यह भी तथ्य है कि 100 साल पहले कानपुर में रचे गए झंडा गीत से भी कुछ पंक्तियां हटा दी गई थीं।

बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर डाक टिकट जारी करने के अवसर पर बिना किसी का नाम लिए कहा कि 1937 में इस राष्ट्रगीत के टुकड़े कर विभाजन के बीज बो दिए गए थे। मोदी ने वंदे मातरम् की गौरव गाथा को विभिन्न उपमाओं-अलंकरणों को स्पंदन देते हुए इससे जुड़े इतिहास के पन्ने को पलटने के साथ ही वर्तमान चुनौतियों की ओर इशारा भी किया। इसके ठीक बाद भाजपा प्रवक्ता सीआर केसवन ने एक्स पर पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस ने 1937 में वंदे मातरम् के केवल दो छंदों को मान्यता दी थी और दुर्गा स्तुति वाले छंद को हटा दिया। इस मुद्दे पर उन्होंने नेहरू का नाम लिया और इसे कांग्रेस के सांप्रदायिक सोच का एजेंडा बता दिया। यह राष्ट्रगीत बंकिम चंद चटर्जी ने लिखा था, जो देश की आत्मा बन गया।



**शैलेश अवस्थी**
वरिष्ठ पत्रकार, कानपुर

बताते चलें कि कोई 100 साल पहले गांधीजी की इच्छा पर गणेश शंकर विद्यार्थी के आग्रह पर श्यामलाल गुप्त पार्षद जी ने सात पदों वाले झंडा गीत की रचना की थी। तथ्य और इतिहास की पुस्तकें बताती हैं कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने इसकी कुछ पंक्तियां हटवाकर इसे मान्यता दी और फिर इसे पहली बार 14 अप्रैल 1924 में ही फूलबाग में जलियावाला बागकांड के विरोध में सामूहिक रूप से किया गया। जो पंक्तियां हटाई गईं उनमें... "लाल रंग बजरंगबली का हरा रंग अहल इसलोम अली का, श्वेत सभी धर्मों का टीका, एक हुआ रंग न्यारा-न्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा"। कहते हैं गांधीजी के कहने पर इसमें संशोधन हुआ था। बदलाव के बाद ही इसे जारी किया गया। यह भी तथ्य है कि आजादी के बाद भी बदलाव करते हुए "स्वतंत्रता के भीषण रण में" के स्थान पर प्रजातंत्र के नवसर्जन में, "स्वतंत्रता है ध्येय हमारा कि जगह सबल राष्ट्र है ध्येय हमारा" और विश्व विजय की जगह सत्य विजय किया गया, लेकिन सभी परिवर्तन पार्षद जी की सहमति से हुए। दरअसल ये पंक्तियां आजादी के बाद प्रासंगिक नहीं रह गई थीं। पार्षद जी ने "झंडा ऊंचा रहे हमारा, सदाशक्ति बरसाने वाला, प्रेम सुधा सरसाने वाला, वीरों को हर्षाने वाला, मातृभूमि का तनमन सारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा", लिखकर स्वतंत्रता के दीवानों में जोश जगा दिया था। कानपुर इतिहास समिति के सचिव अनूप शुक्ला भी पुस्तकों के हवाले से बताते हैं कि मूल झंडा गीत में बदलाव किए गए थे, लेकिन इसमें पार्षद जी की सहमति जरूर ली गई थी।

नमो-नमो भी लिखा, पर स्वीकृति नहीं मिली। पार्षद जी ने "झंडा ऊंचा रहे हमारा" के पहले "नमो-नमो भारत जननी के गौरव की, अविचल शाखा नमो-नमो", लेकिन इसे यह कहकर अस्वीकृत कर दिया गया कि इसमें रिदम और ओज नहीं है। यह अलग बात है कि इसे भी बहुत पसंद लिया गया था। झंडा गीत रचने वाले पार्षद जी का जन्म 1896 में हुआ। अभाव के बावजूद वह आजादी के लिए लड़ते रहे। कभी सरकारी सुविधा नहीं ली। विद्यार्थी जी की प्रेरणा से सरसौल में गणेश सेवा आश्रम की स्थापना की। 1973 में पद्मश्री ग्रहण समारोह के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उनकी सादगी और हालात देख सुबक पड़ी थीं। इन पर डाक टिकट भी जारी हुआ। पार्षद जी आजादी की लड़ाई में जेल गए, कई साल फतेहपुर कांग्रेस के अध्यक्ष रहे और 10 अगस्त 1977 में निधन हो गया था।

# राजनीति: जनता के लिए नहीं कैमरे के लिए





**अनिल यादव**
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार में चुनाव हो रहे हैं, जो सत्ता के लिए आन और विपक्षी गठबंधन के लिए अस्तित्व का प्रश्न बने हुए हैं। चुनाव प्रचार के बीच में नेता प्रतिपक्ष, राहुल गांधी एक तालाब में कूद पड़े। चार-पांच मीटर तैरकर दिखाया। मछली पकड़ने का जाल लिए मछुआरों के साथ फोटो खिंचाई।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर कहा, देखो ये होता है जननायक, जैसे पानी में तैरना राजनीति करने की एकमात्र शर्त हो। वह इससे चार साल पहले केरल के कोल्लम जिले के थांग्स्सेरी बंदरगाह के पास समुद्र में मछुआरों के साथ कूदे थे। तब भी यही कहा गया था। बिहार की कुदान के बाद कयास लगाए जाने लगे कि ऐसे दृश्य बनाने के मामले में दक्ष माने जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी इसके प्रत्युत्तर में क्या करेंगे? क्या पानी पर चलकर दिखाएंगे? बेधड़क भविष्यवाणियां की जाने लगीं कि इस कारनामें के बाद बिहार के मछुआरों के अधिकांश वोट विपक्ष के गठबंधन को नहीं तो कांग्रेस को, कांग्रेस को नहीं तो तालाब में राहुल गांधी के साथ खड़े मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी को तो मिल ही जाएंगे, जैसे मछुआरे किसी स्वीमिंग पूल के आदी नेता को अपने गांव के कीचड़ में कूदते देखने के लिए तरस रहे थे। इतना हो जाने के बाद अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। एक दृश्य ने उनकी सारी समस्याओं को खत्म कर दिया है।

याद आना स्वाभाविक है कि पिछले बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने भद्रलोक बंगाली वोटरों को रिझाने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर की तरह दाढ़ी बढ़ाई थी। प्रचार का समय लंबा था, बाल और दाढ़ी बढ़ते गए, लेकिन उनका कोई असर नहीं हुआ। बीते दस सालों में याद की जाएं, तो सत्ता और विपक्ष के बीच 'आप्टिक्स' बनाने की स्पर्धा की दर्जनों घटनाएं मिलेंगी, जिनमें भाजपा सरकार के मंत्रियों के पुशअप, झाड़ू लगाने और ध्यान और पर्वों पर नहान के अभिनय शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक कुख्यात या विख्यात पुलवामा में फिदाइन हमले में सीआरपीएफ जवानों की मौत के समय जिम कार्बेट पार्क में डिस्कवरी चैनल के लिए की गई शूटिंग है।

भारतीय राजनीति में यह बीमारी यूरोप से आई और सबसे पहले उस पार्टी को रास आई जो सनातन, पुरातन और हिंदू संस्कृति की उग्र पैरोकार है। आप्टिक्स के पहले नजारे गुजरात के विधानसभा चुनावों में देखने को मिले, जहां युवा भगवा रंग की एक टी-शर्ट पहनकर गोलाई में ऐसे नाचते थे कि पीठ पर छपे विवेकानंद, पेट पर लिखा नरेंद्र और कमल का फूल आपस में मिलकर एक दिखने लगते थे। नरेंद्र, स्वामी विवेकानंद का नाम है, लेकिन इसका मतलब वहां के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी हुआ करता था। देसी राजनीति में इससे पहले नेता को सिक्कों से, फूलों से तौलने के ऐसे आप्टिक्स बना करते थे, जिनमें जनता की भागीदारी हुआ करती थी।

दरअसल भारतीय राजनीति पर जब से कार्पोरेट का प्रभाव बढ़ा, जनता से दूरी बढ़ी और चुनाव केंद्रित होती गई, इस तरह के टोटके बढ़ते गए, जो कार्पोरेट और मैनेजमेंट की चतुर दुनिया से आयात किए गए हैं। राजनेता चुनाव के समय ही सक्रिय होने लगे तब प्रशांत किशोर जैसे सर्वे और मार्केटिंग के उस्तादों का आगमन हुआ, जो पार्टियों से करोड़ों रुपये लेकर बताने लगे कि किसी इलाके में मुद्दे क्या हैं, वहां चुनाव में कैसा दिखना है और क्या बोलना है? नेता कठपुतली हो गया, डोरी मैनेजर के हाथ चली गई। पहले के नेता जनता के बीच में ज्यादा रहते थे इसलिए प्रशांत किशोर टाइप लोगों को पास फटकने नहीं देते थे, क्योंकि उन्हें जमीन का तापमान पता रहता था। इस तरह राजनीति राज-काज, परिवर्तन और जीवन की बेहतरी के कर्म के बजाय एक ऐसी फिल्म में बदलने लगी, जिसे अच्छा अभिनय करके हिट किया जा सकता था या चुनाव जीते जा सकते थे। इसी के साथ नेताहीन स्थिति में पहुंच गया, क्योंकि अब कार्यकर्ता से बड़ा कैमरा था। राजनीति करने के लिए जनता से सरोकार और मुद्दों की समझदारी से अधिक जलेबी छानना, नगाड़ा बजाना जरूरी हो गया। 2019 में कुंभ के सफल आयोजन के बाद माथे पर त्रिपुंड लगाए प्रधानमंत्री ने प्रयागराज जाकर पांच सफाई कर्मचारियों के पैर धोए। अछूतों से लेकर द्विजों तक सबके लिए जबरदस्त विजुअल था।

भाजपा के भीतर माना जा रहा था कि इस मास्टर स्ट्रोक से देश की दलित राजनीति बदल जाएगी। मायावती जैसे दलित नेता उड़कर कहां जाएंगे पता भी नहीं चलेगा। ऐसा हो सकता था अगर प्रधानमंत्री घोषणा कर देते कि आज के बाद एक भी सफाई कर्मचारी की मौत सीवर में दम घुटने से नहीं होने दी जाएगी। सीवर सफाई का काम मशीनें करेंगी अब सफाई कर्मचारियों को मैले में उतरने की जरूरत नहीं है। ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि दलितों की जिंदगी से सरोकार से अधिक विजुअल की ताकत पर ज्यादा भरोसा था।

कुछ ही दिनों बाद ये सफाई कर्मचारी मीडिया में कम वेतन, जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न की शिकायत करते दिखाई देने लगे। उनकी हताशा बहुत बढ़ गई थी, क्योंकि देश के सबसे शक्तिशाली आदमी ने उनके पैर धोए थे फिर भी उनकी जिंदगी पहले ही जैसी लीचड़ थी। इन विशेष पैरों वाले सफाई कर्मचारियों की ही तरह, हर दिन बनाए जाते अनगिनत विजुअल्स में शामिल नागरिकों की हताशा और व्यर्थबोध भी राजनेताओं को पहले से अधिक अविश्वसनीय बनाएंगे। यह पक्की बात है।

> दरअसल भारतीय राजनीति पर जब से कार्पोरेट का प्रभाव बढ़ा, जनता से दूरी बढ़ी और चुनाव केंद्रित होती गई, इस तरह के टोटके बढ़ते गए, जो कार्पोरेट और मैनेजमेंट की चतुर दुनिया से आयात किए गए हैं।

## आमने



हमारी टीम में सिर्फ रेस के घोड़े मिलेंगे, बाकी घोड़े हम नहीं रखते। हम लंबी रेस के घोड़े हैं। सोसायटी में खाद नहीं मिल रहा, सब बाजार में उपलब्ध है। पूर्व कृषि मंत्री ने हरदा में नकली खाद की फैक्ट्री खोल ली है। हमने किसानों के हित में जल्द बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया, जो राज्य की राजनीति में नया मोड़ ला सकता है।

**– अरुण यादव**, कांग्रेस नेता

## सामने



कांग्रेस में अब कौन घोड़ा है, कौन गधा हैं, ये समझना बड़ा मुश्किल है, वो किस पर दांव लगाएंगे, किसको दौड़ाएंगे, किसको बैठाएंगे, किसको आउट करेंगे, ये उनका विषय है। ये हमारा विषय नहीं है। हमारी सरकार और पार्टी तो निरंतर गरीबों के कल्याण और विकास के लिए काम कर रही है। अंतिम छोर के व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाना हमारी सरकार की मंशा है।

**– ज्ञानेश्वर पाटिल**, बीजेपी सांसद

# उत्तराखंड: भविष्य की चुनौतियां एवं रोडमैप



**प्रो. एच.सी. पुरोहित**
देहरादून

उत्तराखंड का गठन 9 नवंबर, 2000 को उस स्वप्न के साथ हुआ था कि हिमालय की गोद में बसे इस प्रदेश को उसकी भौगोलिक परिस्थितियों और सांस्कृतिक विशिष्टताओं के अनुरूप विकास का अवसर मिले। राज्य के गठन के बाद के शुरुआती वर्षों में उत्तराखंड देश के तीव्र गति से विकसित होने वाले राज्यों में से एक रहा है।

वर्ष 2001 से 2010 के बीच इसकी वार्षिक आर्थिक वृद्धि दर 9 से 10 प्रतिशत के बीच रही, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक थी। हरिद्वार, रुद्रपुर, पंतनगर और देहरादून जैसे औद्योगिक केंद्रों में निवेश ने राज्य की अर्थव्यवस्था को नई पहचान दी। वित्त वर्ष 2024-25 में उत्तराखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) लगभग 3.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस अवधि में राज्य की प्रति व्यक्ति सालना आय भी बढ़कर लगभग 2.74 लाख रुपये तक पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि उत्तराखंड निरंतर तीव्र आर्थिक वृद्धि की दिशा में अग्रसर है।

उत्तराखंड का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 53,483 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 86 प्रतिशत भाग पर्वतीय तथा केवल 14 प्रतिशत मैदानी क्षेत्र है। राज्य का लगभग 65 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, जिससे भूमि उपयोग और शहरीकरण की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। यही भौगोलिक विषमता राज्य की नीतियों, संसाधन उपयोग और प्रतिनिधित्व की संरचना को विशेष रूप से प्रभावित करती है। इस कारण पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के बीच विकास का संतुलन बनाना उत्तराखंड की सबसे बड़ी प्रशासनिक और नीतिगत चुनौती रही है। पर्यटन और सेवा क्षेत्र उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। चारधाम यात्रा, योग, आयुर्वेद और पारिस्थितिक (इको) पर्यटन की वैश्विक पहचान ने राज्य को नई दिशा दी है। इसलिए अब आवश्यकता सतत पर्यटन की है, जिससे प्रकृति और अर्थव्यवस्था में संतुलन बना रहे। राज्य सरकार द्वारा राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों से 'ग्रीन सेस' लेने का निर्णय इस दिशा में एक कारगर पहल सिद्ध हो सकता है।

राज्य की ऊर्जा नीति भी उल्लेखनीय रही है। लगभग 25,000 मेगावाट की जलविद्युत क्षमता में से 4,000 मेगावाट का दोहन हो चुका है। सौर और पवन ऊर्जा में निवेश ने हरित संक्रमण की दिशा में राज्य को अग्रणी बनाया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। साक्षरता दर 71 प्रतिशत से बढ़कर 87 प्रतिशत हो चुकी है। इन उपलब्धियों के बावजूद, राज्य के विकास की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय असंतुलन है। पर्वतीय क्षेत्र, जो राज्य की आत्मा और पहचान हैं, नीति और प्रतिनिधित्व के स्तर पर अपेक्षाकृत उपेक्षित महसूस करते हैं।

निर्वाचन व्यवस्था में विधानसभा क्षेत्रों का निर्धारण जनसंख्या के आधार पर होने के कारण मैदानी जिलों का प्रतिनिधित्व लगातार बढ़ रहा है। हरिद्वार जैसे जिलों में जनसंख्या घनत्व, जहां 800-900 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर तक पहुंच गया है, वहीं पिथौरागढ़ या चमोली जैसे पर्वतीय जिलों में यह मात्र 100-150 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। परिणामस्वरूप जनसंख्या के अनुपात में सीट निर्धारण से पर्वतीय जिलों की राजनीतिक आवाज कमजोर होती जा रही है। यह स्थिति न केवल लोकतांत्रिक असमानता को जन्म देती है, बल्कि विकास की प्राथमिकताओं को भी प्रभावित करती है। एक पर्वतीय क्षेत्र के विधायक का क्षेत्रफल औसतन 3000 से 4000 वर्ग किलोमीटर तक फैला होता है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में यह केवल 200-300 वर्ग किलोमीटर का होता है। फिर भी दोनों को समान प्रतिनिधित्व देना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता। शासन की कठिनाइयां और जनता तक पहुंच की सीमाएं पर्वतीय प्रतिनिधि के लिए कहीं अधिक हैं।

इस संदर्भ में यह विचार प्रासंगिक है कि क्या अब समय नहीं आ गया है, जब उत्तराखंड में विधानसभा क्षेत्रों के निर्धारण में केवल जनसंख्या नहीं, बल्कि भौगोलिक विषमता और क्षेत्रफल को भी स्थान मिले, जिससे नीति-निर्माण में पर्वतीय दृष्टि को स्थायी स्थान मिल सके। राजनीतिक दृष्टि से यह आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए अनुच्छेद-170 में संशोधन की आवश्यकता होगी। लोकतंत्र का अर्थ केवल 'एक व्यक्ति-एक वोट' नहीं, बल्कि 'हर क्षेत्र-हर आवाज' भी है। इसलिए प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पर्वतीय आंचलों को विधानसभा में समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आवश्यक है कि पर्वतीय क्षेत्रों में विधानसभा सीटों का परिसीमन आवश्यकता के आधार पर हो। यदि इसे विकासखंडों के मानक पर आधारित किया जाए, तो यह अधिक तर्कसंगत और न्यायोचित होगा।

पच्चीस वर्षों में उत्तराखंड ने यह सिद्ध किया है कि यदि इच्छाशक्ति और नीति में स्पष्टता हो, तो सीमाएं भी संभावनाओं में बदल सकती हैं। अगले पच्चीस वर्षों में राज्य का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब हिमालय की ऊंचाइयों से लेकर तराई की हरियाली तक हर क्षेत्र समान अवसर, समान आवाज और समान सम्मान का अनुभव करें। यही सच्चे अर्थों में उत्तराखंड के निर्माण का उद्देश्य था और यही उसकी आगामी यात्रा की दिशा भी होनी चाहिए।

> अगले पच्चीस वर्षों में राज्य का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब हिमालय की ऊंचाइयों से लेकर तराई की हरियाली तक हर क्षेत्र समान अवसर, समान आवाज और समान सम्मान का अनुभव करें।

## सोशल फोरम

# वीआईपी आवगमन, ट्रैफिक डायवर्जन और त्रस्त जनता

पूरा देश वीआईपी आवगमन के कारण ट्रैफिक जाम व ट्रैफिक डाइवर्जन से त्रस्त है। कई बार तो जनसामान्य को सड़क पर पैदल चलने से भी रोका जाता है। घंटों लोगों को बेवजह सड़क पर रोका जाता है या दूर-दराज के रास्तों से उनके गंतव्य को भेजा जाता है। इससे आम लोगों का कीमती समय तो बर्बाद होता ही है। लोगों की गाढ़ी कमाई का लाखों लीटर डीजल-पैट्रोल भी बर्बाद होता है। डीजल पैट्रोल की बर्बादी सीधे-सीधे विदेशी मुद्रा की भी बर्बादी है। नीली-लाल बत्ती के खौफ से लोग मन मरोसकर रह जाते हैं। इस खौफ से जाम में फंसकर कई मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही स्वर्ग पहुंच गए। अब वीआईपी आवागमन के दिनों में स्कूलों को भी बंद किया जा रहा है। ये वीआईपी स्कूली बच्चों से भी खौफजदा हैं। वीआईपी के आवागमन पर रास्ते की दुकानों बैंक व बाजार को बंद कराया दिया जाता है। सब कुछ जीरो जोन किया जा रहा है। आज के दौर में ऐसे जननेता तो है नहीं, जिनके दर्शन के लिए आम लोग उमड़ पड़ें। सोशल मीडिया के इस दौर में नेताओं के भाषणों की अहमियत भी खत्म हो चुकी है। इसलिए वीआईपी नेताओं को सड़क पर देखने-सुनने वाली नाउम्मीद भीड़ अब आज के सभी नेताओं से दूर रहती है।



**संजीव भगत**
नैनीताल

इन नेताओं के आवागमन के लिए सड़क पर कोई स्पष्ट नियम नहीं हैं। सड़क पर खड़े सिपाही के नियम ही सर्वोच्च कायदे कानून हैं। वीआईपी सुरक्षा को लेकर सड़क पर पुलिस के नियम हमेशा अलग होते हैं। देश और राज्य के दो-चार सर्वोच्च नेताओं को छोड़कर बाकी नेताओं को आम जनता पहचानती ही नहीं। न वे स्थानीय आम जनता के किसी काम के हैं। पुलिस प्रशासन को जनता की तकलीफ से कोई सरोकार नहीं है। वे सारी मशक्कत अपनी नौकरी बचाने के लिए करते हैं। उनके लिए नेताओं की सेवा ही देशसेवा है। नैनीताल, कैंची मंदिर आने वाले वीआईपी भक्तों के कारण इस क्षेत्र की जनता रोज जाम और ट्रैफिक डाइवर्जन भुगतने के लिए अभिशप्त है। अब करें क्या? पुलिस प्रशासन से कोई उम्मीद नहीं। अंतिम उम्मीद फिर वीआईपी से ही है कि वे केवल हवाई मार्ग से ही यात्रा करें। धरती पर न्यूनतम कदम रखें। इससे सरकार व जनता दोनों का पैसा व वक्त बचेगा। वीआईपी स्वयं ऐसे उच्च मानदंड स्थापित करें कि उनके सड़क से गुजरते वक्त आम जनता को कोई परेशानी न हो।

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# उच्च शिक्षा संस्थानों का गिरता वैश्विक स्तर चिंताजनक

हाल ही में क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यू.एस.), जोकि वैश्विक स्तर का उच्च शिक्षा विश्लेषक है, के द्वारा एशियाई विश्वविद्यालयों की ताजा रैंकिंग जारी की गई है। इस रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की स्थिति में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं दूसरी तरफ चीन, मलेशिया, दक्षिणी कोरिया और सिंगापुर के संस्थानों ने कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक गिरावट आईआईटी मुंबई की रैंकिंग में आई है। यह वर्ष 2025 की रैंकिंग में 48 वें स्थान पर था, जबकि 2026 की रैंकिंग में यह 71 वें स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि 2026 की रैंकिंग में शीर्ष दस स्थानों पर हांगकांग, चीन व सिंगापुर के संस्थान काबिज हैं। भारत के संस्थानों की स्थिति में गिरावट कहीं न कहीं हमारे लिए एक चिंताजनक संकेत है। स्पष्ट है कि हम उन संकेतकों में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, जिनके आधार पर उच्च शिक्षा संस्थानों का समग्र वैश्विक मूल्यांकन किया जाता है।



**शिशिर शुक्ला**
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

आखिर क्या कारण है कि हम शीर्ष पर काबिज होने से चूक रहे हैं। यदि इस रैंकिंग के मापदंडों पर गौर किया जाए, तो उनमें से प्रमुख संकेतक हैं- एकेडमिक ख्याति, नियोक्ता ख्याति, शिक्षक विद्यार्थी अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय शोध नेटवर्क, प्रति शिक्षक शोध पत्र, साइटेशन, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक, अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी एवं पीएचडी से संबंधित स्टाफ। स्पष्ट है कि रैंकिंग को निर्धारित करने में शोध की एक अहम भूमिका है। कितनी विडंबनापूर्ण बात है कि जहां एक ओर देश में शिक्षण संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं उनकी गुणवत्ता, शोध-उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता में गिरावट देखने को मिल रही है। यह गिरावट केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाती, बल्कि यह भारत के ज्ञान-आधारित विकास मॉडल के लिए भी गंभीर चेतावनी है। हमें इस सत्य को स्वीकारना होगा कि हमारे शिक्षण संस्थानों में शिक्षण पर शोध की अपेक्षा अधिक ध्यान दिया जाता है। निस्संदेह शिक्षणकार्य को प्राथमिकता देनी चाहिए, किंतु शोध के प्रति रूझान बढ़ाने की भी आवश्यकता है ताकि हम वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान सुनिश्चित कर सकें। इसके लिए शासन के स्तर से भी शोध कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक अभियान चलाते हुए ऐसे कदम उठाए जाएं, जिससे शोधार्थी शोध को लेकर चिंतित एवं निराश होने की बजाय आशान्वित एवं प्रोत्साहित हों। बेहतर आर्थिक संसाधनों की सहायता से इस योजना को अंजाम दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षण संस्थानों में बेहतरीन पुस्तकालय एवं तकनीकी सुविधाओं की प्रचुरता भी सुनिश्चित करनी होगी।

संसाधनों की कमी का एक दुष्प्रभाव यह भी होता है कि भारत की अधिकांश प्रतिभा दूसरे देशों में रोजगार एवं कैरियर के अच्छे अवसर पाकर यहां से पलायन का रास्ता पकड़ लेती है और जिसका अंतिम परिणाम यह होता है कि हम उस प्रतिभा के पलायन के साथ ही अनेक संभावनाओं से हाथ धो बैठते हैं। चीन, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे देशों ने शिक्षा में भारी निवेश कर अपने विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थानों पर पहुंचाया है। इन राष्ट्रों ने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखा है। वहां सरकार, उद्योग और शैक्षिक जगत का त्रिकोणीय सहयोग शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करता है। भारत में यह सहयोग अभी शुरुआती अवस्था में है। भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों की गिरती रैंकिंग केवल संख्यात्मक गिरावट नहीं है अपितु यह एक चेतावनी है कि भारत की विशाल जनसंख्या यदि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा से वंचित रही, तो कहीं न कहीं हम अपनी पहचान खो बैठेंगे। गिरती रैंकिंग को सुधारना केवल प्रतिष्ठा का प्रश्न ही नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के बौद्धिक भविष्य की सुरक्षा से भी जुड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# फोर्स अर्बनिया
# लंबे सफर की नई साथी



बड़े परिवार या ग्रुप में ट्रिप प्लान करना आसान नहीं होता। 5 से 17 लोगों का परिवार हो, तो हर बार 3-4 गाड़ियां निकालनी पड़ती हैं, जिससे न तो सब एक साथ सफर का मजा ले पाते हैं और न ही खर्च कम होते हैं, लेकिन अब यह मुश्किल खत्म हो सकती है, क्योंकि Force Motors लेकर आई है Urbania। यह एक ऐसी 17 सीटर वैन, जो पूरे परिवार को एक ही सफर में जोड़ देती है। Force Urbania सिर्फ एक गाड़ी नहीं, बल्कि बड़े परिवारों और ट्रैवल ग्रुप्स के लिए मूविंग होम है। ऐसे में अगर आप फैमिली ट्रिप्स या बिजनेस टूर के लिए एक भरोसेमंद गाड़ी चाहते हैं, तो Force Urbania अच्छा ऑप्शन हो सकता है। *-फीचर डेस्क*

## जॉइंट फैमिली और बिजनेस यूजर्स के लिए परफेक्ट

Urbania को खासतौर पर उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जिन्हें एक बड़ी, स्टाइलिश, भरोसेमंद और मल्टी-पर्पज वैन चाहिए। चाहे आप परिवार के साथ हिल स्टेशन जा रहे हों या बिजनेस ट्रिप पर, यह वैन हर मौके के लिए फिट बैठती है। इसकी विशाल केबिन, प्रीमियम इंटीरियर और लग्जरी बस जैसा कंफर्ट इसे फैमिली और कॉर्पोरेट दोनों ही यूजर्स के बीच लोकप्रिय बना रहा है।




## स्पेशियस इंटीरियर, लग्जरी का अहसास

Urbania का केबिन स्पेस किसी मिनी लग्जरी बस से कम नहीं। हर सीट पर AC वेंट, फुल LED लाइटिंग, USB चार्जिंग पोर्ट और टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम जैसे फीचर्स मौजूद हैं। इसके प्रीमियम डैशबोर्ड, मॉडर्न इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और ब्लूटूथ ऑडियो सिस्टम लंबी यात्राओं को और मजेदार बनाते हैं। साथ ही पावर विंडो और सेंट्रल लॉकिंग जैसी सुविधाएं ड्राइवर को भी सुविधा देती हैं।

## पावरफुल इंजन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस

Force Urbania में 2596cc, 4-सिलेंडर डीजल इंजन है, जो 115hp की पावर और 350Nm का टॉर्क जेनरेट करता है। यह इंजन हाईवे, ढलान या भारी लोड, हर जगह संतुलित परफॉर्मेंस देता है। 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स स्मूद शिफ्टिंग ऑफर करता है और Urbania शहर में लगभग 10-12 km/l, जबकि हाईवे पर 14-16 km/l तक का माइलेज देती है।






## सेफ्टी फीचर्स

- Urbania में सेफ्टी को लेकर Force Motors ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।
- इसमें दिए गए हैं-ड्राइवर और को-ड्राइवर एयरबैग
- ABS (Anti-lock Braking System)
- EBD (Electronic Brakeforce Distribution)
- ESC (Electronic Stability Control)

## रियर कैमरा और पार्किंग सेंसर

- लंबी यात्राओं के दौरान ये फीचर्स यात्रियों और ड्राइवर दोनों को अतिरिक्त भरोसा देते हैं।

## वेरिएंट्स और कीमत

- Urbania तीन व्हीलबेस वेरिएंट्स- शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग में उपलब्ध है। आप इसे 13, 15 या 17-सीटर विकल्प में चुन सकते हैं। 17 सीटर वेरिएंट की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत लगभग 30 लाख रुपये है, जबकि टॉप मॉडल के साथ कीमत थोड़ी बढ़ जाती है।



# Google Maps का नया फीचर
## गलत लेन में फंसने का झंझट खत्म

गूगल मैप्स ने नेविगेशन को अगले टेक लेवल पर पहुंचाने की तैयारी कर ली है। कंपनी ने एक ऐसा हाई-टेक फीचर पेश किया है, जो आपकी कार के कैमरे से लाइव फीड लेकर रियल टाइम में बताएगा कि कब और किस लेन में शिफ्ट करना है। इसे नाम दिया गया है -Live Lane Guidance। यह फीचर खासतौर पर उन वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है, जिनमें Google Built-in सिस्टम मौजूद है। यानी यह स्मार्टफोन वाले ऐप पर नहीं चलेगा, बल्कि कार के इंटीग्रेटेड हार्डवेयर से जुड़ा रहेगा।




### एआई+कैमरा मिलकर देंगे सबसे सटीक नैविगेशन

Google के मुताबिक यह नया फीचर कार में लगे फ्रंट-फेसिंग कैमरे से सड़क की लेन मार्किंग्स और रोड साइन पढ़ेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) उस लाइव वीडियो फीड को प्रोसेस करके Google Maps के नेविगेशन से लिंक करेगा। जैसे ही कार किसी जंक्शन या हाइवे टर्न के करीब पहुंचेगी, सिस्टम रियल टाइम में बताएगा कि किस समय किस लेन में जाना है। यह अलर्ट विजुअल और ऑडियो दोनों फॉर्मेट में मिलेगा, जिससे ड्राइवर को लेन बदलने में आखिरी मिनट की अफरा-तफरी नहीं होगी। इस टेक्नोलॉजी का फायदा खासतौर पर हाइवे और मल्टी-लेन रूट्स पर दिखेगा, जहां अब तक ड्राइवर को अचानक लेन कट या गलत टर्न की समस्या का सामना करना पड़ता था।

### Polestar 4 से होगी शुरुआत

Google ने घोषणा की है कि Live Lane Guidance का पहला रोलआउट Polestar 4 इलेक्ट्रिक एसयूवी में किया जाएगा। शुरुआत United States और Sweden में होगी, जिसके बाद इसे अन्य देशों और ऑटो ब्रांड्स के वाहनों में भी धीरे-धीरे एक्सपैंड किया जाएगा।

गूगल के आंकड़ों के अनुसार हर महीने करीब 2 बिलियन यूजर्स Google Maps के नेविगेशन का इस्तेमाल करते हैं। अब कंपनी पारंपरिक ऐप अनुभव से आगे बढ़कर वाहन हार्डवेयर इंटीग्रेशन वाले ऑटो-टेक सेगमेंट में नई दिशा स्थापित कर रही है।

### भारत में कब होगा लॉन्च

भारत में इस फीचर की लॉन्च टाइमलाइन फिलहाल घोषित नहीं की गई है, लेकिन ऑटो एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे देश में प्रीमियम ईवी और कनेक्टेड कार्स की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे इस तरह की तकनीकें भारतीय सड़कों पर भी जल्द दिख सकती हैं। Google Built-in वाले वाहनों जैसे Volvo, Polestar और Honda के कुछ नए मॉडल पहले से ही भारत में मौजूद हैं, इसलिए संभावना है कि आने वाले कुछ वर्षों में Live Lane Guidance भारतीय यूजर्स तक भी पहुंच जाए।

# बाइक को भी चाहिए विंटर केयर
## ठंड में स्टार्टिंग प्रॉब्लम सॉल्यूशन

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही बाइक का भी हाल कुछ वैसा ही हो जाता है, जैसा हमारा-ठंड लगते ही सबकुछ सुस्त पड़ जाता है। जैसे इस मौसम में आपको स्किन केयर की जरूरत होती है, वैसे ही बाइक को भी स्पेशल विंटर केयर चाहिए। अगर आपकी बाइक स्टार्ट होने में ज्यादा टाइम ले रही है या सेल्फ काम नहीं कर रहा, तो घबराइए नहीं। यहां जानिए कुछ आसान उपाय, जिनसे बाइक झटपट स्टार्ट होगी और ठंड में भी आपका सफर बेफिक्र रहेगा।

### स्पार्क प्लग करें चेक

बाइक इंजन के ऊपरी हिस्से में व्हाइट कलर का स्पार्क प्लग होता है, जो इंजन को इग्निशन देता है। ठंड में या लंबे समय तक न चलाने पर यह वायर ढीला हो सकता है या उस पर डस्ट जम सकती है। ऐसे में स्पार्क प्लग निकालें, कपड़े से साफ करें और अच्छी तरह टाइट करें। इसके बाद बाइक स्टार्ट करने की कोशिश करें। फर्क तुरंत नजर आएगा।

### इंजन कट-ऑफ स्विच भूल गए

कई बार बाइक को बंद करते वक्त लोग इंजन कट-ऑफ स्विच (रेड कलर वाला बटन) यूज करते हैं और बाद में उसे ऑन करना भूल जाते हैं। ऐसे में चाहे आप कितनी भी किक मार लें, बाइक स्टार्ट नहीं होगी। ऐसे में जब बाइक स्टार्ट न हो, तो सबसे पहले इंजन स्विच की पोजिशन चेक करें। छोटी सी गलती बड़ी परेशानी से बचा सकती है।

### बैटरी की जांच करें

ठंड में बैटरी जल्दी डिस्चार्ज हो जाती है। अगर आपकी बाइक का सेल्फ काम नहीं कर रहा, तो संभावना है कि बैटरी कमजोर या खत्म हो चुकी है। इस स्थिति में बाइक को मेन स्टैंड पर लगाएं, चौथे गियर में डालें और पीछे का पहिया तेजी से घुमाएं। इस "जंप-स्टार्ट" तरीके से कई बार बाइक तुरंत स्टार्ट हो जाती है।



### फ्यूल और क्लच की स्थिति देखें

कई बार छोटी-सी लापरवाही जैसे पेट्रोल खत्म होना या बाइक का गियर न्यूट्रल में न होना, स्टार्टिंग की समस्या बन जाती है। ऐसे में आप बाइक स्टार्ट करते समय पेट्रोल लेवल जरूर देखें और गियर न्यूट्रल करें। क्लच लिवर को ठीक से दबाएं ताकि इंजन स्मूथ इग्निशन दे सके।

### एयर फिल्टर की सफाई जरूरी

बाइक चलाते समय झटका महसूस हो रहा है या इंजन रुक-रुक कर चल रहा है, तो समझ लें कि एयर फिल्टर में धूल या नमी जमा हो गई है। ऐसे में एयर फिल्टर को सर्विस सेंटर पर साफ करवाएं या जरूरत हो तो नया लगवाएं। साफ फिल्टर से बाइक का परफॉर्मेंस और माइलेज दोनों बेहतर होता है।



**मॉय फर्स्ट राइड**

# आत्मनिर्भर बनने की ललक

कुछ नया सीखने और हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ललक सदैव रही। पापा- मम्मी ने इसी बात की प्रेरणा भी देते थे कि किसी पर आश्रित रहने की जगह प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना है। इसी कड़ी में मैंने कार चलाने की ठानी।

जब पहली बार ड्राइविंग सीट पर बैठी तो मन में थोड़ी सी हिचक थी कि चला पाऊंगी भी या नहीं, लेकिन अपनों का साथ मिला था, तो धीरे-धीरे कार चलाना सीख लिया। पहली बार जब मैं अकेले ड्राइविंग सीट पर बैठी, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। यह ऐसा पल था, जब कोई मेरे बगल की सीट पर मुझे गाइड करने वाला नहीं था। अब समझ में आता है कि हर महिला को कार या बाइक चलाना आना चाहिए ताकि उसे बाहर जाने के लिए किसी का इंतजार न करना पड़े।

**-स्नेहा सिंह, कानपुर**

## यूरोपीय बाजारों में उतरेगा टीवीएस

**मिलान (इटली)।** भारतीय वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी अपने वैश्विक विस्तार के तहत स्पेन और पुर्तगाल सहित यूरोप के और बाजारों में उतरने की योजना बना रही है। यह जानकारी कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने दी। कंपनी ने वैश्विक दोपहिया प्रदर्शनी ईआईसीएमए-2025 में आईसीई और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन में छह नए उत्पादों का अनावरण करते हुए अपनी शुरुआत की, का मानना है कि बढ़ते पोर्टफोलियो के साथ अब 'औद्योगिक बाजारों' का दोहन करने का समय आ गया है।


# कंपनियों के तिमाही नतीजे बदलेंगे बाजार की दिशा

## महंगाई के आंकड़े, वैश्विक रुख और एफपीआई की गतिविधियों पर होगी निवेशकों की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह महंगाई के आंकड़ों, कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि कई प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। घरेलू मोर्चे पर, भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति और थोक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो महंगाई की दिशा और नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। सप्ताह के दौरान ओएनजीसी, बजाज फिनसर्व,



● ओएनजीसी, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और ऑयल इंडिया के आएंगे नतीजे

एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और ऑयल इंडिया जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों आएंगे, जिन पर सभी की निगाह रहेगी। इसके साथ रुपये-डॉलर का रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, इस सप्ताह कई प्रमुख घरेलू और वैश्विक वृहद आर्थिक कारक बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। घरेलू मोर्चे पर, अक्टूबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, क्योंकि इससे निवेशकों को ब्याज दर के भविष्य के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलने की संभावना है। वैश्विक स्तर पर, सभी की निगाहें अमेरिका में कुछ विभागों का कामकाज ठप होने (शटडाउन) पर रहेगी। इससे आर्थिक आंकड़ों को जारी नहीं किया जा सका है जिससे निवेशकों और नीति-निर्माताओं को वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार की दिशा आगामी घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों, एफआईआई प्रवाह, अमेरिकी शटडाउन व अमेरिका, भारत और चीन के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति पर निर्भर करेगी।

### शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी 88,635 करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,635 .28 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में भारती एयरटेल और टीसीएस रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

### एफपीआई ने बाजार से निकाले 12,569 करोड़ रुपये

अक्टूबर में थोड़े विराम के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बिकवाली फिर शुरू कर दी है। कमजोर वैश्विक संकेतों और जोखिम-रहित धारणा के बीच नवंबर में अब तक एफपीआई ने भारतीय बाजार से 12,569 करोड़ रुपये की निकासी की। डिपॉजिटरी के अनुसार, अक्टूबर में एफपीआई ने शेयरों में 14,610 करोड़ का शुद्ध निवेश किया था, जो कई महीनों की निकासी के बाद आया था। सितंबर में एफपीआई ने 23,885 करोड़, अगस्त में 34,990 करोड़ और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की निकासी की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि नवंबर के अब तक हर कारोबारी दिन जारी रही बिकवाली की नई प्रवृत्ति ने भारत के खराब प्रदर्शन में योगदान दिया है।

# अमेरिका और चीन के आर्थिक आंकड़ों से पहले सोने में सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● अमेरिकी फेडरल रिजर्व की टिप्पणियों पर होगी कड़ी नजर

अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों, व्यापार शुल्क को लेकर जारी अनिश्चितताओं और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में सुधार जारी रहने की उम्मीद है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया। उन्होंने कहा कि कारोबारी मौद्रिक नीति पर स्पष्टता के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व की टिप्पणियों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। इससे निकट भविष्य में सर्राफा कीमतों की दिशा तय होने की संभावना है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, सोने में स्वस्थ गिरावट या और सुधार की उम्मीद है, क्योंकि सभी का ध्यान मुद्रास्फीति के आंकड़ों, शुल्क पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई, फेड के भाषणों और चीनी आंकड़ों पर रहेगा। उन्होंने कहा कि सोने की कीमतें थोड़ी कम हुई, लेकिन मजबूत डॉलर और सुस्त भौतिक मांग से इसकी बढ़त सीमित रही। खुदरा खरीदार कीमतों में और गिरावट की आशंका में बाजार से दूर हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 165 रुपये की गिरावट के साथ शुक्रवार को 1,21,067 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एंजल वन के डीवीपी (शोध, गैर-कृषि जिंस एवं मुद्रा) प्रथमेश माल्या ने कहा, इस दौरान एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 1,17,000-1,22,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रहा।

## बिजनेस ब्रीफ

### चाइना ईस्टर्न ने शंघाई दिल्ली सेवा फिर की शुरू

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन की विमानन कंपनी चाइना ईस्टर्न ने रविवार को शंघाई-दिल्ली सेवा शुरू की, जिसमें 95% सीटें भरी हुई थीं। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, 248 यात्रियों को लेकर उड़ान संख्या एमयू563 शंघाई पुडोंग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना हुई। भारतीय विमानन कंपनी इंडिगो 10 नवंबर से अपनी दैनिक दिल्ली-गुआंगझोउ सेवा शुरू करेगी। शंघाई-दिल्ली मार्ग दोनों देशों के प्रमुख आर्थिक केंद्रों को जोड़ने वाला माना जाता है और इससे व्यापार, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### सेल्सफोर्स भारत में निवेश रखेगी जारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की आईटी कंपनी सेल्सफोर्स भारत में निवेश और कारोबार का विस्तार जारी रखेगी, क्योंकि देश में प्रतिभाओं का बड़ा और उपयुक्त समूह उपलब्ध है। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (दक्षिण एशिया) अरुण परमेश्वरन ने यह जानकारी दी। कंपनी ने 2005 में हैदराबाद में पहले एक्सिलेंस सेंटर के साथ भारत में परिचालन शुरू किया था। अब सेल्सफोर्स छह स्थानों पर फैली है, जिसका वार्षिक राजस्व एक अरब डॉलर और कार्यबल 13,000 से अधिक है। अमेरिका के बाद भारत कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।

### कोल इंडिया लक्ष्य हासिल करने का करेगी प्रयास


**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सनोज झा ने रविवार को कहा कि कंपनी 87 .5 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने या उसके करीब पहुंचने की आकांक्षा रखती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब कोल इंडिया पिछले दो महीनों में अपने उत्पादन लक्ष्य से चूक गई है। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के 59वें स्थापना दिवस पर झा ने कहा, आज मैं यह नहीं कह सकता कि हम (उत्पादन लक्ष्य) पूरा नहीं करेंगे। मैं यह भी नहीं कह सकता कि हम पूरा करेंगे। लेकिन हम प्रयास करेंगे कि लक्ष्य तक या उसके करीब पहुंच सकें। कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव झा ने एक नवंबर को कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभाल लिया।

# भारत का डीपटेक क्षेत्र 2030 तक बढ़कर होगा 30 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के 'डीपटेक' क्षेत्र में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है और इसके बाजार अवसर 2030 तक 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट कहती है कि रक्षा नवोन्मेषण और वैश्विक रोबोटिक्स में उछाल के कारण डीपटेक क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। भारत ने रक्षा डीपटेक पर खर्च में उल्लेखनीय बदलाव देखा है। पिछले एक दशक में राष्ट्रीय रक्षा बजट दोगुना होकर 80 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह विस्तार इसी अवधि के दौरान अमेरिका और चीन जैसे शीर्ष वैश्विक खर्च करने वाले देशों द्वारा दर्ज की गई वृद्धि दर से अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के डीपटेक अवसर पिछले पांच साल में 2.5 गुना बढ़े हैं और यह 2030 तक 30 अरब अमेरिकी डॉलर का विशाल बाजार बनने की ओर अग्रसर हैं। भारत, चीन के बाहर एकमात्र विश्वसनीय, कम लागत वाला केंद्र बनकर उभर रहा है। इसका डीपटेक आधार, यानी वित्त वर्ष 2024-25 तक 9-12



● रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के अनुसार रक्षा नवोन्मेषण और वैश्विक रोबोटिक्स में उछाल से आई तेजी

अरब अमेरिकी डॉलर, भारत के रक्षा डीपटेक और वैश्विक रोबोटिक्स में खर्च द्वारा आगे बढ़ रहा है। चीन के बाहर एक विश्वसनीय, कम लागत वाले वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की उभरती स्थिति रोबोटिक्स में गहन तकनीकी प्रगति से और मजबूत हो रही है। 60 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के वैश्विक रोबोटिक मशीनों के बाजार के 2030 तक लगभग 230 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें ह्यूमनॉइड रोबोट एक प्रमुख श्रेणी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# वृद्धि के वित्तपोषण के लिए विशेष कोष बनाए सरकार : सीआईआई

**भारत की वृद्धि को गति देने और रणनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जरूरी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग निकाय सीआईआई ने रविवार को सरकार से देश की दीर्घकालिक वृद्धि, जुझारू क्षमता और विदेशों में महत्वपूर्ण आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक विशेष कोष बनाने का आग्रह किया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा कि पेशेवर रूप से प्रबंधित एक मजबूत 'भारत विकास एवं रणनीतिक कोष' (आईडीएसएफ) की स्थापना की जानी चाहिए।

भारत की वृद्धि को गति देने और देश के रणनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इसकी जरूरत है। इसमें आगे कहा गया है कि एक राष्ट्रीय कोष के रूप में आईडीएसएफ घरेलू स्तर पर भारत की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और विदेशों में महत्वपूर्ण आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक पूंजी



● आईडीएसएफ दो दशक में 1,300 से 2,600 अरब डॉलर के बीच प्रबंधित कोष का करेगा निर्माण

जुटाएगा। सीआईआई का मानना है कि अनुशासित योजना और वित्तपोषण के साथ, आईडीएसएफ अगले दो दशक में 2047 तक 1,300 से 2,600 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच एक प्रबंधित कोष का निर्माण कर सकता है। इसमें सुझाव दिया गया कि समय के साथ चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकार की इक्विटी का एक हिस्सा इस कोष में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे ये उद्यम केवल विनिवेश के साधन न रहकर भारत के वैश्विक विस्तार के साधन बन सकते हैं।

इसके अलावा यह कोष बहुपक्षीय और द्विपक्षीय साझेदारों के साथ मिलकर निवेश करते हुए दीर्घकालिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बचत जुटाने के लिए बुनियादी ढांचा, हरित और प्रवासी बॉन्ड जारी कर सकता है।

### वृद्धि के लिए भारत स्थायी वित्तीय इंजन बनाए

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत वृद्धि के लिए अपना स्थायी वित्तीय इंजन बनाए। उन्होंने कहा कि भारत अवसरों के एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर रहा है। हम पहले से ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं, लेकिन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने के लिए, हमें दीर्घकालिक पूंजी के संरचनात्मक, स्थाई स्रोतों की जरूरत है जो वार्षिक बजट चक्र से परे हों। उन्होंने कहा कि आईडीएसएफ एक संप्रभु और पेशेवर रूप से प्रबंधित साधन होगा, जो राष्ट्रीय क्षमता तथा रणनीतिक सुरक्षा में निवेश करेगा। सीआईआई का प्रस्ताव इस मान्यता पर आधारित है कि बुनियादी ढांचे, ऊर्जा रूपांतरण, विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और मानव विकास में भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए ऐसे पैमाने पर धन की आवश्यकता होगी, जिसे सिर्फ वार्षिक बजटीय आवंटन से पूरा नहीं किया जा सकता।

## राष्ट्रीय

# विपक्ष घुसपैठिया, मोदी बना रहे हैं औद्योगिक कॉरिडोर : शाह

## सासाराम एवं अरवल की जनसभा को गृहमंत्री ने किया संबोधित

**सासाराम/अरवल, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी गठबंधन पर बिहार में घुसपैठियों के लिए कॉरिडोर बनाने की कोशिश का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित कर रहे हैं। सासाराम एवं अरवल की जनसभा में शाह ने कहा, भविष्य में पाकिस्तान पर जो मोर्टार दागे जाएंगे, वे बिहार के आयुध कारखाने में बनाए जाएंगे।

शाह ने कहा, हाल ही में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने वोटर अधिकार यात्रा निकाली। यह यात्रा बिहार के गरीबों, दलितों और अति पिछड़ों के जीवन में सुधार लाने के लिए नहीं थी, बल्कि यह घुसपैठियों की रक्षा के लिए थी। शाह ने आरोप लगाया कि विपक्ष की वोट बैंक की राजनीति ने उन्हें घुसपैठिया कॉरिडोर बनाने की कोशिश करने पर मजबूर किया है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी राज्य में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित कर रहे हैं। राहुल गांधी के इस आरोप पर कि देश में वोट चोरी हो रही है, शाह ने कहा, उन्हें सच में ऐसा लगता है, तो वे निर्वाचन आयोग में औपचारिक शिकायत क्यों नहीं करते? जब केंद्र में मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और लालू यादव की सरकार थी, तब आतंकवादी देश में खुलकर हमले करते थे और अब हम आतंकियों को उनके घरों में घुसकर मार रहे हैं। भविष्य में अगर पाकिस्तान से कोई आतंकवादी हमला करने की हिम्मत करता है, तो उनके बमों का जवाब मोर्टार से दिया जाएगा और ये मोर्टार यहीं बिहार के सासाराम में बनेंगे, जहां मोदी रक्षा कॉरिडोर बना रहे हैं।




अरवल में जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

**बिहार संग्राम**



### धर्म के आधार पर देश को बांटने की कोशिश कर रही है कांग्रेस : राजनाथ सिंह



**औरंगाबाद/सासाराम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के कांग्रेस मतलब मुसलमान संबंधी बयान पर तंज कसते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है। चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन औरंगाबाद और सासाराम में चुनावी रैलियों में सिंह ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) धर्म, जाति या संप्रदाय के आधार पर लोगों को नहीं बांटता, बल्कि मानवता की राजनीति में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि क्या आपने सुना है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने क्या कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मतलब मुसलमान और मुसलमान मतलब कांग्रेस। इसका क्या अर्थ है। यह देश को बांटने का प्रयास है। क्या यही कांग्रेस की राजनीति है? यही उसकी संस्कृति है। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राजद अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए राजग को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस और राजद समाज को जाति, धर्म और समुदाय के नाम पर विभाजित करना चाहते हैं।

### मोदी एक दिन वोट चोरी के लिए पकड़े जाएंगे : राहुल



**किशनगंज/पूर्णिया।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह वोट चोरी में लिप्त हैं और चाहे वे कहीं भी चले जाएं, एक दिन पकड़े जाएंगे। किशनगंज की चुनावी रैली में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश को बांटने की साजिश कर रहे हैं, जबकि विपक्षी गठबंधन देश को एकजुट करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी, शाह और चुनाव आयोग के पास हमारे वोट चोरी के आरोपों का कोई जवाब नहीं है, क्योंकि सच्चाई अब जनता के सामने है। राहुल ने दावा किया कि उन्होंने हाल ही में हरियाणा में बड़े पैमाने पर वोट चोरी का खुलासा किया है। हरियाणा में दो करोड़ मतदाता हैं, लेकिन मतदाता सूची में 25 लाख फर्जी नाम है।

# कश्मीर में आतंकवाद-विरोधी छापेमारी, नौ लोग हिरासत में

**श्रीनगर, एजेंसी**

काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने रविवार को आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई के तहत घाटी में छापेमारी कर एक महिला समेत नौ लोगों को हिरासत में ले लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवाद का ऑनलाइन महिमामंडन कर युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की जानकारी पर कार्रवाई करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) की टीम ने श्रीनगर, कुलगाम, बारामूला, शोपियां व पुलवामा में 10 स्थानों पर छापेमारी की।

प्रवक्ता ने कहा, स्थानीय पुलिस के सहयोग से चलाया अभियान उन व्यक्तियों पर केंद्रित था, जिन पर हिंसा भड़काने, राष्ट्रविरोधी दुष्प्रचार करने और सांप्रदायिक घृणा को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया मंच का दुरुपयोग करने का आरोप है। सिम कार्ड, मोबाइल फोन, टैबलेट सहित कई सबूत जब्त किए गए हैं।

### किश्तवाड़-कठुआ में सिम विक्रेताओं की जांच शुरू

**जम्मू।** पुलिस ने रविवार को सुरक्षा बढ़ाने और अनधिकृत वितरण पर अंकुश लगाने के लिए कश्मीर जिले में सिम विक्रेताओं की दुकानों पर व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस समन्वित जिलाव्यापी अभियान के तहत सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सिम विक्रेता दुकानों का निरीक्षण किया।

### जम्मू में कई जगहों पर हुई छापेमारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू के कई इलाकों में पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारे पर काम कर रहे स्थानीय आतंकियों और उनके 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू) के ठिकानों की तलाशी ली। रामबन, किश्तवाड़, डोडा, कठुआ, रियासी, पूंछ और राजौरी जिलों में कई जगहों पर तलाशी और घेराबंदी जारी है। जम्मू के डोडा जिले में अभियान के बीच कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

# सब लोग चाहें तो भारत कल तक हिंदू राष्ट्र बन सकता है : भागवत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत के 1.4 अरब नागरिक सामूहिक रूप से ऐसा निर्णय लें तो भारत कल सुबह तक हिंदू राष्ट्र बन सकता है। भागवत ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर शताब्दी व्याख्यान श्रृंखला के दौरान रविवार को एक संवाद में कहा कि हिंदू राष्ट्र का विचार मजबूत, एकजुट और आत्मविश्वासी भारत की नींव का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र की अवधारणा राजनीतिक नहीं बल्कि सभ्यतागत है, भागवत ने कहा कि हिंदू राष्ट्र भारत की पहचान और ताकत का सार है। इसका अर्थ सद्भाव, समानता और एकता है - प्रभुत्व नहीं। यह उस सांस्कृतिक आधार को दर्शाता है जो देश को एक साथ रखता है। भागवत ने कहा कि भारत सभी देशों के साथ मित्रता चाहता है, लेकिन चीन के साथ चल रही जटिलताओं के बीच उसे अपनी संप्रभुता की रक्षा करनी चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने चीन के साथ भारत के संबंधों पर कहा कि भारत का



संघ की 100 वर्ष की यात्रा : नए क्षितिज कार्यक्रम को संबोधित करते मोहन भागवत।

● बोले- हिंदू राष्ट्र की अवधारणा राजनीतिक नहीं बल्कि सभ्यतागत है

उद्देश्य हर देश के साथ मित्रता स्थापित करना है, लेकिन उसे अपनी सीमाओं और संप्रभुता की रक्षा के लिए सतर्क और मज़बूत रहना होगा। भारत होने के नाते, हम दुनिया के हर देश के साथ मित्रता स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन चीन के साथ जटिलताओं के बीच हमें अपनी संप्रभुता की रक्षा करनी होगी। उन्होंने चीन पर विस्तारवादी होने का आरोप लगाते हुए कहा, वे प्रभुत्व स्थापित करना चाहते हैं। 1950 में उनका ग्रेटर चाइना का सपना था, जिसमें पड़ोसी क्षेत्र भी शामिल थे।

### आरएसएस को व्यक्तियों के निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त

भागवत ने संगठन पर बिना पंजीकरण के काम करने का आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेताओं पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि उनके संगठन को व्यक्तियों के निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त है। भागवत ने कहा, आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी, तो क्या आप उम्मीद करते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के पास पंजीकरण कराते? आजादी के बाद भारत सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य नहीं बनाया। भागवत ने स्पष्ट किया, हमें व्यक्तियों के निकाय के रूप में वर्गीकृत किया गया है और हम मान्यता प्राप्त संगठन हैं। आयकर विभाग और अदालतों ने आरएसएस को व्यक्तियों का निकाय माना है और संगठन को आयकर से छूट दी गई है। हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। ऐसे में सरकार ने हमें मान्यता दी। हमारा अस्तित्व नहीं था, तो किस पर प्रतिबंध लगाया?

# प्रशिक्षण शिविर में देर से पहुंचे राहुल, मिली 10 पुशअप की सजा

**पचमढ़ी।** मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में आयोजित जिलाध्यक्षों की प्रशिक्षण शिविर अपने तय समय से शुरू नहीं हो सका, इसका कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी का निर्धारित समय पर नहीं पहुंच बताया गया।

प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख सचिन राव ने कहा कि शिविर में अनुशासन का पालन नहीं किए जाने पर सजा दी जाती है। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मेरे लिए क्या सजा तय की गई है। राव ने कहा कि आपको 10 पुशअप लगाने की सजा सुनाई जाती है। इसके बाद कांग्रेस नेता ने इसे स्वीकार करते हुए वहां मौजूद सभी जिलाध्यक्षों के सामने ही 10 पुशअप लगाए। इस दौरान राहुल गांधी ने जुजुत्सु का अभ्यास करते हुए बताया कि अपनी जमीन पर पकड़ कैसे मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपके पैर मजबूती से जमीन पर होने चाहिए। यदि जमीन छोड़ दी तो आपकी पकड़ कमजोर हो जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि आपको असली ताकत नेताओं की परिक्रमा से नहीं, जनता के बीच पकड़ मजबूत करने से मिलेगी।

# सुकमा में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ का जवान घायल

**सुकमा (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान जख्मी हो गया।

पुलिस ने बताया कि यह घटना अपराह्न 1.45 बजे फुलबगड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोगुंडा के पास पहाड़ियों में उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों की टीम अभियान पर थी। सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन का जवान आईईडी पर चढ़ गया, जिससे विस्फोट हुआ और उसके पैर जख्मी हो गए।

# केरल राज्य ने वंदे भारत में बच्चों से संघ का गीत गायन कराने की जांच के दिए आदेश

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल सरकार ने एर्नाकुलम से बेंगलुरु जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के बाद ट्रेन में छात्रों से आरएसएस के गीत का गायन कराने के दक्षिणी रेलवे के कृत्य की जांच का रविवार को आदेश दिया। सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने लोक शिक्षण निदेशक (डीपीआई) को इस संबंध में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

शिवनकुट्टी ने कहा कि सरकार इस घटना को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। सरकारी कार्यक्रमों में बच्चों का राजनीतिकरण करना और किसी खास समूह के सांप्रदायिक एजेंडे को बढ़ाने के लिए उनका इस्तेमाल करना संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है। मंत्री ने कहा कि लोक शिक्षण निदेशक (डीपीआई) को तुरंत जांच कर रिपोर्ट



● राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने डीपीआई जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

सौंपने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर आगे उचित कार्रवाई की जाएगी। शिवनकुट्टी ने कहा कि देश के धर्मनिरपेक्ष एवं राष्ट्रीय मूल्यों को बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और इन सिद्धांतों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने नई ट्रेन में छात्रों द्वारा आरएसएस का गीत गाने को रविवार को सही ठहराया। उन्होंने त्रिशूर में पत्रकारों से कहा कि यह बच्चों के निश्छल जश्न का हिस्सा था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ब्रिटेन में आव्रजन रोकने को लागू हो सकता है डेनमार्क मॉडल

**लंदन।** ब्रिटेन की गृहमंत्री शबाना महमूद बढ़ते आव्रजन से निपटने के लिए 'डेनमार्क मॉडल' अपनाने पर विचार कर रही हैं, जिसमें कड़े नियंत्रण और शरण प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की योजना शामिल है। ब्रिटिश मीडिया ने इस सप्ताहांत यह खबर दी। डेनमार्क को यूरोप में आव्रजन के मामले में सबसे कठोर देशों में से एक माना जाता है। खबर है कि महमूद ने हाल में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को डेनमार्क मॉडल का अध्ययन करने के लिए कोपेनहेगन भेजा है ताकि उस मॉडल को ब्रिटेन में भी लागू किया जा सके। डेनमार्क संघर्षरत इलाकों से आकर सफलतापूर्वक शरण प्राप्त करने वाले अधिकांश लोगों को केवल अस्थायी आधार पर ही तबतक रहने की अनुमति देता है जबतक सरकार उनके गृह देशों को उनके लौटने के लिए सुरक्षित घोषित नहीं कर देती।

### प्राचीन शहर रोमन विसुवियस की खुदाई में एक मिस्री पात्र मिला

**रोम।** प्राचीन रोमन शहर विसुवियस के 'स्ट्रीट फूड' क्षेत्र के खंडहरों में एक बहुमूल्य मिस्री बर्तन (फूलदान) फिर से मिला है जो प्राचीन रोम और मिस्र सभ्यताओं के बीच सांस्कृतिक और व्यावसायिक संबंधों को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि प्राचीन रोमन शहर विसुवियस 79 ईसा पूर्व में विसुवियस पर्वत के ज्वालामुखी विस्फोट के बाद लावा में दब गया था। इसे पोम्पेई शहर के नाम से भी जाना जाता है और इसे वर्तमान में यूनेस्को के विरासत स्थल का दर्जा भी प्राप्त है। इस प्राचीन शहर को 1599 में खुदाई के बाद फिर से खोजा गया था, लेकिन तब उसकी ऐतिहासिक महत्ता को समझा नहीं गया था। इसे दोबारा 1748 ईस्वी में खोजा गया, जब इतालवी इंजीनियर रोको जोआक्विनो डी'अल्कुबिएरे ने खुदाई शुरू की।

### सैकड़ों प्रवासियों से भरी नाव मलेशिया के तट पर पलटी, ज्यादातर लापता

**कुआलालंपुर।** म्यांमार से लगभग 300 प्रवासियों को ले जा रही एक नाव पिछले सप्ताह थाईलैंड और मलेशिया की सीमा के पास हिंद महासागर में पलट गई। एक शव समुद्र में तैरता हुआ मिला, 10 लोगों को बचा लिया गया और कई लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि नाव के डूबने का समय और सटीक स्थान तत्काल ज्ञात नहीं हो सका। एक मलेशियाई अधिकारी ने कहा कि जहाज संभवतः थाई जलक्षेत्र में पलट गया था तथा चेतावनी दी कि खतरनाक समुद्री मार्गों का उपयोग करके प्रवासियों का शोषण करने में सीमा पार के गिरोह तेजी से सक्रिय हो रहे हैं। एक पुलिस प्रमुख ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कुछ रोहिंग्या मुसलमान हैं जो मुख्य रूप से म्यांमा में रहते हैं, जहां उन्हें दशकों से उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

# थाईलैंड : तय समय के बाद शराब पी तो लगेगा 10,000 बाट का जुर्माना

बैंकाक, एजेंसी

- तीखी आलोचना की जा रही है सरकार के नए कानून की


थाईलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून आठ नवंबर से प्रभावी हो गया, जिसमें निर्धारित समयसीमा के बाद शराब पीने वालों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इससे पर्यटन एवं नाइटलाइफ़ को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि थाईलैंड के पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र ने अल्कोहल नियंत्रण अधिनियम (संख्या दो) बी.ई. 2568 पर चिंता व्यक्त की है, जिसमें कानूनी रूप से बिक्री के बाद तय समय के अतिरिक्त शराब पीने पर दंड का प्रावधान है। यह कानून शराब की खपत पर कड़ा नियंत्रण रखने के उद्देश्य से बनाया गया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत समयसीमा का उल्लंघन करने पर सिर्फ विक्रेताओं को ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं को भी दंड का सामना करना पड़ सकता है। सुबह 11:00-14:00 और शाम 6:00-24:00 के बाद रेस्टोरेंट में बैठकर शराब पीने पर 10,000 बाट तक का जुर्माना लग सकता है। इस कदम की स्थानीय एवं विदेशी मीडिया दोनों ने आलोचना की है और थाईलैंड आने वाले पर्यटकों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है। यह घोषणा तुरंत ऑनलाइन वायरल हो गई जिसे अंतरराष्ट्रीय लोगों और व्यापारिक समुदाय की ओर से तीखी नकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई।

# प्रवासियों पर टेढ़ी नजर

## दुनिया में बदल रहीं आव्रजन नीतियां

कोई समय था, जब दुनिया में प्रवासियों को श्रम बल और प्रतिभाओं की कमी पूरी करने के नजर से देखा जाता था लेकिन कुछ वर्षों से उन्हें राष्ट्रीय व आर्थिक सुरक्षा के लिए चुनौती माना जाने लगा है। दुनिया के कई देशों में आव्रजन को लेकर सख्ती शुरू हो गई है। आव्रजन नीतियों की नए सिरे से समीक्षा करने के साथ कड़े नियम और प्रावधान तय किए जा रहे हैं ताकि प्रवासियों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके। अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करने के साथ हथकड़ी-बेड़ियों में जकड़कर अपमानजनक तरीके से उनके देशों में वापस भेजने के अमेरिकी कदम की पूरी दुनिया में आलोचना हुई है। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा समेत कई और देशों में सरकारों ने प्रवासियों पर नजर टेढ़ी की है। आव्रजन नीतियों में बदलाव करने वाले देशों में भारत भी शामिल है। यह अलग बात है कि दूसरे देशों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय प्रवासियों की ही है।



### आव्रजन पर इतनी हलचल क्यों

- आव्रजन का श्रम बाजार पर प्रभाव राजनीतिक बहस के केंद्र में है। डर है कि आव्रजन से स्थानीय लोगों के लिए नौकरियां और वेतन कम हो सकते हैं।
- यह भी आम शिकायत है कि प्रवासन से सार्वजनिक आवास, स्वास्थ्य और कल्याणकारी संसाधनों जैसी सेवाओं पर बहुत अधिक दबाव पड़ता है।
- कभी-कभी आव्रजन को सांस्कृतिक व राष्ट्रीय पहचान के लिए खतरे के साथ सुरक्षा चिंताओं और आतंकवाद से जुड़ी आशंकाओं से जोड़ा जाता है।
- कई देशों में प्रवासन का मुद्दा राजनीतिक लाभ के लिए काफी इस्तेमाल किया जाता है, इससे प्रवासियों के प्रति नकारात्मक नजरिया पैदा होता है।

### आव्रजन नीतियों की समीक्षा

- यूरोप, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देश अपनी आव्रजन नीतियों की समीक्षा कर रहे हैं और उन्हें सख्त बना रहे हैं।
- यूरोपीय संघ ने प्रवासन और शरण पर नई संधि अपनाई है, जिसमें सीमाओं पर सख्ती के साथ निर्वासन प्रक्रिया तेज की गई है।
- राजनीतिक मुद्दा बनने के कारण अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड समेत कई देशों में मूल निवासियों ने आव्रजन विरोधी प्रदर्शन किए हैं।

### इन देशों में सर्वाधिक भारतीय

- विदेश मंत्रालय की मई 2024 तक की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय प्रवासियों की सर्वाधिक संख्या संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा और मलेशिया हैं।

### भारतीय प्रवासी

- आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार लगभग 3 .54 करोड़ भारतीय अनिवासी (एनआरआई) और भारतीय मूल के व्यक्ति दुनिया भर के देशों में रह रहे हैं। इस आंकड़े के साथ दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। भारत हर साल लगभग 2 .5 मिलियन प्रवासियों के साथ दुनिया में सबसे ज्यादा प्रवासी भेजने वाला देश है। अरब, यूरोप और अमेरिकी देशों में इनकी सबसे ज्यादा संख्या है।



### भारत में सख्ती

हाल ही में लागू किए गए आव्रजन और विदेशी अधिनियम, 2025 के तहत गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश डिटेंशन सेंटर बनाएंगे, ताकि अवैध रूप से विदेशियों की आवाजाही को तब तक प्रतिबंधित किया जा सके, जब तक कि उन्हें निर्वासित नहीं कर दिया जाता।

# पाकिस्तान: 27वें संविधान संशोधन के विरुद्ध देशव्यापी प्रदर्शन का एलान

## बहुदलीय विपक्षी गठबंधन ने लगाया संवैधानिक संस्थाओं को पंगु करने का आरोप

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की संसद प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन को पारित करने की तैयारी कर रही है, वहीं विपक्ष ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह संशोधन संविधान की नींव हिला देगा। विपक्ष ने इसके खिलाफ रविवार से देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है।

कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने शनिवार को ऊपरी सदन सीनेट में संशोधन प्रस्ताव पेश किया और सभापति यूसुफ रजा गिलानी ने इसे मतदान से पहले चर्चा के लिए सदन की समिति के पास भेज दिया। समिति के अध्यक्ष फारूक नाइक ने मीडिया को बताया कि वे सदस्यों के बीच आम सहमति बनाकर कार्य पूरा करेंगे। सरकार को आशा है कि सोमवार को मतदान होने पर उसे कम से कम 64 सीनेटर का दो-तिहाई बहुमत मिल जाएगा। सीनेट के बाद, इसे 'नेशनल असेंबली' में पेश किया जाएगा, जहां इसे फिर से दो-तिहाई बहुमत से पारित होना होगा। अंतिम चरण में इसे कानून बनने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी मिलनी जरूरी होगी।

बहुदलीय विपक्षी गठबंधन तहरीक-ए-तहाफुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) ने संशोधन के खिलाफ देशव्यापी विरोध आंदोलन की घोषणा की है। रविवार को कई शहरों में जोरदार प्रदर्शन हुए। मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो गई हैं। राष्ट्र को प्रस्तावित 27वें संशोधन के खिलाफ कदम उठाना चाहिए।

एमडब्ल्यूएम, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के साथ टीटीएपी का हिस्सा है। इस गठबंधन में पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी), बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) भी शामिल हैं।



पाकिस्तान में संविधान संशोधन के खिलाफ पीओके में भी प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

### पीएम को जवाबदेही से छूट दिलाने वाला संशोधन वापस

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को अपनी पार्टी के कुछ सीनेटरों द्वारा प्रधानमंत्री को जवाबदेही से छूट देने की मांग वाला संशोधन प्रस्ताव वापस लेने का निर्देश दिया। शरीफ ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि उन्हें अजरबैजान से लौटने पर इस घटना की जानकारी मिली। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रस्ताव कैबिनेट द्वारा अनुमोदित मसौदे का हिस्सा नहीं था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, एक निर्वाचित प्रधानमंत्री को अदालत और जनता दोनों के प्रति पूरी तरह से जवाबदेह रहना चाहिए।

### सेना से सुप्रीम कोर्ट तक होगा बदलाव, राष्ट्रपति की ढाल बनेगा संशोधन

संशोधन में अनुच्छेद 243 में परिवर्तन का प्रस्ताव है, जिसके तहत 'चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी' (सीजेसीएससी) के पद को समाप्त कर 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' नामक नया पद शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। अन्य प्रस्तावों में संघीय संवैधानिक न्यायालय की स्थापना और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में संशोधन शामिल हैं। इसका उद्देश्य उच्चतम न्यायालय की शक्तियों को कम करना भी है, जिसमें कुछ प्राधिकारों को प्रस्तावित संवैधानिक न्यायालय में स्थानांतरित करना तथा राष्ट्रपति को आजीवन आपराधिक कार्यवाही से मुक्ति प्रदान करना शामिल है। विपक्ष इसे न्याय पालिका को शक्तिहीन बनाने का प्रयास बता रहा है।

### बांग्लादेश : ढाका लॉकडाउन की घोषणा के बाद पुलिस अलर्ट, अभ्यास किया

**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के 13 नवंबर को होने वाले 'ढाका लॉकडाउन' कार्यक्रम से पहले राजधानी में बड़े पैमाने पर समन्वित सुरक्षा अभ्यास किया है। खबरों के मुताबिक अगले हफ्ते संभावित हिंसक विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए शनिवार को 7,000 पुलिसकर्मियों ने अंतरिम सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस के आवास समेत 142 स्थानों पर अभ्यास किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ढाका में पुलिस की मौजूदगी बढ़ गई है जिससे 13 नवंबर को कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजधानी में लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। अवामी लीग के अध्यक्ष मंडल के सदस्य जहांगीर कबीर नानोक ने 13 नवंबर के लिए 'लॉकडाउन' की घोषणा की है। नानोक इस समय भारत में हैं। पुलिस ने हालांकि पुष्टि नहीं की है कि मौजूदा तैनाती उनकी घोषणा से जुड़ी है या नहीं।

# शटडाउन से अमेरिका पस्त, नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को 5 अरब डॉलर का हथियार निर्यात रोका

## रिपब्लिकन नेताओं ने डेमोक्रेट्स पर लगाया देश के रक्षा उद्योग को नुकसान पहुंचाने का आरोप

वाशिंगटन, एजेंसी

शटडाउन से अमेरिका में हालात दिन ब दिन और खराब होते जा रहे हैं। अमेरिका ने यूक्रेन और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सहयोगियों को अनुमानित पांच अरब डॉलर मूल्य के हथियारों के निर्यात पर रोक लगा दी है। इस बीच अमेरिका में शटडाउन रविवार को 40वें दिन में प्रवेश कर गया।

एक अधिकारी ने बताया, शटडाउन से वास्तव में हमारे सहयोगियों, साझेदारों तथा अमेरिकी उद्योग को विदेशों में महत्वपूर्ण क्षमताओं का प्रदर्शन करने में नुकसान हो रहा है। डेनमार्क, क्रोएशिया और पोलैंड जैसे यूरोपीय सहयोगियों को अमराम मिसाइलों, एजिस लड़ाकू प्रणालियों और हिमार्स जैसी महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रोके गए लेनदेन में व्हाइट हाउस से ब्रुसेल्स को सीधे हथियारों की बिक्री तथा निजी अमेरिकी रक्षा कंपनियों को हथियार निर्यात करने के लिए लाइसेंस देना शामिल है। शस्त्र निर्यात नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत शस्त्र बिक्री प्रस्तावों की कांग्रेस द्वारा समीक्षा करने के बाद इन विशेष बिक्री की प्रक्रिया सामान्यतः सीधी और निर्विवाद होगी।

उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार के शटडाउन से यह प्रक्रिया बहुत बाधित हुई है और धीमी हो गई है क्योंकि प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कांग्रेस समिति के कर्मचारियों को जानकारी देने के लिए जिम्मेदार विदेश विभाग के कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है। समस्या तब और जटिल हो गई जब जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच देश के राजनीतिक-सैन्य मामलों के ब्यूरो में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या पिछले महीने हथियारों की बिक्री के लिए अपने सामान्य स्तर के एक चौथाई से भी कम हो गई है। इस बीच यूक्रेन को आवश्यक हथियारों की आपूर्ति में देरी के लिए डेमोक्रेट्स को दोषी ठहराते हुए, रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने कहा कि इससे अमेरिका के रक्षा औद्योगिक आधार को काफी नुकसान पहुंचा है।

### दूसरे दिन भी 1000 से ज्यादा उड़ानें हुई निरस्त



**वाशिंगटन।** विमानन कंपनियों ने शटडाउन के कारण शनिवार को फिर 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। चार्लोट हवाई अड्डे पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जहां 130 उड़ानें रद्द कर दी गईं। अटलांटा, शिकागो, डेनवर और न्यूजर्सी के नेवार्क हवाई अड्डों पर भी व्यवधान देखा गया। रडार केंद्रों और नियंत्रण टावरों में कर्मचारियों की कमी के कारण न्यूयॉर्क के आसपास के कई हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द और विलंबित हो गईं।

### रेडक्रॉस को गाजा में मिला इजराइली बंधक का शव

**तेल अवीव।** इजराइल ने कहा है कि रेडक्रॉस को गाजा में एक बंधक का शव मिला है। हमास ने घोषणा की है कि वह हदर गोल्डिन का शव छोड़ रहा है। गोल्डिन इजराइली एक सैनिक था जिसकी 2014 में हत्या कर दी गई थी और शव को 11 वर्षों से रखा गया था। इजराइली सैनिक के शव को पहचान के लिए इजराइल और राष्ट्रीय फॉरेंसिक संस्थान में भेज दिया जाएगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू की अंगोला यात्रा के दौरान हुए तीन समझौते



लुआंडा हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत करते अंगोला के विदेश मंत्री।

लुआंडा, एजेंसी

भारत ने अंगोला को रक्षा खरीद के लिए ऋण मुहैया कराने, कृषि और औषधि क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों अंगोला की सरकारी यात्रा पर हैं और उनकी मौजूदगी में रविवार को इन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

इससे पहले यहां के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको ने प्रेसिडेंशियल पैलेस में राष्ट्रपति मुर्मू का भव्य स्वागत किया। वह अंगोला और बोत्सवाना की राजकीय यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है। इस अवसर पर मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि वह अंगोला की प्रगति, विकास कार्यों की प्रशंसा करती हैं और एक समृद्ध अंगोला की कामना करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अंगोला ने परस्पर सहयोग के नए क्षेत्रों की तलाश, निवेश और व्यापार को बढ़ाने पर सहमति प्रकट की है।

भारत और अंगोला मत्स्य पालन, एक्वाकल्चर, मरीन के क्षेत्र में भी परस्पर सहयोग पर भी सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि अंगोला वैश्विक बायोफ्यूल एलायंस समूह में शामिल हो गया है।

# नेपाल : मनांग जिले में लापता हुए भारतीय पिता-पुत्री के शव मिले

- नजारे देखने को पहाड़ी पर चढ़ने के बाद हादसे का हो गए शिकार

**काठमांडू।** नेपाल में पर्यटक के रूप में आए और पिछले महीने से लापता एक भारतीय व्यक्ति और उसकी बेटी के शव रविवार को एक मठ के पास पहाड़ी इलाके से बरामद किए गए।

सशस्त्र पुलिस बल के उप प्रवक्ता शैलेंद्र थापा ने बताया कि मनांग जिले के दिसयांग स्थित मालेरिपा मठ के पास से 52 वर्षीय जिग्नेस कुमार लल्लूभाई पटेल और उनकी 17 वर्षीय बेटी के शव बरामद किए गए हैं। दोनों 20 अक्टूबर को दिसयांग स्थित ग्यालसेन होटल से यह बताकर निकले थे कि वे मालेरिपा मठ जा रहे हैं। जब वे नहीं लौटे, तो होटल कर्मचारियों ने मनांग स्थित नेपाल पर्वतीय बचाव प्रशिक्षण स्कूल से उन्हें ढूंढने में मदद मांगी। स्कूल की कोशिशों का कोई नतीजा नहीं निकलने पर प्रशिक्षित पर्वतीय बचाव दल भेजा गया। टीम को मठ से 100 मीटर ऊपर बर्फ के नीचे दबे शव मिले। पुलिस ने संभावना जताई कि मठ घूमने आए पिता-पुत्री बेहतर दृश्य देखने के लिए पहाड़ी पर गए और दुर्घटना का शिकार हो गए।

# शांति के लिए सहयोगियों को नहीं मना पा रहे हैं ट्रंप

मॉस्को, एजेंसी



- रूसी विदेश मंत्री ने कहा- ट्रंप को युद्ध में शामिल करने हो रहा प्रयास

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को कहा कि यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए वोलोदिमीर जेलेंस्की और नाटो सहयोगियों को मनाने में अमेरिका को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लावरोव की यह टिप्पणी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच शिखर वार्ता के असफल प्रयासों के कुछ सप्ताह बाद आई है।

दोनों नेताओं के बीच अलास्का के एंकरेज में वार्ता में रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए कोई सहमति नहीं बन पाई थी। लावरोव ने एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका ने उस समय (अलास्का शिखर सम्मेलन में) हमें आश्वासन दिया था कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की शांति के प्रयास में बाधा नहीं डालेंगे। ज़ाहिर है, इस मुद्दे पर कठिनाइयां उत्पन्न हुई हैं।

उन्होंने कहा, इसके अलावा, जहां तक हमें जानकारी है कि नाटो और ब्रिटेन अमेरिका को इस बात के लिए राजी करने का प्रयास कर रहे हैं कि वह राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से संकट को हल करने के अपने इरादे को त्याग दे और रूस पर सैन्य दबाव बनाने के प्रयासों में पूरी तरह शामिल हो जाए, यानी अंततः 'युद्ध दल' का हिस्सा बन जाए।

### यूक्रेनी हमलों से रूस के दो प्रमुख शहरों में बिजली गुल


**कीव।** यूक्रेन की ओर से शनिवार रात किए गए हमलों के कारण सीमा से लगे रूस के दो प्रमुख शहरों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रूस और यूक्रेन एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर लगभग प्रतिदिन हमले कर रहे हैं। लगभग चार साल से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले कूटनीतिक प्रयास बेनतीजा साबित हो रहे हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने बताया कि ड्रोन हमले के कारण वोरोनिश के कुछ हिस्सों में अस्थायी रूप से बिजली बाधित हो गई और 'हीटिंग सिस्टम' (सर्दियों में इमारतों या संयंत्रों को गर्म रखने की प्रणाली) ठप हो गई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 नवंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 11 नवंबर 00 .07 तक तत्पश्चात सप्तमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पुनर्वसु 18 .48 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज कारोबार में विस्तार को लेकर तुरंत बड़ा धन खर्च न करें। अटके हुए मामलों को अधिक छेड़ना उचित नहीं है। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है, उन्हें लेकर कोई दावा न करें। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है।

**वृष** — आज सभी कार्य आपके अनुसार ही होते प्रतीत होंगे। सकारात्मक परिणाम आपको मानसिक संतुष्टि प्रदान करेगा। संपत्ति को लेकर बड़ी डील कर सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन** — आज आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी अधिक समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर लापरवाही न करें। ऐसे लोगों से मिलना पड़ सकता है, जिनसे आप बिल्कुल मिलना नहीं चाह रहे थे।

**कर्क** — आज एक साथ अनेक कार्यों को साधने का प्रयास कर सकते हैं। रुके हुए आर्थिक कार्यों में गति आएगी। व्यवसाय में परिवर्तन का विचार मन में आएगा। कार्यक्षेत्र में लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे। शरीर स्वस्थ और मन अत्यंत प्रसन्न रहने वाला है।

**सिंह** — आज सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन करें। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। व्यर्थ की बातों में अधिक ध्यान न दें।

**कन्या** — आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। थोड़ी सी मेहनत से अधिक लाभ प्राप्त होगा।

**तुला** — आज कारोबार में आपको अचानक कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें। विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। सभी कार्यों को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा करने का प्रयास करें।

**वृश्चिक** — आज मित्रों के साथ खटास हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। सरकारी कार्य देरी से पूर्ण होंगे। अति आत्मविश्वास के कारण आप कई लोगों के निशाने पर आ सकते हैं। नजदीकी मित्रों के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**धनु** — आज किसी से उधार लेने से बचें। नकारात्मक विचारों का असर आपके प्रदर्शन पर पड़ सकता है। परिश्रम का सार्थक परिणाम नहीं मिलेगा। असंतुलित खानपान के कारण मुख में छाले और गैस की समस्या हो सकती है।

**मकर** — आज दिनचर्या में नई आदतों को सम्मिलित न करें। छोटी-छोटी गलतियों को नजर अंदाज न करें। आपके व्यावसायिक संपर्क बढ़ेंगे। उच्च अधिकारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देना पड़ेगा।

**कुंभ** — आज आपकी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। बाहरी लोगों को अपने व्यक्तिगत कार्यों में अधिक न उलझने दें। व्यवसाय में बेहतरीन ऑर्डर मिल सकते हैं। यदि घर से बाहर जा रहे हैं, तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मीन** — आज व्यावसायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। बजट के संतुलन को लेकर ही काम करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे। सुरक्षा संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन करें। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं।

## सुडोकू-156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | 4 | 5 |
| | | | 4 | 6 | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | | | | 5 | 1 | | | |
| | | | 5 | 9 | | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | | | 7 | | 1 | | 8 |

## सुडोकू - 155 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 4 |



मैं ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए बहुत उत्सुक था, लेकिन एथेंस में आज के फाइनल के बाद, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण नाम वापस लेना पड़ रहा है। मैं प्रशंसकों से माफी चाहता हूँ।

–नोवाक जोकोविच



हाईलाइट

## लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच बन सकते हैं अभय शर्मा



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच अभय शर्मा अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ फील्डिंग कोच के रूप में जुड़ सकते हैं। अभय शर्मा इससे पहले युगांडा की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच थे। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। एलएसजी आईपीएल के पिछले दो सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दोनों अवसरों पर सातवें स्थान पर रही। फ्रेंचाइजी ने हाल ही में टॉम मूडी को अपना क्रिकेट निदेशक तथा न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को अपना रणनीतिक निदेशक नियुक्त किया। जस्टिन लैंगर टीम के मुख्य कोच जबकि ऋषभ पंत कप्तान हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा कि अभय को प्रमुख भारतीय क्रिकेटरों के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है और यह एलएसजी के लिए उपयोगी साबित होगा।

## मेसी के दो गोलों से इंटर मियामी ईस्ट सेमीफाइनल में



**फोर्ट लाउडरडेल (अमेरिका)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दो गोल और दो गोल में मदद करने से इंटर मियामी शनिवार को ईस्टर्न कांफ्रेंस प्लेऑफ सीरीज के पहले दौर के निर्णायक तीसरे मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त नैशविले एससी को 4-0 से हराकर ईस्ट सेमीफाइनल्स में पहुंच गया। इससे अब मेसी और इंटर मियामी एमएलएस कप खिताब से तीन जीत दूर हैं। मेसी ने पहले हाफ में दो गोल दागे जबकि तादेओ अलेंदे को दूसरे हाफ में दो गोल करने में मदद की। इस तरह इंटर मियामी ने सीरीज में नैशविले को 8-3 से हरा दिया। मेसी ने इन सभी आठ गोल में योगदान दिया जिनमें से पांच गोल उन्होंने किए और बाकी तीन गोल करने में मदद की। इंटर मियामी अब ईस्ट सेमीफाइनल मैच के लिए एफसी सिनसिनाटी से भिड़ेगा। यह नॉकआउट होगा। इंटर मियामी और सिनसिनाटी का विजेता ईस्ट फाइनल में शीर्ष वरीय फिलेडेल्फिया यूनियन और पांचवें वरीय न्यूयॉर्क सिटी एफसी के बीच होने वाले विजेता से भिड़ेगा। एमएलएस कप फाइनल छह दिसंबर को होगा।



शिमला के रोहड़ स्थित हाटकोटी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचीं महिला विश्व कप विजेता टीम की खिलाड़ी रेणुका सिंह। एजेंसी

# एक साल में संघर्षों से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की : शेफाली

**चंडीगढ़, एजेंसी**

भारत की महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा ने रविवार को कहा कि पिछले एक साल में उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए 'कड़ी मेहनत' की और टीम को ऐतिहासिक विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में शामिल की गईं 21 वर्षीय शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मेजबान टीम की 52 रन की जीत के दौरान 87 रन की पारी खेलने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी चटकाए जिसके लिए उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

शेफाली ने यहां एक सम्मान समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा पिछला एक साल मेरे लिए बहुत कठिन रहा। मुझे बहुत संघर्षों का सामना करना पड़ा लेकिन मैं कड़ी मेहनत करती रही और ईश्वर ने मेरी मेहनत का फल मुझे दिया। शेफाली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह अंतिम चार के मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं लेकिन हरियाणा की इस खिलाड़ी ने खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। शेफाली ने कहा सेमीफाइनल से पहले जब मैं भारतीय टीम में शामिल हुई तो मैंने विश्व कप जीत में योगदान देने की ठान ली थी। फाइनल हमेशा एक बड़ा मंच होता है। शुरुआत में मैं थोड़ी घबराई हुई थी लेकिन मैंने खुद को शांत किया, अपनी रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया और उसे अच्छी तरह से लागू किया।



अपने गृहनगर रोहतक पहुंचने पर भव्य स्वागत के बाद इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने लड़कियों से आत्मविश्वास रखने और कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया और कहा कि परिणाम जरूर मिलेंगे। शेफाली ने कहा उन्हें हमेशा कड़ी मेहनत करनी चाहिए। चाहे वे कोई भी क्षेत्र चुनें। आत्मविश्वास भी रखना चाहिए और इससे परिणाम जरूर मिलेंगे। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले रविवार को नवी मुंबई में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला विश्व खिताब जीता। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अपना आदर्श मानने वाली शेफाली ने कहा कि उनके सपनों को साकार करने में उनके परिवार के सहयोग की अहम भूमिका रही है।

# भारतीय नियमित टेस्ट गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन

## दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने भारत 'ए' को पांच विकेट से हराया, 417 रनों के बड़े लक्ष्य को बिना परेशानी के हासिल किया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने नियमित टेस्ट गेंदबाजों की मौजूदगी वाले भारत 'ए' के खिलाफ रविवार को दूसरे चार दिवसीय मैच के चौथे दिन पांच विकेट से यादगार जीत दर्ज की।

दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने दिन की शुरुआत में बिना किसी नुकसान के 25 रन से आगे से खेलते हुए 417 रन के बड़े लक्ष्य का बिना किसी परेशानी के आसानी से पीछा कर लिया। जॉर्डन हरमन (91, 123 गेंद), लेसेगो सेनोक्वाने (77, 174 गेंद), तेम्बा बावुमा (59, 101 गेंद), जुबैर हमजा (77, 88 गेंद) और कॉनर एस्टरहुइजन (52 रन नाबाद, 54 गेंद) ने शानदार अर्धशतक जड़े जिससे दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने तीन ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 417 का स्कोर बना यादगार जीत दर्ज की। यह 'ए' मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ा स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका 'ए' को पारी की हार से बचने के लिए चौथे दिन 392 रन बनाने थे। हरमन और सेनोक्वाने ने शुरुआती विकेट के लिए शानदार साझेदारी कर टीम को कमाल की शुरुआत दिलाई।



रन लेने के लिए दौड़ते दक्षिण अफ्रीका ए के बल्लेबाज तेम्बा बावुमा और जुबैर हमजा। एजेंसी

इस जोड़ी ने दिन के पहले सत्र में 27 ओवर में 114 रन बनाने के साथ 258 गेंद में 156 रन की साझेदारी की। शुरुआती सत्र के खेल के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर बिना किसी नुकसान के 139 रन था और तब तक यह साफ हो चुका था कि भारी रोलर के इस्तेमाल के कारण पिच से गेंदबाजों के लिए मदद कम हो गयी थी। भारत के अनुभवी गेंदबाजों का डटकर सामना करने के लिए हरमन और सेनोक्वाने को पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए।

हरमन ने खासकर ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने तेज गेंदबाज आकाश दीप की गेंद पर कवर क्षेत्र के ऊपर से कुछ शानदार ड्राइव लगाए। वह हालांकि लंच के बाद के सत्र में प्रसिद्ध कृष्णा को रिटर्न कैच देकर शतक पूरा करने से पहले पवेलियन लौट गये। सेनोक्वाने भी इसके तुरंत बाद बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे की गेंद पर स्वीप करने से चूक कर पगबाधा करार दिए गए। हमजा और बावुमा ने इसके बाद क्रमशः आक्रामक और रक्षात्मक खेल का शानदार मिश्रण दिखाते हुए टीम के स्कोर कार्ड को आगे बढ़ाना जारी रखा। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर स्कोर को 300 के पास पहुंचाया। कृष्णा ने हमजा को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अंगुली में चोट के कारण लगभग एक घंटे तक मैदान से बाहर रहे।

### वॉशिंगटन को ऑस्ट्रेलिया में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया

**ब्रिस्बेन :** भारतीय हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा रविवार को पोस्ट किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए। 26 साल के सुंदर ने सीरीज के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई। भारत की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए उनकी उपयोगिता साबित की। होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई जिससे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को श्रृंखला 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सुंदर ने टीम के सीओओ खाजा के योगदान की सराहना करते हुए कहा उनसे यह पदक पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम जानते हैं कि वह (खाजा) हमारे कई कामों को आसान बनाने के लिए हर दिन कितनी मेहनत करते हैं। भावुक खाजा ने भी अपनी खुशी साझा की।

## फिडे विश्व कप से गुकेश बाहर, तीन भारतीय टाई ब्रेक में

**पणजी।** ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंधा ने बीच के गेम में मिली मामूली बढ़त का पूरा फायदा उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को हरा दिया। इस तरह चार भारतीयों ने शनिवार को यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह पक्की कर ली, जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी. हारकर बाहर हो गए।

प्रज्ञानंधा, जिन्हें तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा और फिर काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करना पड़ा, खुद को मुश्किल स्थिति में पा गए क्योंकि ऐसा लग रहा था कि होवहानिस्यान ने भारतीय की शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया है। लेकिन तीसरे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के पास एक स्पष्ट रणनीति थी और उन्होंने 27वीं चाल में अपनी रानी और हाथी के साथ काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर नियंत्रण कर लिया।

आर्मेनियाई खिलाड़ी ने अंततः 42 चालों के बाद हार मान ली। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फ़िडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिंगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# रणजी ट्रॉफी : उत्तर प्रदेश जीत की ओर अग्रसर

- उप्र ने 535 रन बनाकर पहली पारी घोषित की, नागालैंड चार विकेट खोकर अभी 458 रन पीछे
- माधव ने नाबाद 185, आर्यन जुयाल 140 व शिवम मावी ने 101 रनों की शतकीय पारियां खेली

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** रणजी ट्राफी में यूपी ने नागालैंड पर दूसरे दिन ही पकड़ मजबूत कर ली है। पहली जीत की तलाश में यूपी ने पहली पारी में माधव कौशिक के नाबाद 185, आर्यन जुयाल के 140 व आठवें नंबर पर बैटिंग करने उतरे शिवम मावी के 101 रनो की बदौलत छह विकेट पर 535 रन बनाकर पारी घोषित की। बल्लेबाजों के बाद यूपी के गेंदबाजों ने दूसरे दिन दमदार खेल का परिचय देते हुए महज 77 रन के योग पर नागालैंड के चार बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया। नगालैंड अभी भी पहली पारी के आधार पर 458 रन पीछे है।

रविवार को एक विकेट के नुकसान पर 301 रनों से आगे खेलते माधव कौशिक व आर्यन जुयाल ने यूपी की पारी को आगे बढ़ाया। तेजी से रन बनाने के चक्कर में आर्यन 140 पर इमलीबती की गेंद पर लौटे। इसके बाद शतक लगाकर खेल रहे माधव का साथ देने आए कप्तान करन शर्मा 17 रन ही बना पाए। वह आर जानथन की गेंद पर रोनित मोरे को कैच दे बैठे। कप्तान को आउट करने के बाद जानथन ने आराध्य यादव को 14, प्रियम गर्ग को चार व प्रशांतवीर को एक रन पर आउट कर यूपी के बड़े स्कोर की उम्मीद पर अंकुश लगाया। इसके बाद एक छोर पर डटे माधव कौशिक को आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शिवम मावी का साथ मिला। एक छोर पर माधव ने संभलकर खेलते हुए पारी को संभाला। दूसरे छोर पर शिवम ने तेजी से रन बटोरना शुरू किया। शिवम ने 87 गेंदों पर 10 चौके व पांच छक्कों की मदद से 101 रनों की शतकीय पारी खेली। दूसरे छोर पर उनके साथ माधव कौशिक 185 रन बनाकर नाबाद रहे।

नागालैंड की ओर से गेंदबाजी में इमलीबती ने दो व कप्तान आर जानथन ने चार विकेट झटके। इसके बाद यूपी के 535 रनों के जवाब में नागालैंड की पारी 26 ओवर के खेल में ही बिखरने लगी। महज 77 रन के योग पर नागालैंड के शीर्ष चार बल्लेबाज लौट गए।

### आकाश का रिकॉर्ड तोड़ना आसान नहीं होगा

**सूरत :** लगातार आठ गेंदों में छक्के लगाने वाले मेघालय के आकाश कुमार चौधरी ने पहली तीन गेंद पर सिर्फ दो रन बनाए। इसके बाद दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अगली आठ गेंदों को निशाना बानाया। उन्होंने 126वें ओवर में लिमार डाबी की सभी छह गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। रविवार के मैच से पहले चौधरी ने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में केवल दो अर्धशतकों के साथ 14.37 की औसत से रन बनाए थे। उन्होंने 28 लिस्ट-ए मैच और 20 टी-20 मैच भी खेले हैं। सोबर्स ने अगस्त 1968 में नॉटिंघमशर की तरफ से ग्लेमोर्गन के खिलाफ काउंटी मैच में मैल्कम नैश के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। इस तरह से वह यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रहे शास्त्री ने वानखेड़े स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी 1984-85 के मैच में मुंबई की तरफ से खेलते हुए बड़ौदा के तिलक राज के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। मेघालय के छह विकेट पर 628 रन पर पारी घोषित करने के जवाब में अरुणाचल प्रदेश की टीम पहली पारी केवल 73 रन पर सिमट गई। फॉलोऑन के बाद भी उसकी टीम तीन विकेट पर 29 रन बना कर संघर्ष कर रही थी।



शतक बनाने के बाद उत्तर प्रदेश के शिवम मावी व माधव कौशिक। अमृत विचार

# रिबाकिना ने डब्ल्यूटीए खिताब जीता

**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी**

छठी वरीयता प्राप्त और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीत लिया।

रायबाकिना ने शनिवार को रियाद के इनडोर हार्डकोर्ट पर हुए मुकाबले में आठ ऐस लगाए और मैच का एकमात्र ब्रेक भी हासिल किया। रायबाकिना ने अपने खिताबी अभियान में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक, अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला पर जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल्स जीतने के बाद कहा यह सप्ताह अविश्वसनीय रहा। मुझे किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी और यहां तक सफर तय करना अविश्वसनीय रहा। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका के लिए यह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरी हार थी। इससे पहले वह 2022 के खिताबी मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया से हार गई थीं। रिबाकिना लगातार तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपना पहला खिताबी मुकाबला खेल रही थीं। शीर्ष आठ महिलाओं वाले इस टूर्नामेंट जीत हासिल करने से उन्हें 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल की। डब्ल्यूटीए ने कहा कि यह महिला खेलों के इतिहास में सबसे बड़ी राशि है। सबालेंका ने उपविजेता के रूप में 27 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए।



- नंबर एक रैंकिंग की खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराया

## जोकोविच चोट के कारण एटीपी फाइनल्स से हटे

**एथेंस ।** पूर्व विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच ने एथेंस में फ़ाइनल में भाग लेने के कुछ ही घंटों बाद, चोट के कारण ट्यूरिन में होने वाले आगामी एटीपी फाइनल्स से अपना नाम वापस ले लिया है।

जोकोविच ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए यह जानकारी साझा की और सीजन के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में से एक से चूकने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने लिखा, मैं ट्यूरिन में प्रतिस्पर्धा करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए बहुत उत्सुक था, लेकिन एथेंस में आज के फ़ाइनल के बाद, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण नाम वापस लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा मैं प्रशंसकों से माफी चाहता हूँ जो मुझे खेलते हुए देखना चाहते थे।

सफलता

एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरुष रिकर्व क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया


# यशदीप ने कोरियाई तीरंदाजों को चौंकाया

**ढाका, एजेंसी**

यशदीप भोगे ने रविवार को यहां एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरुष रिकर्व क्वालीफिकेशन में कोरियाई तीरंदाजों को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि युवा अंशिका कुमारी ने भी महिला वर्ग में शीर्ष पांच में जगह बनाई।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभवहीन इस जोड़ी के शानदार प्रदर्शन ने भारत को टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। दूसरे स्थान पर होने के कारण भारत इस खेल की सबसे मजबूत टीम दक्षिण कोरिया के हाफ में नहीं है। दक्षिण कोरिया उम्मीद के मुताबिक पुरुष और महिला दोनों वर्गों में शीर्ष पर रहा।

भारतीय रिकर्व तीरंदाजी लंबे समय से असफलता का सामना कर रही है, टीम 2023 के सत्र में पुरुष वर्ग में पदक हासिल करने में नाकाम रही, जहां केवल महिला टीम ही कांस्य पदक हासिल कर सकी थी। भोगे और अंशिका के शानदार प्रदर्शन ने इस सप्ताह उस सूखे को खत्म करने की उम्मीदें फिर से जगा दी हैं। भारत को हालांकि शीर्ष तीरंदाजों में शामिल दीपिका और धीरज के टीम मुकाबलों से बाहर होने से झटका भी लगा। यह दोनों तीरंदाज देश के शीर्ष तीन तीरंदाज में जगह बनाने में नाकाम रहे।



जुलाई 2023 में चेंगदू 'समर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' में अंतरराष्ट्रीय स्तर पिछली बार प्रतिस्पर्धा करने वाले भोगे ने 720 में से 687 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया और अपनी वापसी को यादगार बनाया। वह सेओ मिंगी (681) और किम येचन (679) की कोरियाई जोड़ी को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उनके प्रयास ने भारत को कोरिया के बाद टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। दो बार के ओलंपियन, अतनु दास ने सातवें (668) जबकि राहुल 11वें स्थान पर रहे। इन तीनों ने धीरज बोम्मादेवरा (13वें; 665) को पछाड़कर पुरुष टीम लाइनअप पूरा किया। धीरज पेरिस ओलंपिक के बाद से संघर्ष करते रहे।

### महिला वर्ग में अंशिका का शानदार प्रदर्शन

महिला रिकर्व वर्ग में 25 वर्षीय बिहार की तीरंदाज अंशिका 660 अंकों के साथ शीर्ष भारतीय बनकर उभरीं और कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया। वह ओलंपियन अंकिता भक्त (नौवें; 655) और संगीता (11वें; 649) से आगे रही। चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, वह 649 अंकों के साथ 12वें स्थान पर रहीं और टीम कट से चूक गईं। कोरिया के तीरंदाजों ने शीर्ष तीन स्थान के साथ टीम में रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। कम्पाउंड वर्ग में हालांकि भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन को जारी रखा।